दैनिक नवप्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | आंचलिक 11 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, सोमवार 12 फरवरी 2024, वर्ष-9 अंक- 311 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आज बेबाक

आईएनडीआईए में शामिल घटक दल अगर अपनी अलग राह चुन रहे हैं तो इसमें हैरत वाली कोई बात नहीं है। डूबते हुए जहाज पर भला कौन बुडबक सवारी करना चाहेगा? नीतिश कुमार के पाला बदलने से बिहार का महागठबंधन तार-तार हो गया। अब जयंत चौधरी के एनडीए में आने से उत्तर प्रदेश के महागठबंधन की भी गांठे खुल गई है। इन दोनों ही राज्यों में महागठबंधन में पड़ी दरार से भले ही आईएनडीआईए को करारा झटका लगा हो लेकिन कांग्रेस जरूर खुश हुई होगी क्योंकि बिहार और उत्तरप्रदेश में अब उसे लोकसभा की ज्यादा सीटें मिल सकती है।

चुनाव के समय ही गांव, गरीब और किसान याद आते है कांग्रेस को : पीएम मोदी

■ मध्य प्रदेश को दी 7550 करोड़ की सौगात

झाबुआ/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकसभा चुनाव का बिगुल मध्यप्रदेश के झाबुआ से फूंका। पीएम मोदी ने आज झाबुआ में जनजातीय सम्मेलन को संबोधित किया और विपक्ष को जमकर लताड़ लगाई।

पीएम मोदी ने आज झाबुआ जिले को साढ़े सात हजार करोड़ रुपए के विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण किया। इन विकास कार्यों में सड़क, बिजली, रेल और जल से संबंधित कई परियोजनाएं शामिल है। पीएम मोदी ने आज लोकसभा चुनाव का शंखनाद करते हुए विपक्ष पर जमकर आरोप लगाए। वहीं पीएम मोदी ने कहा कि उनकी सरकार आदिवासी हितों के लिए काम कर रही है। जबकि विपक्षी कांग्रेस को गांव, गरीब और किसान याद आते हैं। कांग्रेस पर हमले किए, तो उन्होंने प्रदेश कांग्रेस की स्थिति पर तंज कसते हुए कहा, सुना है मध्यप्रदेश कांग्रेस में खूब भगदड़ मची है। जनता की उपेक्षा करने वालों का यही हश्र होता है। कांग्रेस जनता की उपेक्षा के दल दल में फसी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि राज्य की डबल इंजन की सरकार कार्य कर रही है। उन्होंने आज के लोकार्पित और शिलान्यास वाली योजनाओं के संदर्भ में कहा कि इससे सिर्फ झाबुआ और इसके ■ शेष पृष्ठ 6 पर

झाबुआ को मिलेगी ये सौगातें

- खरगोन में 170 करोड़ रुपए की लागत से स्थापित होने वाले टंट्या मामा भील विश्वविद्यालय की आधारशिला रखेंगे।
- प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के तहत 550 से अधिक गांवों के लिए राशि का ट्रांसफर करेंगे।
- एसटी वर्ग की दो लाख महिलाओं को आहार अनुदान की 1500 रुपए मासिक किस्त का वितरण।
- पीएम स्वामित्व योजना के 1.75 लाख लाभार्थियों को अधिकार अभिलेख का वितरण।
- झाबुआ में सीएम राइज स्कूल का शिलान्यास करेंगे।
- रतलाम व मेघनगर रेलवे स्टेशन के री-डेवलपमेंट की आधारशिला रखेंगे।
- धार-रतलाम के एक हजार से अधिक गांवों के लिए पेयजल आपूर्ति योजना का शुभारंभ।

हम जातिगत जनगणनना की बात करते है तो भाजपा विरोध करती है : राहुल

■ भारत जोड़ो न्याय यात्रा कोरबा से प्रारंभ होगी

रायगढ़/कोरबा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ पहुंची राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा रायगढ़ के दर्रामुंडा से प्रारंभ हुई। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने महात्मा गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर यात्रा प्रारंभ की। दर्रामुंडा से निकली यात्रा का जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया है। श्री गांधी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि जब हम जातीय जनगणना की बात करते है तो भाजपा इसका विरोध करती है। हमने नफरत के माहौल में मोहब्बत की दुकान खोली है। भाजपा सरकार बड़े लोगों को लाभ पहुंचाती है। अंबानी चाइना के साथ मिलकर मोबाइल बनाते हैं जिससे पैसा अंबानी और चाइना के जेब में जाता है। श्री गांधी ने कहा ऐसी कंपनी छत्तीसगढ़ में बने तो यहां के युवाओं ■ शेष पृष्ठ 6 पर

राहुल की यात्रा से पहले बवाल, फाड़े गए बैनर और पोस्टर

कोरबा में भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर जगह-जगह पर समर्थकों ने बैनर और पोस्टर लगाए थे, लेकिन उनके आगमन से पहले ही शहर के असामाजिक तत्वों ने उनके बैनर-पोस्टर को फाड़ दिया है। भारत जोड़ो न्याय यात्रा रायगढ़ से शुरू होकर कोरबा तक जाएगी। यहां पर उनके कार्यक्रम को लेकर कांग्रेस पार्टी की ओर से व्यापक तैयारी की गयी है। कोरबा में उनकी यात्रा को लेकर जगह-जगह पर समर्थकों ने बैनर और पोस्टर लगाए थे। लेकिन उनके आगमन से पहले ही शहर के असामाजिक तत्वों नें बैनर-पोस्टर को फाड़ा और वाल पेंटिंग से छेड़छाड़ की गई।

पाकिस्तान आम चुनाव परिणाम किसी भी पार्टी को बहुमत नहीं

इस्लामाबाद, (वार्ता)। पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) ने रविवार को आठ फरवरी को हुये देश के आम चुनाव 2024 के पूर्ण परिणामों की घोषणा की। नेशनल असेंबली के लिए घोषित चुनाव परिणामों के अनुसार, स्वतंत्र उम्मीदवारों को 101 सीटें मिलीं, पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की पाकिस्तान मुस्लिम लीग(नवाज) को 75 सीटें और पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी की पार्टी पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी को 54 सीटें मिलीं हैं। सूत्रों के अनुसार किसी भी राजनीतिक दल को बहुमत नहीं मिलने से सरकार बनाने की स्थिति फिलहाल साफ नहीं हो पायी है।

अमेरिकी दूतावास को मिली बम से उड़ने की धमकी

मुंबई (ए.)। अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के दफ्तर को उड़ाने और वहां पर काम करने वाले सभी अमेरिकी लोगों को मौत की नींद सुला देने की धमकी मिली है। उसके बाद से दूतावास की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। आर्थिक राजधानी मुंबई के कुर्ला स्थित अमेरिकी वाणिज्य दूतावास को उड़ाने की धमकी देते हुए अल्टीमेटम देने वाले ने खुद को अमेरिकी नागरिक होना बताया है। मुंबई के बांद्रा कुर्ला कांपलेक्स इलाके में स्थित अमेरिकी वाणिज्य दूतावास को बम से उड़ाने की धमकी दिए जाने की जानकारी के बाद पुलिस मामले की जानकारी में जुट गई है। धमकी rkgtrading777@gamil.com ईमेल के माध्यम से दी गई है। मेल भेजने वाले व्यक्ति ने खुद को अमेरिकी नागरिक होने का दावा करते हुए कहा है कि वह अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के दफ्तर को उड़ा देगा।

50 लाख की चरस के साथ यूपी के दो तस्कर गिरफ्तार

चंपावत/नैनीताल, (वार्ता)। उत्तराखंड की चंपावत पुलिस ने भारत-नेपाल सीमा पर तस्करी कर ले जायी जा रही 50 लाख रुपये की चरस के साथ उत्तर प्रदेश के दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपी से बरामद चरस नेपाल से तस्करी कर ला रहे थे। मिली जानकारी के अनुसार बनबसा पुलिस, विशेष अभियान समूह (एसओजी) और मादक द्रव्य निरोधक बल (एएनटीएफ) की ओर से शनिवार को टनकपुर-चंपावत राष्ट्रीय राजमार्ग पर कमलपथ के पास वाहनों की जांच को लेकर सघन अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान तस्कर पकड़े गए।

तस्करी के लिए बनाई गई थी चेसिस : जांच के दौरान टीम ने कार यूके 07, ए-4 1771 की जांच की तो उसमें से कुछ महक आ रही थी। पुलिस ने कार की बारीकी से जांच की तो बेहद चौंकाने वाला खुलासा हुआ। तस्करों ने तस्करी के लिये कार के चेसिस के नीचे वाले केबिन को विशेष रूप से तस्करी के लिये तैयार किया था।

25 किलो का मिला पैकेट: पुलिस ने केबिन से अलग-अलग पैकेटों में रखा 15 किलो से अधिक चरस बरामद किया। इसके अलावा एक अन्य बैग से भी 10 किलो चरस बरामद हुआ।

जिसने चलना सिखाया उन्हीं का अपमान.. सहता रहा घूंट पीकर

'मैं नरेंद्र मोदी जी के साथ हूं और मोदी जी देश के साथ हैं : आचार्य प्रमोद कृष्णम

■ कांग्रेस से निष्कासित आचार्य प्रमोद कृष्णम ने बयां की सालों का दर्द



नई दिल्ली (ए.)। कांग्रेस से निष्कासित नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने रविवार को अपने भविष्य की योजना का संकेत दिया। यूपी के संभल में मीडिया से बात करते हुए उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे उनको अपना नेता मानते हैं। उन्होंने साफतौर पर कहा 'मैं नरेंद्र मोदी जी के साथ हूं और मोदी जी देश के साथ हैं।'

बीजेपी में शामिल होने के सवाल पर उन्होंने कहा, मुझे नहीं पता कि मैं कहां जाऊंगा। मुझे भगवान पर भरोसा है, जहां भगवान मुझे ले जाएंगे, मैं वहां जाऊंगा। मैं नरेंद्र मोदी जी के साथ हूं और मोदी जी देश के साथ हैं।

आचार्य ने आजीवन मोदी जी के साथ खड़े रहने का लिया संकल्प

आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कांग्रेस से निकाले जाने पर कहा कि हर नेता मुझसे पूछ रहा है कि आचार्य प्रमोद कृष्णम की गलती क्या थी? उन्होंने कहा कि वे लंबे समय से अपमान झेल रहे थे, लेकिन वे पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को दिए वचन से बंधे थे। उन्होंने कहा, 16-17 साल की उम्र में मैंने जो वचन राजीव गांधी को दिया था वो आज तक ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कांग्रेस का बढ़ता टेंशन- मोदी सरकार की सराहना कर चिदंबरम ने चौंकाया

नई दिल्ली, (एजेंसी)। राम मंदिर का समर्थन करने के अलावा अन्य मुद्दों को लेकर कांग्रेस को नसीहत देने वाले आचार्य प्रमोद कृष्णम को पार्टी से बाहर कर कांग्रेस अभी पूरी तरह से टेंशन मुक्त नहीं हो पाई थी, कि अब वित्त मंत्री रहे बीच चिदंबरम ने मोदी सरकार की सराहना कर सभी को बुरी तरह चौंका दिया है।

कांग्रेस के लिए टेंशन वाली बात यह है कि पी चिदंबरम ने कहा है कि मोदी सरकार की सराहना करने में मुझे कोई दिक्कत नहीं है। रविवार को कांग्रेस पार्टी के दिग्गज नेता एवं सांसद तथा देश के वित्त मंत्री रहे पी चिदंबरम ने केंद्र की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार की तारीफ की। ऐसा कर उन्होंने सभी को चौंका दिया है।

कुछ लागू करने से पहले मोदी योजना पर करते हैं काम: वित्त मंत्री ने कहा है कि नरेंद्र मोदी सरकार को अगर कुछ लागू करना होता है तो उसे पूरी तरह योजनाबद्ध तरीके से अच्छी तरह लागू करती है। पूर्व वित्त मंत्री ने इस बात को स्वीकार करते हुए कहा है कि यह कहने में ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मांदर की थाप पर सीएम विष्णुदेव साय भी झूमे

■ जशपुर में ढोल लटकाकर कलाकारों संग नृत्य किए, कहा- अपना अतीत नहीं भूले

जशपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के जशपुर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मांदर की थाप पर जमकर थिरके। लोक कलाकारों को नृत्य करता देख वे खुद को रोक नहीं पाए। मंच से उठकर मांदर गले में डाल लिया और उसे बजाते हुए नाचने लगे। सीएम साय यहां एक निजी चैनल के कार्यक्रम में पहुंचे थे।

गृह ग्राम बगिया में शनिवार रात हुए कार्यक्रम में आदिवासी लोक नृत्य में आकर्षक वेशभूषा में मांदर की थाप पर थिरक रहे थे। कर्मा नृत्य कर रहे इन कलाकारों ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया तो सीएम खुद को रोक नहीं पाए। वे मंच पर पहुंच गए और कलाकारों की तरह नाचने लगे।

अतीत को संजोए रखा है

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि वे अपने अतीत को भूले नहीं हैं। पक्का मकान होने पर पुराने मकान को तोड़ा नहीं है। उसे संजो कर रखा है। उन्होंने कहा कि पारिवारिक जिम्मेदारी के कारण खेल नहीं पाया, लेकिन हॉकी, फुटबॉल खेला। उन्होंने कहा कि जशपुर में निशानेबाजी को प्राथमिकता दी जाएगी।

खेती में दिलचस्पी

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि उनकी खेती में काफी दिलचस्पी है। इस बार हमने समर्थन मूल्य पर 144 लाख मीट्रिक टन धान की ऐतिहासिक खरीदी की है। किसानों को धान के मूल्य की अंतर राशि 917 रुपए प्रति क्विंटल के मान से जल्द दी जाएगी। खेती-किसानी को बेहतर बनाने के लिए सिंचाई के साधनों का भरपूर उपयोग किया जाएगा।

बिहार में सियासी हलचल तेज
तेजस्वी आवास पर ठहराए गए विधायक

जेडीयू आज बुलाएगी बैठक

पटना (ए.)। बिहार में अहम शक्ति परीक्षण से पहले राजनीतिक तनाव बढ़ गया है। जेडीयू ने विधायकों को मौजूद रहने के लिए व्हिप जारी किया है। राजद विधायक शनिवार की रात से तेजस्वी यादव के घर में मौजूद हैं। दलबदल की आशंका के बीच कांग्रेस ने भी अपने विधायकों को हैदराबाद भेज दिया है। बिहार में सोमवार 12 परवरी को नीतीश कुमार की अगुवाई वाली एनडीए सरकार को सदन में विश्वास मत साबित करना है।

इस फ्लोर टेस्ट से पहले बिहार में राजनीतिक तनाव बढ़ रहा है। राज्य की सभी पार्टियां अपने-अपने विधायकों को पाले में रखने की हर संभव कोशिश करती नजर आ रही है। शनिवार की रात राष्ट्रीय जनता दल नेता तेजस्वी के आवास पर पार्टी के सभी विधायक पहुंचे। विधायकों को रात में रुकने के लिए 100 से अधिक खाट की व्यवस्था की गई। सोमवार को होने वाले फ्लोर टेस्ट तक आरजाडी के नेताओं को तेजस्वी के घर पर ही रखा जाएगा। वहीं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जेडीयू विधायकों के लिए व्हीप जारी किया है।

गाजा पर इजरायली बमबारी में 25 फिलिस्तीनियों की गई जान

गाजा (वार्ता)। दक्षिणी गाजा पट्टी के शहर राफा में रविवार को एक घर पर हुए इजरायली बमबारी में कम से कम 25 फिलिस्तीनी मारे गए। आधिकारिक फिलिस्तीनी समाचार एजेंसी डब्ल्यूएएफए ने आज यह जानकारी दी।

रिपोर्ट में कहा गया है कि बमबारी के समय कई विस्थापित लोग घर में रह रहे थे जिनमें से कम से कम 25 लोगों की मौत हो गयी और 12 से अधिक घायल हो गए।

राफा के मेयर अहमद अल-सूफी ने चेतावनी दी ,÷राफा में हाल के घंटों में इजरायली बमबारी बढ़ गई है, जिससे शहर में सैन्य अभियान का रास्ता साफ हो गया है।

हमास की ओर से संचालित सरकारी मीडिया कार्यालय ने भी चेतावनी दी कि अगर इजरायल ने राफा में सैन्य अभियान चलाया तो 'वैश्विक तबाही' होगी। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

उपलब्धि... राजनांदगांव जिले में डोंगरगढ़ मार्ग पर ग्राम ढ़ाबा के आस-पास पहाड़ी क्षेत्र में स्थापित किया गया है प्लांट

छत्तीसगढ़ में देश का पहला सबसे बड़ा बैटरी एनर्जी स्टोरेज, प्रतिदिन 5 लाख यूनिट बिजली का उत्पादन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की एक और उपलब्धि जुड़ने वाली है। यहां सौर ऊर्जा के क्षेत्र में देश का सबसे बड़ा, बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम आधारित सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना की गई है। इससे प्रतिदिन 5 लाख यूनिट से अधिक बिजली का उत्पादन होगा। वहीं लगभग 4.5 लाख मीट्रिक टन कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी, इससे हरित ऊर्जा को प्रोत्साहन मिलेगा।

छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले में डोंगरगढ़ रोड पर ग्राम ढ़ाबा के आस-पास के 4-5 गांव के पहाड़ी क्षेत्र में स्थापित किया गया है। संयंत्र के साथ स्थापित बैटरी सिस्टम के माध्यम से रात्रि में भी बिजली प्रदाय की सुविधा रहेगी।

क्रेडा की बड़ी उपलब्धि : क्रेडा द्वारा राजनांदगांव में ऑनग्रिड सोलर पावर प्लांट स्थापना का कार्य सोलर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (सेकी) एवं छत्तीसगढ़ पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी को सौंपा गया। इस कंपनी द्वारा 01 फरवरी 2024 को संयंत्र स्थापना कार्य पूर्ण कर कार्यशील किया गया। यह देश का पहला ऑनग्रिड सोलर सिस्टम है, जिसमें 100 मेगावॉट का सोलर संयंत्र स्थापित किया गया है।

960 करोड़ से 660 वॉट क्षमता की बिजली : इस प्लांट की प्रमुख विशेषता यह है कि इसमें 660 वॉट क्षमता के कुल 2 लाख 39 हजार बाईफेसियल सोलर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

5 लाख यूनिट से अधिक प्रतिदिन

इस पार्क के माध्यम से प्रति दिन लगभग 5 लाख यूनिट से अधिक बिजली का उत्पादन किया जा रहा है, जिससे लगभग 4.5 लाख मीट्रिक टन कार्बन उत्सर्जन में कमी आ रही है एवं हरित ऊर्जा को प्रोत्साहन मिल रहा है। सौर ऊर्जा के क्षेत्र में यह परियोजना देश एवं प्रदेश में उत्कृष्ट मॉडल के रूप में देखा जाएगा। साथ ही ऐसे अनेक परियोजनाओं पर क्रेडा द्वारा कार्य किया जा रहा है।

2016 में हुई थी योजना की शुरूआत

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राजनांदगांव जिले के बैरन पहाड़ी क्षेत्र के उत्तम उपयोग की दृष्टिकोण से देश एवं प्रदेश के प्रथम सोलर पार्क की स्थापना का निर्णय लिया गया। शासन की इस महत्वाकांक्षी योजना का प्रारंभ वर्ष 2016 में हुआ।

तेजस्वी ने सारे आरजेडी विधायकों को किया नजरबंद; जेडीयू के लंच में नहीं पहुंचे 5 एमएलए

पटना। कल का दिन बिहार और नीतीश कुमार की सरकार के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। इस दिन एनडीए सरकार का फ्लोर टेस्ट होना है। इस दिन अगर नीतीश कुमार की सरकार को बहुमत नहीं मिला तो एक बार फिर से सियासी भूचाल आना तय है।

बता दें कि बिहार विधानसभा में बहुमत का आंकड़ा 122 है। नीतीश कुमार ने राज्यपाल को 128 विधायकों के समर्थन का पत्र सौंपा था। वहीं महागठबंधन के पास 115 विधायक हैं। एक तरफ एनडीए के पास बहुमत से केवल 6 विधायक ज्यादा हैं तो महागठबंधन के पास बहुमत से केवल 7 विधायक कम हैं। सारा खेल इन्हीं 6 और सात विधायकों के बीच चल रहा है। इस खेल को बल शनिवार को राजधानी पटना में हुई कुछ सियासी हरकतों ने और भी बल दिया।

पटना में बहुत कुछ हुआ। आरजेडी ने अपने सभी विधायकों को पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के आवास 5 देश रत्न आवास पर रोक लिया है।

अब सोमवार 12 फरवरी तक ये सभी विधायक यहीं रहेंगे। शनिवार को तेजस्वी के आवास पर विधायकों की तीन घंटे तक मीटिंग चली। इसके बाद सभी विधायकों के आवास से उनके कपड़े समेत बाकी का जरुरी सामान मंगवा लिया गया। वहीं इससे पहले दिन में जेडीयू के खेमे में भी काफी कुछ घटा। नीतीश सरकार में मंत्री श्रवण कुमार के आवास पर विधायकों के लिए भोज रखा गया। इस भोज में सभी जेडीयू विधायकों को पहुंचना था। नीतीश कुमार को भी आना था और वह आए भी। लेकिन वहां उन्होंने जो कुछ देखा, वह देखकर वह नाराज हो गए और चंद मिनट रुकने के बाद बिना कुछ खाए वह वहां से रवाना हो गए। बताया जा रहा है कि इस भोज में जेडीयू के कई विधायक पहुंचे ही नहीं और इसी बात से नीतीश कुमार नाराज हो गए।

वहीं इसी बीच बलरामपुर से माले विधायक महबूब आलम और सीवान के दरौली से माले विधायक सत्यदेव राम ने जीतन राम मांझी से मुलाकात की। माना जा रहा है कि लालू प्रसाद ने मांझी को मनाने के लिए माले विधायक को दूत बनाकर भेजा है। हालांकि दोनों विधायकों ने कहा कि इस तरह की किसी भी तरह की बातचीत मे हम लोग शामिल नहीं हैं। हमलोगों की व्यक्तिगत मुलाक़ात थी। इस मुलाकात के बाद मीडिया से बात करते हुए जीतन राम मांझी ने भी कहा, मेरे लिए कोई सत्ता की कुर्सी मायने नहीं रखती। उन्होंने कहा कि मैं गरीब ज़रूर हूं पर कुर्सी के लालच में किसी को धोखा नहीं दे सकता। HAM मोदी के साथ थे, HAM मोदी के साथ हैं और रहेंगे।

न्यूज गैलरी

एनसीवीईटी ने एजुकेशन टेक प्लेटफॉर्म हायरमी को दी मान्यता

नई दिल्ली। कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) द्वारा स्थापित राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण परिषद (एनसीवीईटी) ने टैलेंट असेसमेंट और टेक्नोलॉजी प्लेटफॉर्म हायरमी को उभरती टेक्नोलॉजी के लिए एक रिकॉग्नाइज्ड एजेंसी के रूप में मान्यता दी है।

वोकेशनल एजुकेशन और ट्रेनिंग के लिए गुणवत्ता मानक नियामक एनसीवीईटी द्वारा मान्य बेंगलुरु स्थित एडटेक प्लेटफॉर्म को नेशनल स्किल्स क्वालिफिकेशन फ्रेमवर्क (एनएसक्यूएफ) संरेखित योग्यता पर उम्मीदवारों का आकलन करने की अनुमति देती है। हायरमी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और प्रमुख वेंकटरमन उमाकांत ने कहा, 250 अरब डॉलर के मजबूत भारतीय आईटी-आईटीईएस इंडस्ट्री को सशक्त बनाने में लगे 5 मिलियन लोगों को प्रासंगिक बने रहने के लिए उभरती टेक्नोलॉजी में लगातार ट्रेनिंग की आवश्यकता है। एनसीवीईटी-मान्यता प्राप्त असेसमेंट एजेंसी के रूप में, हायरमी इंडस्ट्री की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए तैयार है। यह मान्यता आईटी और नॉन-आईटी क्षेत्रों में एआई-संचालित असेसमेंट की पेशकश में हायरमी की क्षमताओं के मूल्यांकन की प्रक्रिया का पालन करती है। कंपनी के असेसमेंट प्लेटफॉर्म का व्यापक रूप से देश भर के कई कॉर्पोरेट्स, मध्य-पूर्व और अमेरिका में टैलेंट एक्विजिशन और मैनेजमेंट और एकेडमिक इंस्टीट्यूशन के लिए उपयोग किया जाता है और इसने लगभग 3 मिलियन असेसमेंट्स दिए हैं।

कश्मीर में सर्द रातें, जम्मू में पारा सामान्य से नीचे

श्रीनगर। कश्मीर घाटी में रात के समय भीषण ठंड जारी है और रविवार को जम्मू में रात का न्यूनतम तापमान सामान्य से नीचे रहा। मौसम विभाग ने कहा कि आज श्रीनगर में न्यूनतम तापमान माइनस 4.7, गुलमर्ग में माइनस 6.5 और पहलगाम में माइनस 7.9 डिग्री सेल्सियस रहा। लद्दाख क्षेत्र के लेह शहर में न्यूनतम तापमान माइनस 14.1 और कारगिल में माइनस 19.7 डिग्री सेल्सियस रहा। जम्मू शहर में न्यूनतम तापमान 7.8, कटरा में 6.6, बटोट में माइनस 0.3, भदरवाह में माइनस 0.6 और बनिहाल में 4.2 डिग्री सेल्सियस रहा।

लुटेरा गिरोह का पर्दाफाश हथियारों सहित 5 गिरफ्तार

राजपुरा। राजपुरा पुलिस ने अंतर राज्यीय लुटेरा गिरोह का पर्दाफाश कर पांच आरोपितों को काबू किया है। आरोपितों से तीन पिस्तौल, मैगजीन के अलावा जाली नंबर वाली कार भी बरामद की है। आरोपितों की पहचान दिल्ली निवासी प्रिंस नागी, राजन बिष्ट, आरिफ बली उर्फ आरिफ, विक्की, मोहम्मद साहिल के रूप में हुई है। आरोपितों पर अलग-अलग स्थानों पर करीब बीस केस दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। आरोपित नेशनल हाईवे पर लूट की वारदातों को अंजाम देते थे। यह गैंग जालंधर व लुधियाना में लूट की वारदातों को अंजाम देने वाले थे। आरोपितों की पंजाब, दिल्ली व हरियाणा पुलिस को लंबे समय से तलाश थी। यह उत्तर भारत के प्रदेशों में हाईवे पर लोगों को अपना शिकार बनाता था। इस गिरोह के पांच सदस्यों को पटियाला के राजपुरा हाईवे से शुक्रवार रात गिरफ्तार किया गया। इस संबंधी एसपी योगेश शर्मा ने बताया कि राजपुरा के डीएसपी विक्रमजीम सिंह बराड़ के नेतृत्व में सिटी राजपुरा थाना के एसएचओ प्रिंसप्रीत सिंह भट्टी ने छीनाझपटी की वारदात को अंजाम देने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए पांच लोगों को गिरफ्तार किया।

भीड़ में घुसे दूध के टैंकर ने 20 लोगों को रौंदा

गंगटोक। सिक्किम में तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला है। राज्य के गंगटोक जिले के रानीपूल में बीती शाम एक तम्बोला कार्यक्रम में ट्रक के अचानक घुस जाने से तीन लोगों की मौत हो गई। ट्रक के दुर्घटनाग्रस्त होने से 20 लोग घायल भी हो गए, जिन्हें मणिपाल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

गंगटोक के जिला मजिस्ट्रेट तुषार निखारे ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि शनिवार शाम करीब 7 बजकर 30 मिनट पर रानीपुर में तंबोला कार्यक्रम चल रहा था। तभी कार्यक्रम में एक दूध का टैंकर घुस गया, जिससे 3 लोगों की मौत हो गई और करीब 20 मरीजों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल, सभी निगरानी में हैं। डीएम तुषार ने कहा कि मरीजों पर पूरा चिकित्सा ध्यान दिया जा रहा है। डीएम ने कहा कि उम्मीद है कि हम मौत की संख्या में वृद्धि नहीं होने देंगे। सिक्किम सरकार ने मृतकों के परिजनों के लिए 5 लाख के मुआवजे का ऐलान किया है।

तमिलनाडु के राजस्व अधिकारियों ने तिरुपुर में 'अस्पृश्यता दीवार' के हिस्से को किया ध्वस्त

चेन्नई। तमिलनाडु में तिरुपुर जिला प्रशासन ने जिले के दो इलाकों के बीच स्थित एक दीवार के एक हिस्से को ध्वस्त कर दिया। दीवार शनिवार को ढहा दी गई, जिसे आमतौर पर 'अस्पृश्यता दीवार' के रूप में जाना जाता है। यह एक आवासीय क्षेत्र में दो जातियों के लोगों को अलग करती है। दीवार का बचा हुआ हिस्सा सोमवार और मंगलवार को तोड़ा जाएगा। इससे करीब 60 दलित परिवारों को आम रास्ते से गुजरने में मदद मिलेगी। सेवुर गांव अविनाशी में अनुसूचित जाति के लोगों द्वारा बसा हुआ देविन्द्र नगर, दीवार द्वारा वीआईपी नगर से अलग किया गया है। दोनों क्षेत्रों को अलग करने वाली 'अस्पृश्यता' की दीवार लंबे समय से अनुसूचित जाति समुदाय के लिए चिंता का विषय रही है। तमिलनाडु अस्पृश्यता उन्मूलन मोर्चा (टीयूईएफ) जैसे सामाजिक संगठन इस प्रथा के खिलाफ मुखर अभियान चला रहे हैं। टीयूईएफ के तिरुपुर जिला सचिव, सी.के. कनगराज ने कहा कि यह मुद्दा पिछले 16 वर्षों से क्षेत्र में चल

रहा है और संगठन (टीयूईएफ) अस्पृश्यता की दीवार को हटाने में सबसे आगे रहा है। उन्होंने दीवार का एक हिस्सा गिराए जाने का स्वागत किया और कहा कि यह सही दिशा में उठाया गया सही कदम है। देविन्द्र नगर की ग्रामीण मल्लिका, जो अनुसूचित समुदाय से हैं, ने आईएएनएस को बताया, अधिकारियों का एक समूह शनिवार दोपहर को आया और अस्पृश्यता की दीवार के एक हिस्से को ध्वस्त कर दिया, जो हमारे लिए लंबे समय से परेशानी बनी हुई थी। उन्होंने आगे कहा, अब हम काफी राहत महसूस कर रहे हैं।

हालांकि, वीआईपी रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के अधिकारियों ने कहा कि सोमवार को दोनों आवासीय क्षेत्रों के बीच एक शांति बैठक निर्धारित थी और राजस्व अधिकारियों ने दीवार के एक हिस्से को ध्वस्त कर जल्दबाजी की है।

समान नागरिक संहिता विधेयक पर अभी कोई फैसला नहीं : जयंत

गुवाहाटी। असम के कैबिनेट मंत्री जयंत मल्लबरुआ ने कहा कि विधानसभा में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक पेश करने को लेकर कैबिनेट की बैठक में कोई निर्णय नहीं लिया गया।

उन्होंने संवाददाताओं से कहा, कैबिनेट की बैठक में कई चीजों पर चर्चा हुई। कुछ ऐसे मामले सामने आए, जो बैठक की एजेंडा सूची में नहीं थे। लेकिन राज्य में यूसीसी पर विधेयक लाने के बारे में कोई निर्णय नहीं लिया गया। मल्लबरुआ ने कहा, मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने यूसीसी और बहुविवाह पर प्रतिबंध के बारेमें अपना रुख पहले ही साफ कर दिया है। बहुविवाह प्रतिबंध से संबंधित एक विधेयक जल्द ही विधानसभा में पेश किया जाएगा।

'गद्दारों को गोली मारो', BJP नेता केएस ईश्वरप्पा के खिलाफ FIR दर्ज

बेंगलुरु। कर्नाटक में भाजपा नेता केएस ईश्वरप्पा की 'गद्दारों को गोली मारो' वाली टिप्पणी पर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। बीजेपी नेता की टिप्पणी के खिलाफ सिद्धारमैया के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज (स्वद्धक्र) दर्ज की है।

एफआईआर दर्ज होने के बाद ईश्वरप्पा ने कहा कि वो ऐसे मामलों से डरते नहीं हैं। यह पूरा विवाद गुरुवार को उस वक्त शुरू हुआ, जब दावणगेरे में एक कार्यक्रम में पूर्व मंत्री ईश्वरप्पा ने कहा, मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अपील करना चाहता हूं कि वे दो गद्दारों - डीके सुरेश और विनय कुलकर्णी को गोली मारने के लिए एक कानून लाएं, जो दक्षिण भारत को एक अलग देश बनाना चाहते हैं। ईश्वरप्पा की इस टिप्पणी के बाद इलाके के निवासी हनुमनथप्पा (36) की शिकायत के आधार पर दावणगेरे एक्सटेंशन पुलिस स्टेशन ने मामला दर्ज किया था। अपने खिलाफ एफआईआर पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए ईश्वरप्पा ने शिवमोग्गा में मीडिया कर्मियों से कहा कि वह इस तरह की एफआईआर से नहीं डरते। उन्होंने कहा, मैं राष्ट्रवाद और हिंदुत्व से जुड़े सिद्धांतों पर अपने खिलाफ 100 ऐसी एफआईआर से नहीं डरता। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने शुक्रवार को कहा कि भाजपा नेता के बयान के लिए उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी, जिसके बाद प्राथमिकी दर्ज की गई। सिद्धारमैया ने इस बात पर भी आश्चर्य जताया कि क्या यह एक राष्ट्रीय पार्टी से जुड़े नेता की भाषा है। यह दावा करते हुए कि दक्षिणी राज्यों से एकत्र किए गए करों को उत्तर भारत में वितरित किया जा रहा था।

कांग्रेस सांसद और कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार के भाई सुरेश ने 1 फरवरी को कहा था कि दक्षिणी राज्य एक अलग राष्ट्र की मांग करने के लिए मजबूर हो जाएंगे। अगर इस अन्याय को नहीं सुधारा गया।

डॉ. फलेविया को 'डॉ. असगर अली लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड'

उदयपुर(वार्ता)। सेन्ट्रल बोर्ड ऑफ दाऊदी बोहरा समुदाय द्वारा प्रदान किया जाने वाला प्रतिष्ठित अवार्ड 'डॉ. असगर अली इंजीनियर लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड' मुम्बई हाईकोर्ट की वकील एवं महिला कार्यकर्ता डॉ. फलेविया एग्निस को प्रदान किया गया है। दाऊदी बोहरा समुदाय के चेयरमेन कमाण्डर मंसूर अली बोहरा ने बताया कि महाराणा कुंभा संगीत सभागार में शनिवार शाम को आयोजित समारोह में डॉ. फ्लेविया एग्निस को यह अवार्ड प्रदान किया गया।

इस अवसर पर डॉ. एग्निस ने 'महिला अधिकार आन्दोलन एवं न्यायिक सुधार' विषय पर भी अपने विचार व्यक्त किये। वहीं स्वयं की आपबीती और जीवन संघर्ष को साझा किया। उन्होंने बताया कि उन्होंने स्वयं घरेलू हिंसा की त्रासदी झेली है।इससे पूर्व यह अवार्ड मलयाली साहित्यकार के

पी रमानुन्नी, रिटायर्ड जस्टिस होस्बेट सुरेश और उर्दू साहित्यकार अब्दुस सत्तार दलवी को दिया जा चुका है। बोहरा ने बताया कि सेंट्रल बोर्ड ऑफ दाउदी बोहरा कम्युनिटी, बोहरा यूथ संस्थान, इंस्टीट्यूट ऑफ इस्लामिक स्टडीज और सेंटर फॉर स्टडी ऑफ सोसायटी एण्ड सेक्युलरिज्म की ओर से डॉ. असगर अली इंजीनियर लाईफ टाईम अचीवमेंट अवार्ड समाज सेवा, मानवाधिकार, सामाजिक एवं साम्प्रदायिक सौहार्द्र के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वालों को प्रतिवर्ष प्रदान किया जाता है।

उत्तरप्रदेश में राहुल की यात्रा पुनर्निर्धारित और छोटी की गई

लखनऊ। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के उत्तर प्रदेश चरण को यूपी बोर्ड परीक्षाओं के कारण पुनर्निर्धारित और छोटा कर दिया गया है। यूपीसीसी प्रमुख अजय राय ने कहा कि यात्रा अब 14 फरवरी के बजाय 16 फरवरी को यूपी में प्रवेश करेगी और 27/28 फरवरी की पूर्व योजना के बजाय 22/23 फरवरी को समाप्त होगी। यात्रा पश्चिमी उत्तर प्रदेश को छोड़ कर बुन्देलखंड की ओर जाएगी। एक संशोधित योजना शीघ्र ही जारी की जाएगी, यह चंदौली से लखनऊ तक अपने प्राथमिक यात्रा कार्यक्रम के साथ जारी रहेगी। चंदौली में प्रवेश करने के बाद, यात्रा वाराणसी की ओर जाएगी और अमेठी में प्रवेश करने से पहले भदोही, प्रयागराज और प्रतापगढ़ से होकर गुजरेगी।

नदियों के किनारे शराब तस्करो का अड्डा, बनाया 'सेफ जोन'

पटना। ऐसे तो अब तक आपने बिहार के गंगा, गंडक, सोन नदियों के तटों पर तरबूज, ललमी, खीरा, ककड़ी और हरी सब्जियों की खेती लहलहाने की चर्चा सुनी होगी लेकिन अब ट्रेंड बदल गया है। अब इन बड़ी नदियों के तटों पर न केवल शराब की भट्टियां सुलग रही हैं।

बल्कि शराब के गोदाम भी बनाए जा रहे हैं। बताया जाता है कि बिहार की बड़ी नदियों के चौड़े तटों पर बालू की उपस्थिति अब शराब तस्करों के लिए सेफ जोन बना हुआ है। वैसे भी जब सड़कों से लेकर पगडंडियों तक शराब के तस्करों को पकड़ने के लिए जब पुलिस ने पहरा बैठा दिया तो तस्करों ने नदियों के रास्ते को ही तस्करी के लिए अपना ठिकाना बना लिया। कहा जाता है कि अब मछुआरे भी इस तस्करी के कामों को

अपनाने लगे हैं। हाल की घटनाओं में नावों और नदियों के तटों से शराब की बरामदगी और तस्करों का नहीं पकड़ा जाना इसकी तस्दीक करते हैं। माना जाता है दियारा का क्षेत्र ऐसे भी दुर्गम इलाका है जहां पुलिस भी जल्दी नहीं जाना चाहती है। ऐसे में कई इलाकों में शराब की भट्ठियां सुलगती हैं और महुआ से शराब बनाई जाती है। बताया जाता है कि शराब बनाने के बाद बालू में गड्ढा खोदकर इसे ड्रम में रख कर छिपा दिया जाता है। कैमूर, बक्सर, रोहतास, गोपालगंज जैसे कई सीमावर्ती जिले हैं जहां तस्कर अब नदियों को अपना ठिकाना बना रहे हैं। बिहार का बक्सर जिला उत्तर प्रदेश की सीमा से सटा हुआ है। गंगा नदी के उस पार यूपी का बलिया जिला तो इस पार बक्सर है। ऐसे में शराब पीने वाले अक्सर बलिया चले जाते हैं। बलिया से शराब खरीदकर बक्सर लाने वाले कई शराब तस्करों को पुलिस ने पकड़ा है। ऐसी ही स्थिति गोपालगंज जिले में भी है जहां सड़क मार्ग पर चेक पोस्ट बना दिए गए हैं। बताया जाता है कि रात में तस्कर यूपी से नाव के जरिए आसानी से शराब लेकर बिहार पहुंच जाते हैं और फिर गंडक नदी के तट पर बालू के अंदर छिपा देते हैं।

हल्दवानी घटना पर हो सख्त कार्रवाई-साक्षी महाराज

बागपत। उन्नाव के सांसद साक्षी महाराज ने उत्तराखंड के हल्द्वानी घटना पर कहा है कि पहले देश में लव जिहाद पर कार्रवाई हो रही थी, अब सरकार लैंड जिहाद पर कार्रवाई कर रही है। साक्षी दिल्ली से पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रमोद काठा की बेटी की शादी समारोह में शामिल होने बागपत पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से कहा कि रालोद और बीजेपी के गठबंधन होने पर जंयत चौधरी की पार्टी को अमृत मिलेगा। उसके सुखद परिणाम देखने को मिलेंगे। सांसद साक्षी महाराज ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री और किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न मिलने से यह सम्मान केवल जाट समुदाय के लिए नहीं, बल्कि संपूर्ण

किसानों पर बड़ा प्रभाव होगा। जनता राष्ट्रवाद के रास्ते पर चल पड़ी है। इसका परिणाम ये होगा कि पश्चिम उत्तर प्रदेश की सभी सीट राष्ट्रीय लोकदल और भारतीय जनता पार्टी दोनों मिलकर जीतेंगे। साक्षी महाराज ने हल्द्वानी में अतिक्रमण हटाने के दौरान हुई हिंसा को लेकर कहा कि जिस तरीके से पहले लव जिहाद चलता था, ठीक उसी तरह अब लैंड जिहाद चल रहा है।

उन्होंने आगे कहा कि यह बीमारी बहुत पुरानी है। लैंड जेहाद के खिलाफ कार्रवाई करेंगे तो दर्द तो होगा ही लेकिन, ऐसी घटनाओं से बचना चाहिए। इस तरह की घटनाओं को नियंत्रित करने के लिए सख्त कदम उठाने होंगे।

एयरपोर्ट पर टैक्सीवे से भटका IndiGo का विमान, कुछ देर के लिए ब्लॉक हुआ रनवे

नई दिल्ली। दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रविवार को एक विमान के लैंड होने के ठीक बाद टैक्सीवे भटक जाने से परेशानी खड़ी हो गई।

इससे हवाई अड्डे का एक रनवे करीब 15 मिनट तक ब्लॉक रहा। यह विमान अमृतसर से दिल्ली आया था। उड़ान संख्या 6E 2221 के रूप में ऑपरेट हो रहा A320 विमान तय टैक्सीवे से चूकने के बाद अनजाने में रनवे 28/10 के अंतिम छोर पर चला गया। घटना से उड़ान संचालन पर असर पड़ा।

रनवे पर कुछ देर के पहुंचना संभव नहीं था। घटना के बाद

विमान को रनवे के बंद छोर से एक तय पार्किंग बे में ले जाने के लिए एक इंडिगो टोइंग वैन को भेजा गया।

जिससे हवाई अड्डे पर विमानों का संचालन फिर से शुरू हो सका।

क्या होता है टैक्सीवे

टैक्सीवे वे रास्ते हैं जो रनवे के अंत तक ले जाते हैं। टेक-ऑफ के लिए सक्रिय रनवे के सही छोर पर पहुंचने के लिए या लैंडिंग के बाद रैंप पर पहुंचने के लिए हवाई जहाज टैक्सीवे पर चलते हैं।

राजनीति... पूर्व मुख्यमंत्री और शिवसेना (यूबीटी) अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान इस मुद्दे को उठाया

महाराष्ट्र में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग को लेकर एमवीए सक्रिय

मुंबई। महाराष्ट्र में महायुति शासन पर हमला तेज करते हुए विपक्षी महा विकास अघाड़ी (एमवीए) ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की सरकार को बर्खास्त करने और राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की। पूर्व मुख्यमंत्री और शिवसेना (यूबीटी) अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान इस मुद्दे को उठाया, जबकि कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) ने भी उसी दिन राज्यपाल रमेश बैस से मुलाकात की और इस आशय का एक ज्ञापन सौंपा। घटनाओं की एक श्रृंखला को उजागर करते हुए, एमवीए सहयोगियों ने आरोप लगाया कि राज्य में कानून-व्यवस्था ध्वस्त हो गई

है। शुक्रवार को शिवसेना (यूबीटी) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर इस विषय पर विस्तार से जानकारी दी थी। ठाकरे ने अपनी पार्टी के नेता अभिषेक वी. घोषालकर की 8 फरवरी को फेसबुक लाइव के दौरान हत्या और हाल के महीनों में राज्य को हिलाकर रख देने वाली अपराध की अन्य घटनाओं पर चिंता जताते हुए कहा कि महायुति सरकार महाराष्ट्र पर प्रभावी रूप से शासन करने में बुरी तरह विफल रही है। ठाकरे ने कहा, इस सरकार को जाना चाहिएज इसे तुरंत बर्खास्त किया जाना चाहिए। (महाराष्ट्र में) राष्ट्रपति शासन लगाया जाना चाहिए और जल्द ही नए विधानसभा चुनाव की घोषणा की जानी चाहिए। उन्होंने विभिन्न मामलों में 'विफलताओं' के लिए मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उप मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस की भी आलोचना की। उन्होंने शिंदे, पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी, राज्य के अन्य नेताओं-और यहां तक कि देवेन्द्र फडणवीस की पत्नी अमृता फडणवीस के साथ संदिग्ध किरदारों की तस्वीरों का भी जिक्र किया।

इस बीच, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले, राकांपा के राष्ट्रीय महासचिव जितेंद्र अवहाद और अन्य ने शनिवार को राज्यपाल बैस से मुलाकात की और महाराष्ट्र में 'बिगड़ती' कानून-व्यवस्था की स्थिति पर चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को बताया, महाराष्ट्र ने हमेशा देश को दिशा दी हैज राज्य ने सामाजिक, राजनीतिक, शैक्षिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों में काफी प्रगति की है और यहां तक कि कानून-व्यवस्था के मामले में भी इसे एक आदर्श राज्य माना जाता है।

न्यूज गैलरी

परीक्षा एक उत्सव, इसे उमंग-उल्लास से मनाएं : शताब्दी

रायपुर/नवप्रदेश। महाराष्ट्र मंडल की स्वावलंबन समिति की प्रमुख शताब्दी पांडे कोरबा जिले में परीक्षा पर्व में शामिल हुईं। उन्होंने न केवल 10वीं- 12वीं बोर्ड परीक्षा को लेकर जिला शिक्षाधिकारी व अधिकारियों व प्राचार्यों से परीक्षा पे चर्चा की, बल्कि विद्यार्थियों को भी परीक्षा की तैयारियों को लेकर महत्वपूर्ण टिप्स दिए। रविशंकर विद्यालय में एमए दर्शन शास्त्र की गोल्ड मेडलिस्ट रह चुकीं शताब्दी पांडे ने बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी कर रहे बच्चों से कहा कि परीक्षा को उत्सव की तरह देखें। इसे लेकर तनाव बिल्कुल न लें। इसे उमंग और उल्लास के साथ मनाएं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर मोदी भी इसी बात पर जोर देते हैं। प्रधानमंत्री द्वारा बच्चों के लिए मंत्र का उल्लेख करते हुए उन्होंने बच्चों से कहा कि परीक्षा आपकी अभी की तैयारी की है, पूरे जीवन की नहीं इसलिए मस्त रहें। शताब्दी ने कहा कि परीक्षा केंद्र में हंसते हुए जाइए, मुस्कुराते हुए परीक्षा दीजिए और लौट आइए। परीक्षा में प्रतिस्पर्धा नहीं अनुस्पर्धा करिए। टेक्नोलॉजी से पढ़ाई रोचक और सरल हो गई, इसे जरूर आजमाएं। पढ़ाई के साथ अच्छी नींद सफलता का मंत्र है।

आग से झुलसी सुकान्तिबाई के पैरों की हुई सफल सर्जरी

रायपुर/नवप्रदेश। सहज, सरल व्यक्तित्व के धनी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से उनके क्षेत्र के लोगों का आत्मीय संबंध है, छोटी-मोटी कोई भी जरूरत होने पर ये लोग बिना किसी संकोच के मुख्यमंत्री से मिलकर उन्हें अपनी परेशानी बताते हैं, मुख्यमंत्री भी लोगों की परेशानियां दूर करने के लिए भरसक प्रयास करते हैं। बगिया के कैंप कार्यालय में कुछ समय पूर्व कुनकुरी तहसील के ग्राम गोरिया निवासी नंदकुमार चौहान ने बताया था कि उनकी पत्नी सुकांती बाई 2019 में आग से झुलस जाने से चल-फिर नहीं सकती है। मुख्यमन्त्री श्री साय ने सुकांती बाई के पैर के इलाज के लिए एम्बुलेंस भेज कर रायपुर के डीकेएस अस्पताल में भर्ती कराया और चिकित्सकों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराने निर्देश दिए।

वृद्ध महिला की शिकायत का 24 घंटे में हुआ निदान

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह को एनजीओ समर्थ जन कल्याण समिति की अध्यक्ष जया द्विवेदी ने 8 जनवरी को व्हाट्सएप्प संदेश भेजकर अभनपुर विकासखंड के ग्राम हसदा की वृद्ध महिला अजीत बाई रात्रे की समस्या से अवगत कराया था कि नल जल कनेक्शन हेतु गढ्ढा खोदकर ठेकेदार द्वारा छोड़ दिया गया है एवं गढ्ढे को ढंकने की बजाय लगातार आनाकानी की जा रही है। इस शिकायत को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर डॉ. सिंह ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी रायपुर खंड के कार्यपालन अभियंता को तलब किया और तत्काल समस्या का निदान करने निर्देशित किया। कलेक्टर के कड़े निर्देश के उपरांत निर्माण एजेंसी ने तत्काल अपनी त्रुटि सुधार की एवं वृद्ध महिला को हुई असुविधा के लिए माफी भी मांगी। पीएचई अधिकारियों ने इस संबंध में अपना पालन प्रतिवेदन भी प्रस्तुत किया है। एनजीओ और पीड़ित महिला ने त्वरित पहल के लिए कलेक्टर डॉ. सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया, वहीं कलेक्टर ने ऐसे स्वयंसेवी संगठन की सराहना करते हुए कहा कि आम नागरिकों को सुविधा व सहायता पहुंचाने में एनजीओ की भूमिका बड़ी होती है एवं प्रशासन को जानकारी देकर लोगों को मदद पहुंचाने में समर्थ की तरह सभी एनजीओ भी हमेशा आगे रहें। प्रशासन हर सूचना, शिकायत व सुझाव पर त्वरित कार्यवाही करता है।

मेकाहारा में सफाई सुरक्षा का कमिश्नर ने किया निरीक्षण

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश के सबसे बड़े शासकीय चिकित्सालयों में शुमार मेकाहारा हॉस्पिटल के परिसर में सफाई, सुरक्षा व अन्य बुनियादी सेवाओं की समीक्षा करने कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के निर्देश पर नगर निगम आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा के नेतृत्व में अस्पताल की डीन श्रीमती तृप्ति नागरिया के साथ नगर निगम, पीएचई, लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने निरीक्षण भ्रमण किया। इस दौरान आउट सोर्सिंग एजेंसी को कहा गया है कि नगर निगम के साथ मिलकर साफ सफाई व्यवस्था व पुलिस के साथ समन्वय कर लोक सुरक्षा के प्रबंध सुदृढ़ किए जाए। ज्ञात हो कि कलेक्टर डॉ. सिंह ने इन विभागों के आला अधिकारियों की बैठक लेकर मेकाहारा में उपलब्ध सुविधाओं की समीक्षा की। उनके निर्देश पर निगम आयुक्त श्री मिश्रा सहित अधिकारियों के दल ने परिसर का निरीक्षण किया। उपलब्ध स्वच्छता अमले की भी जानकारी ली गई है तथा नगर निगम जोन कमिश्नर आर.के. डोंगरे को निर्देशित किया गया है कि स्वीकृत कर्मचारियों की संख्या का भौतिक सत्यापन के साथ ही संपूर्ण सफाई कार्यों का रिव्यू करें। निरीक्षण के दौरान मेकाहारा के पीछे बनीं नाली का निरीक्षण टीम ने किया है।

हाइपर क्लब फायरिंग मामला

फसाद करने वालों का सिर मुड़वाकर पुलिस ने निकाला जुलूस

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में पुलिस अब एक्शन मोड में दिखाई दे रही है। गुंडे-बदमाशों का सड़क पर जुलूस निकाला जा रहा है। बदमाश रोहित तोमर को भी पुलिस ने सड़क पर घुमाया। शनिवार की देर रात राजधानी रायपुर के वीआईपी रोड स्थित हाईपर क्लब में गोलीबारी के आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी रोहित तोमर, विकास अग्रवाल, सारंग मन्धान और अमित तनेजा का मुंडन कर शहर की सड़कों पर जुलूस निकाला। साथ ही कोर्ट में पेशी के लिए भी उन्हें पैदल लेकर पहुंची। जुलूस निकालने का पुलिस का मुख्य उद्देश्य लोगों के मन से आरोपियों का खौफ खत्म करना है। उल्लेखनीय है कि, शनिवार की देर रात दो युवकों के बीच पहले तो गर्लफ्रेंड को लेकर झगड़ा शुरू हुआ। जिसके बाद एक युवक ने दूसरे की गाड़ी में तोड़फोड़ कर दी। तैश में आकर दूसरे युवक ने अपनी लाइसेंसी पिस्टल निकाली और गोली चला दी। इस घटना में किसी के भी घायल होने की खबर नहीं है। स्थानीय लोगों ने बताया कि, दोनों के बीच में पहले गर्लफ्रेंड को लेकर विवाद हुआ फिर गोली चल गई। फिर तेलीबांधा थाने की पेट्रोलिंग टीम को सूचना दी गई कि, हाइपर क्लब की पार्किंग में गुढ़ियारी के रहने वाले विकास अग्रवाल और भाटागांव के रोहित तोमर के बीच विवाद हुआ है। दोनों के बीच पहले तो किसी बात को लेकर बहसबाजी शुरू हुई और इतने में गोली चल गई।

मौके पर पुलिस के आला-अधिकारी मौजूद

आरोप है कि, रोहित तोमर ने गुस्से में आकर विकास की कार में तोड़फोड़ कर दी और उसने विकास के साथ हाथापाई भी की। घटना के बाद विकास ने अपनी लाइसेंसी पिस्टल निकालकर रोहित की तरफ फायरिंग कर दी। हालांकि इसमें किसी को चोट नहीं आई है। इस घटना के बाद रायपुर सिटी एडिशनल एसपी लखन पटले, सीएसपी मनोज ध्रुव और तेलीबांधा पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस दोनों आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर रही है।

रोहित पहले भी जा चुका है जेल

फायर कांड में शामिल रोहित तोमर, करणी सेना के अध्यक्ष वीरेंद्र तोमर का भाई है। इसके पहले भी रोहित तोमर अपने भाई के साथ सूदखोरी के मामले में जेल जा चुका है। इनके ऊपर लोगों को उधारी में पैसे देकर ज्यादा ब्याज वसूलने का आरोप है। पैसे नहीं देने पर ये अपने गुर्गों के साथ मिलकर पीड़ित से मारपीट करते थे।

विकास बोला- रोहित ने बैट से हमला किया

विकास ने रोहित पर आरोप लगाया है कि उसने अपनी कार में रखे क्रिकेट बैट से उस पर हमला किया। इसके अलावा बीयर की बोतल से सीने पर वार किया जो उसकी कोहनी पर लगा और खून निकलने लगा। विकास ने आगे कहा कि, उसने अपने बचाव में हवाई फायर किया है। रोहित का आरोप है कि, विकास ने उसके सिर पर फायर किया था जिससे उसकी मौत हो जाए। लेकिन वह नीचे बैठ गया जिससे गोली उसे नहीं लगी और उसकी जान बच गई। तेलीबांधा पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

तोमर भाइयों के खिलाफ शहर के कई थानों में है केस दर्ज

तोमर भाइयों के खिलाफ राजधानी रायपुर के अलग-अलग थानों में मामले दर्ज हैं। साल 2019 में सूदखोरी के एक मामले में कारोबारी की शिकायत के बाद से रोहित तोमर फरार हो गया था। जिसे रायपुर पुलिस ने दिल्ली में लगातार 5 दिनों तक कैंप पर गिरफ्तार किया था।

राजनेताओं से भी है संबंध

तोमर ब्रदर्स के शहर के कई बड़े नेताओं के साथ संबंध हैं। जिसकी फोटो अक्सर सोशल मीडिया पर दिखाई देती रहती है। विधानसभा चुनाव खत्म होने के बाद पूरे शहर में आरोपी के भाई का पोस्टर हर विधायक और मंत्री के साथ रायपुर की गलियों में देखने को मिला।

लोकसभा चुनाव की तैयारी

साय मंत्रिमंडल, सारे विधायक, वर्तमान और पूर्व सांसद, भाजपा संगठन जाएगा दिल्ली

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा ने इस बार लोकसभा चुनाव को लेकर बड़ी तैयारी प्रारंभ कर दी है। लोकसभा क्षेत्रों को 146 क्लस्टरों में बांटने के बाद हर राज्य में लोकसभा की तैयारी तेज कर दी गई है। लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा की तैयारी अब और तेज हो गई है। भाजपा ने इस बार 400 पार के नारे के साथ लोकसभा में चुनाव जीतने के लिए दिल्ली में राष्ट्रीय अधिवेशन करने का फैसला किया है। इसमें लोकसभा चुनाव को लेकर महामंथन होगा। अधिवेशन में अपने राज्य छत्तीसगढ़ से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय उनका पूरा मंत्रिमंडल, सभी विधायक, वर्तमान और पूर्व सांसद, प्रदेश के सभी पदाधिकारी, जिलाध्यक्षों को मिलाकर भाजपा के करीब 300 पदाधिकारी दिल्ली जाएंगे। अधिवेशन के लिए भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने 14 वर्ग तय किए हैं, जिनसे जुड़े पदाधिकारी ही अधिवेशन में शामिल होंगे। भाजपा ने इस बार लोकसभा चुनाव को लेकर बड़ी तैयारी प्रारंभ कर दी है। लोकसभा क्षेत्रों को 146 क्लस्टरों में बांटने के बाद हर राज्य में लोकसभा की तैयारी तेज कर दी गई है। छत्तीसगढ़ में भी लगातार लोकसभा चुनाव को लेकर बैठकों का दौर चल रहा है। क्लस्टर के प्रभारियों, लोकसभा के प्रभारी, सह प्रभारी, संयोजक और सह संयोजकों के बाद पर्यवेक्षक भी तय हो गए हैं। अब इस माह विधानसभा के भी प्रभारी और सह प्रभारी तय होंगे, साथ ही कई समितियों का गठन करके भी जिम्मेदारी तय की जाएगी।

दिल्ली में जुटेंगे देशभर के नेता

भाजपा ने लोकसभा चुनाव को देखते हुए ही अपना राष्ट्रीय अधिवेशन दिल्ली में 17 और 18 फरवरी तो तय किया है। शनिवार और रविवार को अधिवेशन रखने के पीछे का कारण यह है कि इस समय छत्तीसगढ़, मप्र के साथ ही और कई राज्यों में राज्य सरकारों का बजट सत्र चल रहा है। ऐसे में राज्यों के मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों के साथ विधायकों को अधिवेशन में पहुंचने में परेशानी न हो, इसलिए सोचकर तारीख तय की गई है।

14 वर्गों से जुड़े नेता ही जाएंगे

अधिवेशन के लिए भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने 14 वर्ग तय किए हैं। इन वर्गों से जुड़े नेता ही अधिवेशन में शामिल होंगे। इन वर्गों में पहला वर्ग भाजपा के राष्ट्रीय संगठन के पदाधिकारियों और दूसरा कार्यकारिणी के सदस्यों का है। इसके बाद के वर्गों में लोकसभा और राज्यसभा के वर्तमान और पूर्व सांसद, प्रदेश के सभी मंत्री, विधायक, प्रदेश संगठन के पदाधिकारी, मीडिया विभाग के संयोजक, आईटी विभाग के संयोजक, राष्ट्रीय और प्रदेश के मुख्य प्रवक्ता, क्लस्टर के प्रभारी, लोकसभा के प्रभारी, सह प्रभारी, संयोजक, सह संयोजक, जिलाध्यक्ष जिलों के प्रभारी, नगर निगम के महापौर, पालिकाओं, नगर पंचायतों के अध्यक्ष, जिला पंचायतों के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष शामिल हैं।

लोकसभा पर होगा फोकस

अधिवेशन में संगठन को लेकर चर्चा के साथ अहम चर्चा लोकसभा चुनाव को लेकर होगी। जानकारों का कहना है, संभावना यही है कि अधिवेशन से पहले लोकसभा के प्रत्याशियों की पहली सूची भी घोषित हो जाएगी। अधिवेशन में लोकसभा चुनाव में क्या-क्या करना है, किस तरह से जीतना है, इसको लेकर राष्ट्रीय नेताओं का मार्गदर्शन मिलेगा। साथ ही संगठन की गतिविधियों को लेकर भी चर्चा होगी। अधिवेशन से पहले देशभर में गांव चलो घर-घर चलो अभियान भी पूरा हो जाएगा। इसका पूरा फीडबैक भी सभी राज्यों से अधिवेशन में राष्ट्रीय संगठन को मिल जाएगा।

आधुनिक टेक्नालॉजी के इस्तेमाल से मिलेगी विश्व स्तरीय शिक्षा : बृजमोहन

- प्रतिभा सम्मान समारोह में शामिल हुए उच्च शिक्षा मंत्री
- स्मार्ट क्लास और निर्माण कार्यों के लिए एक करोड़ रूपए की घोषणा

रायपुर/नवप्रदेश। उच्च शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल राजधानी रायपुर के श्री गोबिंदराम शदाणी शासकीय कला एवं वाणिज्य कन्या महाविद्यालय के प्रतिभा सम्मान समारोह में शामिल हुए। उन्होंने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज का युग टेक्नालॉजी का युग है। समय के साथ-साथ टेक्नालॉजी भी बदल रही है, अब आईटी के बाद एआई का युग आ गया है। शिक्षा में टेक्नालॉजी का इस्तेमाल कर हम विश्व स्तरीय शिक्षा हासिल कर सकते हैं। कार्यक्रम में उच्च शिक्षा मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि पहले लोग बेटियों की शिक्षा दिलाने में आनाकानी करते थे। लेकिन आज बेटियों ने शिक्षा, खेल के साथ अन्य सभी क्षेत्रों में भी अपना मुकाम हासिल कर सबको यह बता दिया है कि वे किसी से कम नहीं हैं। उन्होंने कहा जब एक बेटी पढ़ती है, तो वह न केवल अपने लिए, बल्कि अपने पूरे परिवार और समाज के लिए बेहतर भविष्य का निर्माण करती है। शिक्षा मंत्री ने कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय में स्मार्ट क्लास के निर्माण के लिए 25 लाख रुपए और कमरों के निर्माण के लिए 75 लाख रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को पुरुस्कृत किया। इस मौके पर छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

रेत खदानों का काम होगा ऑनलाइन

- पोर्टल किया जा रहा तैयार, ऑनलाइन होने से टेंडर की प्रक्रिया होगी सरल

रायपुर/नवप्रदेश। रेत खदान के लिए ऑनलाइन पोर्टल तैयार हो रहा है, जिसके बाद खदानों का टेंडर निकालना, आवेदन सहित सभी काम ऑनलाइन होंगे।जिले में रेत का पूरा काम अब ऑनलाइन होगा। इसके लिए विभाग का ऑनलाइन पोर्टल तैयार हो रहा है, जिसके बाद खदानों का टेंडर निकालना, आवेदन सहित सभी काम ऑनलाइन होंगे। इस ऑनलाइन पोर्टल में विभागीय अधिकारियों के नाम, संपर्क नंबर सहित विभाग से संबंधित अन्य जानकारियां भी होंगी। इसके साथ शिकायत के लिए ऑप्शन भी होगा, जिसके जरिए रेत का अवैध उत्खनन, परिवहन सहित खदानों से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना या शिकायत आम लोग कर सकेंगे। रेत खदान के लिए ऑनलाइन पोर्टल शुरू होने से टेंडर की प्रक्रिया सरल होगी। इससे आवेदन करने वालों के साथ विभागीय अधिकारियों-कर्मचारियों को टेंडर खोलने के दौरान होने वाली परेशानियों से भी छुटकारा मिलेगा। ऑफलाइन टेंडर के दौरान आवेदन फार्म भरकर जमा करना पड़ता है। इसके लिए आवेदन शुल्क भी लगता है, जिसका बैंक ड्राफ्ट बनाकर आवेदन के साथ देना पड़ता है। हालांकि आवेदकों से ज्यादा टेंडर खोलने के समय अधिकारी-कर्मचारी परेशान होते हैं। आवेदनों की छंटनी करना, समान बोली वाले आवेदनों को अलग करना और फिर आवेदनों की पर्ची लॉटरी के जरिए निकालना। इस पूरी प्रक्रिया में कभी 8 घंटे, तो कभी 12 से 16 घंटे तक का समय लग जाता है। ऑनलाइन होने के बाद सभी काम ऑनलाइन होंगे, जिससे आवेदकों के साथ अधिकारी-कर्मचारी भी ऑफलाइन टेंडर प्रक्रिया की परेशानी से बचेंगे। खदानों को ऑनलाइन करने के लिए पोर्टल तैयार करने का काम एक साल पहले से चल रहा है। पिछले साल फरवरी में रेत खदानों का टेंडर हुआ था। इन खदानों का टेंडर विभाग ऑनलाइन कराना चाहता था, लेकिन पोर्टल तैयार नहीं हो पाया। इस कारण रेत खदानों की टेंडर प्रक्रिया भी मैनुअल प्रणाली से की गई थी। सूत्रों के अनुसार, विभाग के ऑनलाइन पोर्टल की तैयारी अब अंतिम चरण पर है। इसके बाद जो भी काम मैनुअल हुए, उनकी एंट्री ऑनलाइन की जाएगी। हालांकि विभागीय अधिकारी ऑनलाइन पोर्टल कब तक लांच होगा।

महिला समूहों के कार्यों की सीएम ने की तारीफ

रायपुर/नवप्रदेश। सीएम विष्णु देव साय ने अपने गृहग्राम बगिया में स्व-समूह की महिलाओं से मुलाकात कर उनकी गतिविधियों की जानकारी ली और महिलाओं द्वारा किए जा रहे कार्यों की तारीफ की। सीएम साय ने कहा कि स्व-सहायता समूहों में महिलाओं को अधिक से अधिक जोड़े ताकि महिलाओं को रोजगार मिल सके और वे आर्थिक रूप से स्वावलंबी हो सके। उन्होंने कहा कि स्व-सहायता समूहों के उत्पादों को मार्केट उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन की पहल जशपुर ब्राण्ड के नाम से बिक्री के लिए पहल की जा रही है।

राज्यपाल श्री हरिचंदन से छत्तीसगढ़ के महाधिवक्ता ने की मुलाकात

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन से राजभवन में छत्तीसगढ़ के महाधिवक्ता श्री प्रफुल्ल भारत ने सौजन्य भेंट की।

सिंडिकेट गिरोह के 14 जालसाज गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। जालसाजों ने महिला अफसर को उनकी पुराने बीमा पॉलिसी के आधार पर नई बीमा पॉलिसी चालू कराने पर ज्यादा क्लेम मिलने का झांसा देकर ठगी का शिकार बनाया। बीमा पॉलिसी वेरिफिकेशन और ज्यादा क्लेम दिलाने का झांसा देकर ठगी करने वाले एक अंतर्राजीय जालसाज गिरोह से जुड़े सिंडिकेट गिरोह के 14 ठगों को पुलिस ने दिल्ली और उत्तरप्रदेश से गिरफ्तार किया है। जालसाजों ने टिकरापारा थाना क्षेत्र में रहने वाली बिजली विभाग की सेवानिवृत्त अधिकारी से 70 लाख रुपए की ठगी की थी।

रायगढ़ से रामानुजगंज तक छत्तीसगढ़ में चलेगी न्याय यात्रा

रायपुर/नवप्रदेश। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा 9 एवं 10 फरवरी को 2 दिन अवकाश के पश्चात 11 फरवरी को जिला रायगढ़ के दर्रामुंडा से महात्मा गांधी प्रतिमा स्थल के लिए रवाना होंगी। रात्रि विश्राम भैसमा के शासकीय प्यारेलाल महाविद्यालय के पास होगा। 12 फरवरी को जिला कोरबा के सीतामढ़ी चौक कोरबा से पदयात्रा शुरू होगी। रात्रि विश्राम शिवनगर थाना तारा के पास जिला सुरजपुर में होगा। 13 फरवरी को जिला सरगुजा के रायगढ़ बस स्टैंड चौक (उदयपुर) से पदयात्रा प्रारंभ होगी और रात्रि विश्राम झींगो जिला बलरामपुर में होगी। 14 फरवरी को जिला बलरामपुर के पुराना सर्किट हाउस से पदयात्रा प्रारंभ होगी जिसका समापन छत्तीसगढ़ की सीमा रामानुजगंज जिला बलरामपुर में होगा और सीमा पर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज द्वारा झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष को राष्ट्रीय ध्वज को प्रदान करेंगे।

सीजीपीएससी : 242 पदों के लिए डेढ़ लाख अभ्यर्थी ने दी परीक्षा

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा जारी है। यह परीक्षा दो पालियों में आयोजित की गई है। एक तो सुबह 10 से 12 और दूसरी दोपहर 3 से 5 रखा गया है।

राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा जारी है। यह परीक्षा दो पालियों में आयोजित की गई है। एक तो सुबह 10 से 12 और दूसरी दोपहर 3 से 5 रखा गया है। प्रदेश भर के 1 लाख 58 हजार अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए हैं। वहीं सुरक्षा के लिए डिप्टी कलेक्टर इंद्रजीत बर्मन और नोडल अधिकारी एमके गुप्ता को नियुक्त किया गया है।

परीक्षा में पारदर्शिता पर फोकस...

आपको बता दें, छत्तीसगढ़ परिक्षा में पारदर्शिता का विशेष ध्यान रखा जाएगा। इसलिए प्रदेशभर में 64 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। पहली पाली में आयोजित परीक्षा में जनरल स्टडी और दूसरी पाली में एप्टीट्यूट टेस्ट विषय पर आधारित होगी।

28 जिलों में सेंटर बनाए गए...

CG PSC Exam 2024 के 28 जिलों में सेंटर बनाए गए हैं। जिसमें अम्बिकापुर, बैकुण्ठपुर (कोरिया) खास जिले हैं। इसके अलावा बिलासपुर, धमतरी, दुर्ग-भिलाई, दन्तेवाड़ा, जगदलपुर, जांजगीर-चांपा, जशपुर, कबीरधाम, कांकेर, कोरबा, महासमुंद, रायपुर, रायगढ़, राजनांदगांव, बलौदाबाजार, बलरामपुर, सूरजपुर, गरियाबंद, नारायणपुर, कोण्डागांव, बीजापुर, सुकमा, बेमेतरा, बालोद, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही और मुंगेली के केन्द्रों पर परीक्षा जारी है।

इतने पदों के लिए होगी परीक्षा

छत्तीसगढ़ में राज्या सेवा परीक्षा 242 पदों के लिए आयोजित की गई है। मेरिट लिस्टप के आधार पर चयन किया जाएगा। परीक्षा को लेकर सभी जिलों के कलेक्टलरों और अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की थी। वहीं छत्ती सगढ़ के सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ताा इंतजाम किए गए हैं।

मोदी राज में गरीब और गरीब हुये अमीर और अमीर हुये : दीपक

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि मोदी सरकार जब से सत्ता में आई है, महंगाई से देश के नागरिकों की कमर टूटती जा रही है। 2014 में जो गैस का सिलेंडर 410 रु. का था, आज वह 1000 रु. के पार है। पेट्रोल के दाम 70 रु. प्रति लीटर से बढ़कर 100 रु. प्रति लीटर के पार हो गए हैं जबकि डीजल के दाम 55 रु. प्रति लीटर से बढ़कर 90 रु. प्रति लीटर के करीब पहुंच गए हैं। अंतर्राष्ट्रीय मार्केट में क्रूड आयल का दाम लगातार कम हो रहे है। 2014 की तुलना में वर्तमान में क्रुड आयल आधे रेट में मिल रहा है लेकिन उसका लाभ आम जनता को नही मिल रहा है। खाने के तेल और दाल की कीमत 70 रु. और 60 रु. प्रति किलो थी, वह 200 रू. प्रति किलो को पार कर गई है। इतना ही नहीं, बीते दिनों जीएसटी की बर्बर मार से दही, पनीर, लस्सी, आटा, सूखा सोयाबीन, मटर व मुरमुरे भी बच नहीं सके, उन पर भी 5 फीसदी जीएसटी लगा दिया गया। होटल के 1,000 रु. के कमरे पर 12 प्रतिशत जीएसटी, अस्पताल के आईसीयू बेड पर 5 प्रतिशत जीएसटी! जीने के लिए सभी आवश्यक चीजों पर जीएसटी लगाकर चैन नहीं मिला तो श्मशान घाट के निर्माण पर भी जीएसटी बढ़ा दिया गया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड ऑयल की कीमतें लगातार घट रही है मगर मोदी सरकार पेट्रोल-डीजल की कीमतें कम नहीं कर रही है। बीते 8 सालों में पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स पर कर लगाकर 29 लाख करोड़ रुपए जनता की जेब से निकाले गए हैं।

संपादकीय

बिहार में फ्लोर टेस्ट के पहले विधायकों की बाड़ेबंदी

बिहार में 12 फरवरी को नीतिश कुमार को बहुमत साबित करना है। इसके पहले सत्तारूढ़ पार्टी और विपक्ष के विधायकों की बाड़े बंधी कर दी है। ताकि प्लोर टेस्ट में कोई खेला ना हो जाए। गौरतलब है कि बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने दावा किया है कि बिहार में खेला होने जा रहा है। राष्ट्रीय जनता दल ने जीतन राम मांझी को मुख्यमंत्री बनाने की पेशकश की है। हालांकि कि जीतन राम मांझी ने एनडीए में ही एनडीए में ही बने रहने की बात कहीं है। किन्तु मुख्यमंत्री पद का लालच एनडीए में खेला करा सकता है। जदयू में भी फूट की संभावना को नकारा नहीं जा सकता। यहीं वजह है कि जदयू के सभी विधायकों की बाड़ा बंधी कर दी गई है। भाजपा के विधायकों को भी अलग-अलग होटलों में ठहराया गया है। कांग्रेस के विधायक तो एक सप्ताह पहले से ही तेलंगाना रवाना कर दिए गए है। वहीं राष्ट्रीय जनता दल के विधयकों को तेजस्वी यादव के घर में कैद कर लिया गया है। इन सभी विधायकों के मोबाइल भी जप्त कर लिए गए है। ताकि इनसे कोई संपर्क ना कर सके। कुल मिलाकर बिहार के नीतिश कुमार सरकार के प्लोर टेस्ट के पहले राजनीतिक गहमागहमी को इस कदर बढ़ गई है। कि नीतिश कुमार के लिए प्लोर टेस्ट किसी अग्नि परीक्षा से कम नहीं होगा। राष्ट्रीय जनता दल के एक नेता भाई विरेन्द्र के अनुसार नीतिश कुमार के अनुसार बहुमत का आकंड़ा नहीं है। बहुत संभव है कि वे विधानसभा भंग करने की घोषणा कर दे। प्लोर टेस्ट के पहले नीतिश कुमार की सरकार विधानसभा अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने जा रही है। क्योंकि मौजूदा स्पीकर पर उसे भरोसा नहीं है। बहरहाल यह देखना दिलचस्प होगा कि आज होने वाले प्लोर टेस्ट में नीतिश कुमार पास होते है या राष्ट्रीय जनता दल खेला करने के अपने दावें को सही साबित कर दिखाती है।

छत्तीसगढ़ी संपादकीय

छत्तीसगढ़ के सुग्घर बजट

नवप्रदेश छत्तीसगढ़ म पहिली घांव पेपरलेस बजट पेश करे गीस। हमर राज के नवा मुखिया विष्णुदेव साय अउ वित्त मंतरी ओ.पी. चौधरी

के आगू सबले बड़े ये समस्या रिहिस हे के ओला जुच्छा खजाना मिले हे। दूबर उपर दू आषाढ़ वाले हाना घलो चरितारथ हो गे के पहिली के सरकार ह छत्तीसगढ़ ल गोड़ ले मूड़ी तक करजा म बोर के गे हे। अइसन म धान के कटोरा ल धन के कटोरा बनाए के उदीम करना मुख्य मंतरी अउ वित्त मंतरी बर अब्बड़ चुनौती पूर्ण काम रिहिस। फेर ओमन ये चुनौती के सामना करीन अउ अइसन सुग्घर बजट बनाए हे जेखर ले छत्तीसगढ़ ह विकास के रद्दा म सरपट दौड़ही। बजट ल गरीब गुरबा, किसान युवा अउ माई लोगन के उत्थान ल ध्यान म रख के बनाए गे हे। ये बजट म परधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के गारंटी ल प्राथमिकता दे गे हे। आदिवासी बहुल बस्तर अउ सरगुजा के संग पहिली बार सिरतोन म न्याय होए हे। अवइया पांच बच्छर के भीतर छत्तीसगढ़ के जीडीपी ल दुगना करके दस लाख करोड़ करे के लक्ष्य रखेगे हे। गांव गंवई म काम बूता के नवा अवसर पैदा करे बर पंचायत अउ ग्रामीण विकास विभाग के बजट म सत्तर प्रतिशत के बढ़ौत्तरी करे गे हे। युवा संगवारी मन बर छत्तीसगढ़ उद्यम क्रांति योजना शुरू करे गे घोषणा करे गे हे। छत्तीसगढ़ प्रोद्योगिकी संस्थान भी खोले जाही। चार नवा कृषि अउ उद्यानिकी कालेज अउ दुरूग व सरगुजा म कृषि अभियांत्रिकी कार्यालय घलो खेले जाही। एखर से कृषि ल नवा दिशा मिलही। रोजगार के अवसर बढ़ही। मोदी के गारंटी ल धियान में रख के परधान मंत्री आवास योजना बर आठ हजार करोड़ आबंटित करेगे हे जेखर ले उठारह लाख नवा घर बनही। माई लोगन ल सशक्त बनाए बर महतारी वंदन योजना ल घलो मंजूरी दे गे हे। हर महिला ल अब घर बइठे एक हजार महीना मिलही। किसान मन के आदि मदद कर बजट में दस हजार करोड़ के बेवस्था करे गे हे। ये बजट के यहू एक खनियत हे के कोनो नवा टैक्स नइ बनाए गे हे। बजट के बरे म मुख्यमंतरी विष्णुदेव साय ह सिरतोन के हे के ये बजट हमर छत्तीसगढ़ के दिशा अउ दशा तय करने वाला बजट हे। ये बात सहीं हे। नवा सरकार के पहिली बजट म गागर म सागर भरे के उदीम करे गे हे। शिक्षा स्वास्थ्य, गांव, गरीब, किसान जवान और माई लोगन सब्बो के धियान रखे गे हे। कृषि के संग उद्योग के विकास अउ अधोसंरचना विकास के घलो उपाय करे गे हे। अतेक कम समय म अतेक सुग्घर बजट बनाए बर मुख्य मंतरी विष्णुदेव साय अउ वित्त मंतरी ओ.पी. चौधरी ल गाड़ा-गाड़ा बधाई तो बनत हे।

किशन भवनानी

पीएम ने नए संसद भवन, सेंगोल की स्थापना, जी-20 के आयोजन पर भी सांसदों के सहयोग की सराहना की। उन्होंने 5 साल के कार्यकाल में जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाने, अंग्रेजों की दंड संहिता हटाकर न्याय संहिता लाने, तीन तलाक कानून, पेपर लीक-चीटिंग बिल, डेटा प्रोटक्शन बिल, 60 से अधिक गैरजरूरी कानूनों को हटाने की भी चर्चा की। सरकार ने 16-17 हजार ट्रांसजेंडर्स को आइडेंटिटी दी, पद्म अवॉर्ड दिया। उन्हें पहचान दी। सरकार से जुड़ी योजनाओं का लाभ उन्हें मिलना शुरू हुआ। प्रेग्नेंसी के समय 26 वीक की छुट्टी जैसे फैसलों की चर्चा दुनिया ने की।अंत में कहा- राम मंदिर ने देश की भावीपीढ़ियों को देश के मूल्यों पर गर्व करने का मौका दिया।

पीढ़ियों तक दुनियां याद रखेगी

वैश्विक स्तरपर दुनियां के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में 10 फरवरी 2024का दिन लोकतंत्र के इतिहास में एक महत्वपूर्ण दिन गिना जाएगा क्योंकि आज 17 वीं लोकसभा का अंतिम दिवस था इसके बाद लोकसभा का अनिश्चितकाल के लिए स्थगन कर दिया गया वैसे तो यह रीति हर सत्र के बाद हमेशा की जाती है,हर परंतु आज पूरी 17 वीं लोकसभा के अध्याय को हमेशा के लिए स्थगित कर दिया गया था,क्योंकि अब 18वीं लोकसभा के साथ ही सदन का सत्र शुरू होगा, जिसमें कुछ महत्वपूर्ण व्यक्तित्व और चेहरों को दोहराने की निश्चितता की परंपरा कायम रहेगी परंतु संभावना है कि 18वीं लोकसभा में अनेको नए चेहरे दिखाई देंगे,पुराने चेहरों को आराम या अन्य कार्यभार सोप जा सकता है। मेरा स्पष्ट मानना है के 18वीं लोकसभा का रूप कुछ अलग ही देखने को मिल सकता है क्योंकि इस लोकसभा में सत्ता पक्ष के नारे अबकी बार हैट्रिक सहित 400 पार का नारा हकीकत में तब्दील हो सकता है तथा उसे पक्ष की वापसी 50 प्रतिशत से अधिक वोटिंग शेयर प्रतिशत से हो सकती है, ऐसा मेरा अनुभव के आधार पर आंकलन है सटीकता नहीं और 18 वीं लोकसभा में हंड्रेड परसेंट उत्पादकता सहित विकसित भारत परिकल्पना को अधिकतम कामयाब बनाने की व्यवस्था की जाएगी परंतु बीती 17 वीं लोकसभा में हुई कार्य उत्पादकता 97 प्रतिशतऔर अनेक महत्वपूर्ण विधेयकों को कानून में बदलने को लिए पीढ़ियों तक याद किया जाएगा, क्योंकि इस 17 वीं लोकसभा में विकास की परिभाषा ही बदल दी थी अनुच्छेद 370, 35 ए, राम मंदिर, तीन तलाक, नारी शक्ति वंदन अधिनियम साहित ऐसे अनेकों कानून दिए जिसकी परिकल्पना दशकों से की जा रही थी दूसरी ओर भारतीय न्याय संहिता सहित कुल 222 कानून बनाए गए,97प्रतिशत उत्पादकता रही जो पिछले पांच लोकसभा से सर्वाधिक है, 729 गैर सरकारी विधेयक सदन में प्रस्तुत किए गए, 274 बैठकें हुई, इसमें 1354 घंटे चली 345 घंटे नए समय से अधिक काम किया गया, सदन ने 387 घंटे व्यवधान की वजह से बर्बाद हुए। 543 में से 540 सदस्यों ने कभी ना कभी सदन की परिचर्चा में हिस्सा लिया, शून्य काल में 5568मामले उठाए गए जबकि नियम 370 में 4859 विषय उठाए गएमंत्रिमंडल द्वारा विभिन्न विषयों पर 534 वक्तव्य दिए गए, नियम 193 के तहत 12 चर्चाएं की गई संसदीय समितियां समितियां ने कुल 691 प्रतिशत प्रतिवेदन प्रस्तुत किए गए 69 प्रतिशत से अधिक सिफारिश को सरकार द्वारा स्वीकृत किया गया। 17 वीं लोकसभा को सैल्यूट, 18 वीं लोकसभा में 100 प्रतिशत उत्पादकता हासिल करने की उम्मीद है,चूंकि 17वीं लोकसभा में महत्वपूर्ण निर्णयों को पीढ़ियों तक दुनियां याद रखेगी इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, 21वीं सदी के भारत की मजबूत नींव,संकल्प,विश्वास सहित ध्वनि मत से पारित होते अनेकों विधेयकों को दुनियां याद रखेगी।

साथियों बात अगर हम लोकसभा के अंतिम सत्र के अंतिम दिन 10 फरवरी 2024 को माननीय पीएम द्वार संबोधन के दौरान व्यक्त की गई मुख्य बातों की करें तो, जो हमेशा हाशिए पर थे, जिनको कोई पूछता नहीं था, सरकार होने का उनको अहसास हुआ है। कोविड में मुफ्तइंजेक्शन होने पर उसको यह अहसास होता था कि चलो जान बच गई। सरकार होने का उसको अहसास होता था,ट्रांसजेंडर समाज के लिए भी 17वीं लोकसभा में काम किया। हमने ट्रांसजेंडर को एक पहचान दी है। अब तक 16-17 हजार ट्रांसजेंडर को पहचान पत्र मिल चुके हैं। पद्म अवॉर्ड उनको मिला है। वे सम्मान की जिंदगी जी रहे हैं। मुद्रा स्कीम का भी लाभ वे ले रहे हैं।17वीं लोकसभा के सात सत्र ज्यादा प्रॉडक्टिविटी वाले भी रहे। इस सफलता के लिए सभी सांसदों और फ्लोर लीडर का आभार।पहले सत्र में दोनों सदनों ने कुल 30 विधेयक पारित किए, जो रेकॉर्ड रहा हैआजादी के 75 वर्ष पूरा होने के उत्सव के दौरान हमारे सदन ने बेहद अहम कामों का नेतृत्व किया।संसद के इस कार्यकाल में बहुत रिफॉर्म हुए जो गेमचेंजर रहे। 21वीं सदी के भारत की मजबूत रखी गई।हमारी पीढ़ियां जिन बातों का इंतजार करती थीं, ऐसे बहुत से काम 17 वीं लोकसभा में पूरे हुए।आर्टिकल 370 हटाकर संविधान के पूर्ण रूप का प्रगटीकरण हुआ, जिन लोगों ने संविधान बनाया होगा, उनकी आत्मा हमें आशीर्वाद देती होगी।कश्मीर के लोगों को सामाजिक न्याय से वंचित रखा गया था। आज जम्मू कश्मीर के लोगों तक भी सामाजिक न्याय का संकल्प पहुंचा है।आतंकवाद का नासूर से देश की धरती रक्तरंजित थी। हमने आतंकवाद के विरुद्ध सख्त कानून बनाए। इसकेकारण भारतको आतंकमुक्त करने का सपना सच हो रहा है।हम अंग्रेजों की दी हुई दंड संहिता में सालों तक जीते रहे। देश 75 साल भले ही दंड संहिता में जिया, लेकिन आने वाली पीढ़ी न्याय संहिता में जिएगी, आपने अपने पोते-पोतियों को यह कह सकते हैं।तीन तलाक से मुक्ति और नारी सम्मान का काम 17 वींलोकसभा ने किया है। भले ही कुछ सांसदों का विचार कुछ भी रहा हो,लेकिन कभी न कभी वे भी कहेंगे कि यह काम हमने होते देखा है।5 साल देश में रीफार्म, परफॉर्म एंड ट्रांसफॉर्म से जुड़े हैं। ये रेयर होता है। ये अपने आप में 17 वीं लोकसभा से आज देश अनुभव कर रहा है। सदन का महत्वपूर्ण रोल रहा है। ये समय है कि मैं सभी माननीय सांसदों का नेता होने के नाते और साथी होने के नाते अभिनंदन करताहूं।5 साल में इस सदी का सबसे बड़ा संकट पूरी मानव जाति ने झेला। कौन बचेगा, कौन बच पाएगा, कोई किसी को बचा सकता है कि नहीं, वो ऐसी अवस्था थी। ऐसे में सदन में आना भी संकट काल था। जो भी व्यवस्थाएं करनी पड़ीं, आपने उसको किया। देश के काम को रुकने नहीं दिया। सदन की गरिमा भी बनी रहे और देश के आवश्यक कामों को जो गति देनी चाहिए, वो गति भी बनी रहे, सदन की भूमिका भी कम ना हो। इसको आपने बड़ी कुशलता के साथ संभाला,पिछला 5 साल देश के रिफॉर्म, ट्रांसफॉर्म औरपरफॉर्म का रहा। पीएम ने कोरोना जैसी विपरीत परिस्थिति में संसद की कार्यवाही, पेपरलेस पार्लियामेंट की शुरुआत और 17वींलोकसभा में 97प्रतिशत प्रोडक्टिविटी की प्रशंसा की।कोरोना के समय सांसदों के सांसद निधि छोड़ने, सांसदों की 30 प्रतिशत सैलरी कटौती, संसद की कैंटीन में समान रेट लागू किए जाने को लेकर सांसदों के सहयोग की भी तारीफ की। उन्होंने कोरोना के दौरान कुछ सांसदों के निधन पर भी दुख जताया।

योगेश गोयल

स्वामी जी हिन्दी भाषा के प्रबल समर्थक थे और उनका मत था कि कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक पूरे देश में एक ही भाषा 'हिन्दी' बोली जानी चाहिए। मानव शरीर को नश्वर बताते हुए वह कहते थे कि हमें इस शरीर के जरिये केवल एक अवसर मिला है, स्वयं को साबित करने का कि 'मनुष्यता' और 'आत्मविवेक' क्या है। वे कहा करते थे कि शक्ति किसी अलौकिकता या चमत्कारिता के प्रदर्शन के लिए नहीं होती। उनका कहना था कि अज्ञानी होना गलत नहीं है लेकिन अज्ञानी बने रहना गलत है।

सन्यासी योद्धा थे स्वामी दयानंद सरस्वती

आर्य समाज के संस्थापक के रूप में वंदनीय महर्षि स्वामी दयानन्द सरस्वती ऐसे देशभक्त, समाज सुधारक, मार्गदशक और आधुनिक भारत के महान चिंतक थे, जिन्होंने न केवल ब्रिटिश सत्ता से जमकर लोहा लिया बल्कि अपने कार्यों से समाज को नई दिशा और ऊर्जा भी प्रदान की। 1857 की क्रांति में उनका अमूल्य योगदान था। स्वामी दयानंद का जन्म गुजरात के टंकारा में 12 फरवरी 1824 को हुआ था। स्वामी दयानंद का बचपन बहुत अच्छा बीता लेकिन उनके जीवन में घटी एक घटना ने उन्हें इस कदर प्रभावित किया कि वे 21 वर्ष की आयु में ही अपना घर बार छोड़कर आत्मिक एवं धार्मिक सत्य की तलाश में निकल पड़े और एक सन्यासी बन गए। जीवन में ज्ञान की तलाश में वे स्वामी विरजानंद से मिले, जिन्हें अपना गुरु मानकर उन्होंने मथुरा में वैदिक तथा योग शास्त्रों के साथ ज्ञान की प्राप्ति की। 1845 से 1869 तक कुल 25 वर्षों की अपनी वैराग्य यात्रा में उन्होंने कई प्रकार के दैविक क्रियाकलापों के बीच विभिन्न प्रकार के योगों का भी गहन अभ्यास किया। देश के स्वतंत्रता संग्राम में महर्षि स्वामी दयानन्द सरस्वती की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण थी और 'स्वराज' का नारा उन्होंने ही दिया था, जिसे बाद में लोकमान्य बालगंगाधर तिलक ने अपनाया और 'स्वराज्य मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है' का नारा दिया। वेदों का प्रचार-प्रसार करने के साथ-साथ उनकी महत्ता लोगों तक पहुंचाने तथा समझाने के लिए उन्होंने देशभर में भ्रमण किया। जीवनपर्यन्त वेदों, उपनिषदों का पाठ करने वाले स्वामी जी ने पूरी दुनिया को इस ज्ञान से लाभान्वित किया। उनकी किताब 'सत्यार्थ प्रकाश' आज भी दुनियाभर में अनेक लोगों के लिए मार्गदर्शक साबित हो रही है। वेदों को सर्वोच्च मानने वाले स्वामी दयानन्द ने वेदों का प्रमाण देते हुए हिन्दू समाज में फैली कुरीतियों और अंधविश्वासों का डटकर विरोध किया। जातिवाद, बाल विवाह, सती प्रथा जैसी समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने में उनका योगदान उल्लेखनीय है,

इसीलिए उन्हें 'सन्यासी योद्धा' भी कहा जाता है। दलित उद्धार तथा स्त्रियों की शिक्षा के लिए भी उन्होंने कई आन्दोलन किए। हिन्दू धर्म के अलावा इस्लाम तथा ईसाई धर्म में फैली बुराईयों और अंधविश्वासों का भी उन्होंने जोरदार खंडन किया। उन्होंने अपना पूरा जीवन मानव कल्याण, धार्मिक कुरीतियों की रोकथाम तथा वैश्विक एकता के प्रति समर्पित कर दिया। स्वामी दयानंद ने आर्य समाज की स्थापना मुम्बई के गिरगांव में गुड़ी पड़वा के दिन 10 अप्रैल 1875 को की थी, जिसकी स्थापना का मुख्य उद्देश्य शारीरिक, आत्मिक और सामाजिक उन्नति के साथ समूचे विश्व को एक साथ जोड़ना था। आर्य समाज के द्वारा उन्होंने दस मूल्य सिद्धांतों पर चलने की सलाह दी। मूर्ति पूजा के अलावा वे जाति विवाह, महिलाओं के प्रति असमानता की भावना, मांस के सेवन, पशुओं की बलि देने, मंदिरों में चढ़ावा देने इत्यादि के सख्त खिलाफ थे और इसके लिए उन्होंने लोगों में जागरुकता पैदा करने के अथक प्रयास किए। अपने 59 वर्ष के जीवनकाल में महर्षि दयानंद ने न सिर्फ देश में व्याप्त बुराईयों के खिलाफ लोगों को जागृत किया बल्कि अपने वैदिक ज्ञान से नवीन प्रकाश को भी देशभर में फैलाया। हालांकि कई लोगों ने उनका जमकर विरोध भी किया लेकिन स्वामी दयानंद सरस्वती के तार्किक ज्ञान के समक्ष बड़े-बड़े विद्वानों और पंडितों को भी नतमस्तक होना पड़ा। वे अपने जीवन को पुनर्जन्म, ब्रह्मचर्य, सन्यास तथा कर्म सिद्धांत के चार स्तंभों पर खड़ा मानते थे। स्वामी जी हिन्दी भाषा के प्रबल समर्थक थे और उनका मत था कि कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक पूरे देश में एक ही भाषा 'हिन्दी' बोली जानी चाहिए। मानव शरीर को नश्वर बताते हुए वह कहते थे कि हमें इस शरीर के जरिये केवल एक अवसर मिला है, स्वयं को साबित करने का कि 'मनुष्यता' और 'आत्मविवेक' क्या है। वे कहा करते थे कि शक्ति किसी अलौकिकता या चमत्कारिता के प्रदर्शन के लिए नहीं होती। उनका कहना था कि अज्ञानी होना गलत नहीं है लेकिन अज्ञानी बने रहना गलत है। स्वामी जी का तर्क था कि काम करने से पहले सोचना बुद्धिमानी, काम करते हुए सोचना सतर्कता और काम करने के बाद सोचना मूर्खता है। वह कहा करते थे कि दुनिया को अपना सर्वश्रेष्ठ दीजिए और तब आपके पास सर्वश्रेष्ठ लौटकर आएगा। सभी धर्मों और उनके अनुयायियों को वे एक ही ध्वज तले बैठा देखना चाहते थे। दरअसल उनका मानना था कि आपसी लड़ाई का फायदा सदैव तीसरा उठाता हैं, इसलिए इस भेद को दूर करना आवश्यक है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली/वार्ता। 1742: महान मराठा दिग्गज नाना फड़नवीस का जन्म। 1809: ब्रिटिश वैज्ञानिक चार्ल्स डार्विन का जन्म। 1809: अमेरिका के 16वें राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन का जन्म। 1818: चिली ने स्पेन से आजादी की औपचारिक घोषणा की। 1922: महात्मा गांधी ने कांग्रेस कार्यकारिणी समिति को असहयोग आंदोलन को समाप्त करने के लिए राजी किया। 1928: गांधी जी ने बारदोली में सत्याग्रह के संकेत दिए। 1948: महात्मा गांधी की अस्थियों को इलाहाबाद में गंगा नदी सहित विभिन्न पवित्र स्थलों पर विसर्जित किया गया। 1975: भारत को चेचक से मुक्त देश घोषित किया गया। 1994: चोरों ने नार्वे के महान चित्रकार एडवर्ड मंक की विश्वप्रसिद्ध रचना 'द स्क्रीम' को चुरा लिया। हालांकि बाद में इस कृति को बरामद कर लिया गया। 1996: फ़िलिस्तीनी मुक्ति संगठन के नेता यासर अराफ़ात को गाजा में फ़िलिस्तीन के प्रथम राष्ट्रपति के रूप में शपथ दिलाई गई। 2002: ईरान के एक विमान के खुर्रमबाद हवाई अड्डे पर उतरते समय दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से 119 लोगों की मौत हुई।

QUIZ TIME

1) एराटोस्थनीज नाम की नई खुली पानी के नीचे की घाटी कहाँ स्थित थी?

2) हाल ही में समाचारों में देखी गई हिप्स पारविस्पिनस किस प्रजाति से संबंधित है?

3) फलों में परिपक्वता किस से बढ़ती है?

4) सल्फ्यूरिक अम्ल बनाने की सम्पर्क विधि में उत्प्रेरक के रूप में क्या प्रयुक्त होता है?

5) रवि सिन्हा को किस संस्था का प्रमुख बनाया गया?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) प्रशांत के तट के पास (2) आक्रामक कीट प्रजाति (3) इथाइलीन (4) प्लैटिनम चूर्ण (5) रॉ

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -331

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. चौड़ी और सपाट जमीन, रणभूमि 3. स्वरग्राम, संगीत के सात स्वरों का समूह 6. धूल का कण, किसी वस्तु का सूक्ष्मकण, धूल 7. हिम्मत, सामर्थ्य 8. अभ्यर्थना, रिसेप्शन, यथा अवसर पर पूछे जाने वाला मंगल कुशल 9. आपस का करार, निबटारा 10. वरदान, दुल्हा 12. भोग, ऐश्वर्य 13. कीमत, मूल्य 14. एक वाद्ययंत्र जिसे सपेरे बजाते हैं 16. समता, बराबरी 18. अश्लील, बेहुदा, अभद्र, घटिया 19. युक्ति, उपाय, ढंग 20. रिक्त, अपूर्ण।

ऊपर से नीचे

1. दोस्ती, मित्रता 2. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 4. बचाव, हिफाजत 5. मीठापन, मधुर होने का भाव 7. समुद्र 8. आत्मनिर्भर, जो दूसरे पर आश्रित न हो 9. रसवाला, रसदार 11. मां का बच्चों के प्रति प्रेम 13. खैरात, देने की क्रिया 15. दृष्टि, निगाह 16. वरिष्ठ, बुजुर्ग, चतुर 17. पराजय, हार।

1		2	■	3	4		5	■
	■		■	■		■	6	
■	7			■	■	■		■
8			■	9				■
10		■	■		■	■	■	11
	■	12			■	■	13	
14	15	■		■	16	17		
■		■	18				■	■
19				■		■	20	

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 330 का हल

ला	लू	प्र	सा	द	या	द	व	■
प	■	ति	■	■	र	क्ष	क	■
र	ह	मा	न	■	■	■	■	आ
वा	■	■	मि	थु	न	■	दा	स
ह	वा	ला	त	■	सी	ता	■	पा
■	न	■	■	■	ब	क	वा	स
औ	र	त	■	म	■	त	■	■
ला	■	बे	च	ना	■	व	च	न
द	ह	ला	■	ना	ग	र	■	दी

आज का पंचांग

सूर्योदयः 07:10, सूर्यास्तः 06:12, चन्द्रोदयः 08:05, चन्द्रास्तः19:44, अयन उत्तरायणे (दक्षिणगोलीय), ऋतुः शिशिर, शक सम्वतः 1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वतः 2080 (पिंगल), मास माघ, पक्ष शुक्ल, तिथि तृतीया, नक्षत्र पूर्वाभाद्रपद, योग शिव, प्रथम करण बालव (10:57 तक), द्वितीय करण कौलव (21:09 तक)।

॥ गोचर ग्रहाः॥

सूर्य-मकर, चंद्र-कुम्भ, मंगल-मकर (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध-मकर (अस्त, पूर्व, मार्गी), गुरु-मेष (उदित, पश्चिम, मार्गी), शुक्र-मकर (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि-कुम्भ (अस्त, पश्चिम, मार्गी), राहु-मीन, केत-कन्या।

शुभ यात्रा दिशा

पश्चिम-दक्षिण (पान का सेवन कर यात्रा करें)

आज जन्मे शिशुओं का नामकरणः

आज जन्मे शिशुओ का नाम पूर्वाभाद्रपद नक्षत्र के प्रथम , द्वितीय ,तृतीय एवं चतुर्थ चरण अनुसार क्रमशः (से, सो,दा,दी) नामाक्षर से रखना शास्त्र सम्मत है।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष : आज के दिन भागदौड़ भरी जिंदगी में शांति की तलाश में रहेंगे मन में आज कुछ ना कुछ उठापटक लगी रहेगी।

वृषः आज का दिन सभी कार्य मे सफलता दिलाएगा। पूर्व में किये गए परिश्रम का फल आज अवश्य ही धन लाभ के रूप में मिलेगा।

मिथुन : आज आप पूर्व में की गलतियों की समीक्षा करेंगे भविष्य को लेकर थोड़ी चिंता भी रहेगी। कार्य व्यवसाय में आज कही से भी लाभ की उम्मीद नजर नही आएगी।

कर्कः आज दिन के पहले भाग को छोड़ शेष समय शारीरिक एवं मानसिक समस्या का सामना करना पड़ेगा ।

सिंह- आज के दिन पूर्वार्ध में पहले मिली सफलता के कारण निश्चिन्त रहेंगे महत्त्वपूर्ण कार्यो में लापरवाही करेंगे ।

कन्या - आज दिन के आरंभिक भाग को छोड़ शेष सामान्य रहेगा। प्रातः काल सेहत में नरमी रहेगी लेकिन पहले की अपेक्षा सुधार भी आएगा।

तुला : आज के दिन बुद्धि विवेक में विकास होगा लेकिन इससे मनिच्छित सफलता नही मिल सकेगी दिन के पहले भाग में घर मे पुरानी बात के कारण मतभेद रहेंगे।

वृश्चिकः आज दिन के आरंभ में किसी गुप्त कारण से चिंतित रहेंगे स्वयं अथवा किसी परिजन की गलती के कारण घर मे कलह होने की आशंका से मन व्याकुल रहेगा ।

धनु : आरंभ शांति से व्यतीत होगा लेकिन इसके बाद व्यर्थ के प्रपंचो में पड़कर मानसिक शांति खो देंगे। करने योग्य कार्य छोड़ अनर्गल प्रवृतियों में समय और धन नष्ट करेंगे।

मकर : आज दिन के पूर्वार्ध की संतोषी प्रवृति मध्यान तक बेचैनी में बदल जाएगी। धन को लेकर आज कोई जोखिम नही लेंगे।

कुंभ : आज का दिन बीते समय की तुलना में बेहतर बीतेगा। दिन के आरंभ में अधिकांश कार्य हानि होने के डर से करने से कतराएंगे ।

मीन : आज के दिन से आप काफी उम्मीद लगाए रहेंगे लेकिन दिन निराश करने वाल रहेगा।

न्यूज गैलरी

नई ऊंचाइयां हासिल करेगा एनटीपीसी सीपत- पांडेय

सीपत/नवप्रदेश। विजय कृष्ण पाण्डेय मुख्य महाप्रबंधक ने 10 फरवरी 2024 को एनटीपीसी सीपत का कार्यभार परियोजना प्रमुख के रूप में संभाला। सीपत स्टेशन का कार्यभार लेने से पहले वे एनटीपीसी कुडगी में मुख्य महाप्रबंधक के रूप में कार्यरत थे। बता दें कि वे बीआईटी, सिंद्री से 1987

मैकेनिकल इंजीनियरिंग की डिग्री प्राप्त करने के बाद, उन्होंने वर्ष 1988 एनटीपीसी के साथ कार्यपालक प्रशिक्षु के रूप में अपनी यात्रा प्रारंभ की। उनके 36 वर्षों के सेवाकाल के दौरान, विजय कृष्ण पाण्डेय ने बदरपुर, एनएसपीसीएल-राउरकेला, एनएसपीसीएल- दुर्गापुर, कांटी, तालचर थर्मल और कुड़गी जैसे विभिन्न एनटीपीसी परियोजनाओं/स्टेशनों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके पास प्रचालन तथा अनुरक्षण आदि विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने का अनुभव है। श्री विजय कृष्ण पांडेय, का व्यक्तित्व बहुत ही सरल व सहज है तथा इनके मार्गदर्शन में एनटीपीसी ने कई उपलब्धियाँ हासिल की है। उनके विशाल अनुभव की बहुमूल्यता से अपेक्षित है कि एनटीपीसी सीपत और निकटवर्ती गांवों के लोग लाभान्वित होंगे, जिससे एनटीपीसी सीपत स्टेशन नई ऊंचाइयाँ हासिल करेगा।

पूर्व शिक्षक मेलाराम साहू ने मांगा लोकसभा का टिकट

सीपत/नवप्रदेश। सीपत के एक शिक्षक मेलाराम साहू ने बिलासपुर लोकसभा के लिए अपनी दावेदारी पेश की। मेलाराम ने पत्रकारों से बातचित करते हुए बताया कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यों से प्रभावित होकर राजनीति प्रवेश करने की इच्छा रखते है। उन्होंने बताया कि पीएम मोदी ने विश्वपटल पर

भारत को सम्मान दिलाया है। उनकी रीति नीति से मैं बहुत प्रभावित हूँ। पिछले दिनों बिलासपुर भाजपा पर्यवेक्षकों की उपस्थिति में उन्होने अपना बायोडाटा देकर बिलासपुर लोकसभा से सांसद के चुनाव लड़ने के लिए ताल ठोकी है। श्री साहू ने बताया कि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के निर्णय के अनुसार अपने आप को स्थापित करने का प्रयास करेंगे। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व यदि उन पर भरोसा जतातें है तो निश्चित ही वे उनके विश्वासों पर खरे उतरने का भरसक प्रयास करते हुए जनसेवा में अग्रणी रहेंगे। दावेदारी पेश करने के बाद उन्होंने अपनी अगली रणनीति के बारे में बताते हुए कहा कि वे लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत तीन जिलों के विधानसभाओं में दौरा कर चुके हैं जिसमे उन्होंने पाया कि लोकसभा क्षेत्र में 60 प्लस ओबीसी वर्ग के मतदाता आते हैं। मेलाराम भी ओबीसी वर्ग से आते है यही वजह है कि वे भी लोकसभा चुनाव के लिए पर्यवेक्षकों के समक्ष अपनी उम्मीदवारी पेश की। बता दें कि मेलाराम साहू पिछले कुछ वर्षो से सामाजिक क्षेत्रो में भी बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे है। वे करीब 2 महीने पूर्व नवाडीह चौक सीपत में ऐतिहासिक श्रीमद्भागवत का आयोजन कर जिले के साथ साथ प्रदेश में एक नई पहचान बनाई। इस आयोजन में लाखों श्रद्धालुओं ने शामिल होकर कथा का लाभ लिया था। वे लगातार लोकसभा क्षेत्र का दौरा कर विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमो में शामिल होकर जनता से रूबरू हो रहे है।

16 से अहमदाबाद में एथलेटिक्स मुकाबले

बिलासपुर। गुजरात सरकार के तत्वावधान में 16 फरवरी से 19 वीं राष्ट्रीय कनिष्ठ एथलीट प्रतियोगिता आयोजित हो रही है। तीन दिवसीय इस आयोजन में अन्य राज्यों की तरह छत्तीसगढ़ की बालक व बालिका टीम भाग लेगी। एथलेटिक्स संघ के अनुसार एथलेटिक फेडरेशन आफ इंडिया का सबसे बड़ा आयोजन होता है। विश्व में सब जूनियर स्तर की ऐसी प्रतियोगिताएं कहीं आयोजित नहीं होती। यही वजह है देश के हर राज्य की टीमें इसमें भाग लेने के लिए उत्साहित है। आयोजन की तिथि व अन्य जानकारियां आयोजकों द्वारा पहले ही सभी राज्यों को साझा कर दी गई थी, ताकि वह अपने- अपने राज्यों की टीमें तैयार कर लें। इसमें देश के आठ हजार खिलाड़ी व 750 अधिकारी और चार से पांच हजार आयोजन करता शामिल होंगे। इस प्रतियोगिता को लेकर छत्तीसगढ़ की टीम तैयार कर ली गई है।
यहां से लगभग 347 खिलाड़ी एवं अधिकारी भाग लेने के लिए जाएंगे। इस प्रतियोगिता में उपलब्धि अर्जित करना बड़ी बात होगी।

बंगाल की खाड़ी से आने वाली हवाओं ने बदला मौसम का रुख

शहर सहित आसपास के इलाकों में बारिश

बिलासपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में हवा की दिशा बदलने के कारण मौसम का मिजाज बदल गया है और 14 फरवरी तक प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में बारिश के आसार है। मौसम विज्ञानियों के अनुसार 11 से 13 फरवरी तक दक्षिण छत्तीसगढ़ और 12 से 14 फरवरी तक उत्तरी छत्तीसगढ़ में बारिश के आसार है। इसके साथ ही 15 फरवरी को छुटपुट हल्की वर्षा हो सकती है। शनिवार को प्रदेश भर में अंबिकापुर सबसे ठंडा रहा।रायपुर में ठंड थोड़ी कम होने लगी है, हालांकि आउटर व ग्रामीण क्षेत्रों में ठंड बनी हुई है।

प्रदेश भर में मौसम शुष्क- शनिवार को रायपुर सहित प्रदेश भर में मौसम शुष्क रहा। न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी के साथ ही तेज धूप के चलते रायपुर में ठंड थोड़ी कम हुई है,आउटर व ग्रामीण में ठंड बनी हुई है। रायपुर का न्यूनतम तापमान 16.3 डिग्री रहा,जो सामान्य रहा। इस वर्ष ठंड कम पड़ने से गर्म कपड़ों का कारोबार भी पूरी तरह से गिर गया है,इनमें दिए जाने वाले 60 प्रतिशत छूट आफर भी ग्राहकों को लुभा नहीं पाए। मौसम विज्ञानी एचपी चंद्रा ने बताया कि रविवार से प्रदेश भर में मौसम का मिजाज बदल सकता है और 14 फरवरी तक विभिन्न क्षेत्रों में बारिश के आसार है।

बिलासपुर सहित कई जगह बढेगी ठंड इन दिनों अंबिकापुर, पेंड्रारोड व बिलासपुर में ठंड बढ़ गई है। विशेषकर अंबिकापुर में तो न्यूनतम तापमान सामान्य से छह डिग्री गिर गया,यहां का न्यूनतम तापमान 5.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसी प्रकार पेंड्रा रोड में न्यूनतम तापमान 9.6 डिग्री और बिलासपुर में 12.6 डिग्री दर्ज किया गया। पेंड्रा रोड में न्यूनतम तापमान सामान्य से चार डिग्री कम और बिलासपुर में सामान्य से दो डिग्री कम रहा।

महानगरों तक सीधी उड़ान के लिए नागरिकों ने बनाई मानव श्रृंखला

बिलासपुर। एक मार्च से बिलासपुर से चलने वाली प्रयागराज, जबलपुर और दिल्ली की उड़ानों की बुकिंग बंद हो जाने का विरोध तेज हो गया है। शनिवार को हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति के मानव श्रृंखला आंदोलन को विभिन्न संगठनों से भारी समर्थन मिला। मानव श्रंखला दोपहर 12 बजे देवकी नंदन चौक से रामसेतु के सरकंड़ा छोर तक बनाई गई। एयरपोर्ट विकास विस्तार और महानगरों तक सीधी उड़ान के लिए नागरिकों ने बड़ी मानव श्रृंखला बनाई जिसमे महिला, युवा, छात्र, व्यापारी, समाजसेवी, राजनेता, सामजिक संगठन सभी ने भागीदारी निभाई।

बिलासपुर के नागरिक बीते चार साल से देश की चारों दिशाओं में एक एक महानगर दिल्ली, मुंबई, कोलकाता और हैदराबाद के लिए सीधी उड़ान की मांग कर रहे है पर उस मांग को पूरा करने के बजाय वर्तमान में चल रही उड़ान के बंद हो जाने की आशंका हो गई है। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने बताया कि बिलासपुर एयरपोर्ट से फ्लाइट चालू हुए तीन साल 29 फरवरी को पूरा होने वाले है और बिलासपुर से जबलपुर और प्रयागराज के लिए इन मार्गो पर उड़ान योजना के तहत फ्लाइट चल रही है जिसकी तीन साल समय सीमा पूरा होने पर अलायन्स एयर को वीजीएफ सब्सिडी मिलना बंद हो जाएगी और इस रूट पर उड़ान चलाई जाए या नहीं इस पर नया फैसला लिया जाएगा।

यातायात नियम और सुरक्षा की जानकारी देने सड़क पर उतरे डीएसपी

बिलासपुर/नवप्ररदेश। डीएसपी यातायात पुलिस खुद सड़क में चलकर कठपुतलियों के साथ यातायात के नियम और सुरक्षा की जानकारी देने निकले लोगों ने जमकर सराहना की कठपुतलियों की खूबसूरती तपस्या और कथककली और मृगनयनी और विशालकाय कठपुतली अमिताभ बच्चन की देखकर लोग आश्चर्य चकित थे लोगों को यातायात सुरक्षा के नियमों और उल्लंघन करने पर चालान काटने और बिलासपुर शहर में कई सी सी टी वी लगाये गये हैं जो आपकी गाड़ी की स्पीड को दर्शाते हुए चालान काटने की समझाइश दी गई युवा वर्ग से विशेष अपील की गई है कि हेलमेट पहने गाड़ी चलाते वक्त फ़ोन पर बात ना करे जनहित में जारी सड़क सुरक्षा माह 14 फ़रवरी तक चलाया जायेगा।

पं. दीनदयाल के चिंतन और विचार पीढ़ियों को प्रेरित करने वाले-अमर

बिलासपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के प्रेरणा स्रोत पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि समर्पण दिवस पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए पूर्व मंत्री एवं विधायक अमर अग्रवाल ने जारी संदेश में कहा अंत्योदय के सूत्रधार पंडित दीनदयाल के व्यक्तित्व और कृतित्व भारत के सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के प्रणेता भगवान राम की विचारधारा से साम्यता रखते है। राष्ट्रपिता ने भी राम राज्य की परिकल्पना को लेकर कहा था कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं की बहुत सुनिश्चित होनी चाहिए। हमे गर्व है कि सन 2014 से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की केंद्र की सरकार ने गरीबों के कल्याण के लिए योजनाओं और कार्यक्रमों को माध्यम बनाया है।

आने वाले कुछ दिनों में देश मोदी की गारंटी पर मोदी को चुनने जा रहा है, मोदी सरकार में सपनों को हकीकत में बुनते हुए प.दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय मॉडल को राष्ट्रीय चरित्र के रूप में स्थापित किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'दीनदयाल अंत्योदय योजना' की शुरुआत की जो आज ग्रामीण भारत की एक नई क्रांति बन चुकी है। अमर अग्रवाल ने कहा पं दीनदयाल के चितन और विचार पीढ़ियों को प्रेरित करने वाले हैं।पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने 1951 में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के साथ मिलकर भारतीय जनसंघ की स्थापना की थी।

पुलिस से हुज्जतबाजी तीन आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। जोनल अधिकारी रोशन आहूजा के द्वारा होटल हेवेंस पार्क में संचालित पब की सरप्राईज चेकिंग की गई जहां पब संचालित रहने के समय समाप्त होने के बाद भी पब में कार्यक्रम संचालित था जिनको इतनी रात में पब संचालित रहने के संबंध में पूछताछ करने पर कुंदन श्रीवास पिता जीवनलाल श्रीवास उम्र 21 वर्ष निवासी टेलीफोन एक्सचेंज रोड बिलासपुर कमल लछवानी पिता राजेश लछवानी उम्र 30 वर्ष निवासी जबडापारा थाना सरकंडा जिला बिलासपुर अमर दास मानिकपुरी पिता प्रयाग दास मानिकपुरी उम्र 23 वर्ष निवासी अमोरा हाल कीर्ति नगर थाना सिरगिट्टी ने उनसे वाद विवाद करने लगे उक्त संबंध में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर राजेन्द्र जायसवाल एवम नगर पुलिस अधीक्षक सिविल लाइन संदीप पटेल को अवगत कराने पर उनके द्वारा थाना प्रभारी सिविल लाईन प्रदीप आर्य को तीनों व्यक्तियों के विरुद्ध प्रतिबंधक कार्यवाही करने निर्देशित करने पर उपरोक्त तीनों व्यक्ति के विरुद्ध प्रतिबंधक धारा 151 सीआरपीसी के तहत कार्यवाही कर सिटी मजिस्ट्रेट बिलासपुर के समक्ष पेश किया गया है। एवं बार संचालक के विरुद्ध लाइसेंस निरस्तीकरण करने की कार्रवाई की जा रही है।

पत्रकारों को निडर होकर काम करना चाहिए- कलेक्टर

प्रेस ट्रस्ट भवन की लाइब्रेरी का किया लोकार्पण

बिलासपुर/नवप्रदेश। ब्लड और पुस्तक डोनेट करना दोनों एक समान है। हम जरूरतमंद को ब्लड देकर उसकी जान बचा सकते हैं। उसी प्रकार पुस्तक बांट कर हम ज्ञान बांट सकते हैं। ये बातें कलेक्टर अवनीश शरण ने शनिवार को ईदगाह चौक स्थित डीपी चौबे प्रेस ट्रस्ट भवन में आयोजित लाइब्रेरी के लोकार्पण समारोह में मुख्य अतिथि की आसंदी से कहीं।

रायपुर के एसएसपी संतोष कुमार सिंह ने बिलासपुर प्रेस क्लब को लाइब्रेरी स्थापना के लिए पहल करते हुए ज्ञानवर्धक कई पुस्तकें उपलब्ध कराई हैं। मुख्य अतिथि कलेक्टर शरण ने कहा कि पत्रकार को हमेशा निर्भिक होना चाहिए, निष्पक्ष नहीं। उन्होंने कहा कि जब एक पत्रकार समाज के अंतिम व्यक्ति को सामने रखकर खबर लिखता है और उसे न्याय मिलती है, तो बहुत ही खुशी होती है। इस अवसर पर उन्होंने अपने पत्रकार पिता के बारे में भी बातें साझा की। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि बिलासपुर नगर निगम के आयुक्त अमित कुमार ने कहा कि हम इंटरनेट के माध्यम से कई जानकारी ले सकते हैं, परंतु एक किताब से मिलने वाले ज्ञान से हमेशा वंचित रहेंगे। जो जानकारी हमें किताबों से मिलती है, वो जानकारी हमें इंटरनेट में भी नहीं मिल पाती। उन्होंने बिलासपुर प्रेस क्लब के कार्यों की सराहना की और लाइब्रेरी को बढ़ाने के लिए हर संभव मदद देने की बात कही। कार्यक्रम की अति विशिष्ट अतिथि प्रभारी एसपी अर्चना झा ने कहा कि पत्रकार देश का चौथा स्तंभ है, जिसे आप लोगों ने साक्ष्य किया है। आज यहां लाइब्रेरी सहित ई-लाइब्रेरी का लोकार्पण किया जा रहा है, जिससे निश्चित ही लोगों को कुछ सीखने को मिलेगा। तरह-तरह के ज्ञान पुस्तकों के माध्यम से मिलेंगे। कार्यक्रम में सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए बिलासपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष इरशाद अली ने कहा कि आप सभी के सहयोग से यह संभव हुआ है, जिसका श्रेय हमारे जिले के एसएसपी को जाता है जो अब राजधानी में अपनी सेवाए दे रहे हैं।उनके मार्गदर्शन से ही यह संभव हो सका है। दैनिक भास्कर के संपादक हर्ष पांडेय ने कहा कि अब तक ट्रस्ट भवन का उपयोग चुनाव के लिए होते आया है। यहां सियासत चली है। आज ये खुशी की बात है कि अब यहां लाइब्रेरी की स्थापना हो रही है। नईदुनिया के संपादक डॉ. सुनील गुप्ता ने किताबें पढ़ने के लिए जोर देते हुए कहा कि पठन-पाठन के अभाव में ही अब प्रेस जैसे संस्थानों में नए लोगों को बड़ी जिम्मेदारी नहीं दे पाते हैं। इसके लिए किताबें पढ़ना जरूरी है। पत्रिका के संपादक जयंत कुमार सिंह ने भी विशेषकर पत्रकारों के लिए किताबे पढ़ना जरूरी क्यों है, इस पर अपनी बात रखी। हरिभूमि के संपादक प्रवीण शुक्ला ने प्रेस क्लब भवन में लाइब्रेरी बनाने के लिए प्रेस ट्रस्ट के मैनेजिग ट्रस्टी अशोक अग्रवाल के साथ पहले किए गए विचार-विमर्श को साझा किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रेस ट्रस्ट के मैनेजिग ट्रस्टी अशोक अग्रवाल ने कहा कि लाइब्रेरी की यह योजना दस से बारह साल पुरानी है।

वैगन के खुले गेट से ओएचई खंभा क्षतिग्रस्त, गेट भी टूटा

बिलासपुर। रायपुर से रायगढ़ की ओर जा रही खाली मालगाड़ी के एक वैगन का गेट खुला हुआ था। यह गेट बिलासपुर स्टेशन के यार्ड में एक ओएचई खंभे से टकराया। जिससे खंभा क्षतिग्रस्त हो गया। इस घटना से चालक व गार्ड में सकते में आ गए। तत्काल इसकी सूचना दी गई। इस दौरान स्टेशन पहुंचने के बाद वैगन में लटक रहे गेट को काटकर अलग किया गया। बाद में वेल्डिंग कर अस्थाई व्यवस्था की गई। इसके बाद मालगाड़ी गंतव्य के लिए रवाना हो गई।

सीजीपीएससी परीक्षा 242 पदों के लिए सीजीपीएसी की प्रारंभिक परीक्षा दो पालियों में हुई

इतिहास के प्रश्नों ने परीक्षार्थियों को उलझाया

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (सीजीपीएससी) की सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2023 आज दो पालियों में सुबह 10 से 12 बजे तक और दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक बिलासपुर जिले के विभिन्न केंद्रों में आयोजित की गई।

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (सीजीपीएससी) ने 242 पदों की भर्ती के लिए प्रदेश भर में यह परीक्षा का आयोजित की इसमें डिप्टी कलेक्टर,जेल अधीक्षक, राज्य वित्त सेवा अधिकारी जैसे 17 अलग-अलग विभागों के पद शामिल हैं। परीक्षा प्रदेश के साथ शहर के विभिन्न केंद्रों में सम्पन्न हुई। प्रारंभिक परीक्षा के लेकर परीक्षार्थी काफी उत्साहित रहे। कई परीक्षार्थी पहली बार इस परीक्षा का शामिल हुए तो बहुत से परीक्षारर्थियों ऐसे हैं जो पहले भी इस परीक्षा का हिस्सा रह चुके थे। पहली पाली में सामान्य अध्ययन-भारत की सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, भूगोल से समसाम्यिक घटनाए व पर्यावरण तथा भाग दो से छत्तीसगढ़ से संबधित सवाले पूछे गए। दूसरी पाली में संचार कौशल, तार्किक, निर्णय, संख्यात्मक, मानसिक योगयता, हिन्दी और छत्तीसगढ़ी भाषा ज्ञान के सवाल पूछे गए।

नियमों का कड़ाई से पालन

परीक्षा के दौरान सभी परीक्षार्थियों एवं अधिकारियों-कर्मचारियों को कोविड-19 महामारी के दिशा निर्देशानुसार सोशल डिस्टेसिंग, सेनेटाईजेशन, मास्क पहनना एवं अन्य सभी दिशा निर्देशो का पालन करया गया। परीक्षा के दौरान आबंटित परीक्षा केन्द्रों में नकल कार्यो की रोकथाम के लिए पर्यवेक्षक सतत् निरीक्षण करते रहें।

कोचिंग हब बिलासपुर

बिलासपुर शहर में राज्य सेवा आयोग और संघ सेवा आयोग की परीक्षाओं की तैयारी के केंद्र है। यहां हजारों की संख्या में बच्चें प्रदेश के अलावा दूसरे प्रदेश से सीजीपीएसी की प्रारंभिक परीक्षा और मुख्य परीक्षा के तैयारी के लिए आते हैं। अपने सपनों को पूरा करने लेकर आए विद्यार्थी कड़ी तैयारी करते हैं। जिनका पहला पड़ाव पीएससी की यह प्रारंभिक परीक्षा ही है।

बैसिक सवाल रहे

प्रारंभिक परीक्षा दो पालियों में सुबह 10 से 12 बजे तक और दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक हुई। दो घंटे की 100 प्रश्नों के लिए 200 अंक निर्धारित थे। परीक्षार्थियों ने बताया कि इतिहास के सवाल हल करने में दिक्कत हुई। वहीं हिन्दी माध्यम के परीक्षार्थियों ने भी बताया कि ऐसा कोई भी सवाल ऐसा नहीं रहे जिनके लिए अंग्रेजी में सवालों को पढ़ना पड़े। उन्होंने यह भी बताया कि सवाल आसान थे। किसी तरह के अटपटे सवाल नहीं थे।

स्कूलों में बच्चों की सुरक्षा के लिए शिक्षकों को किया गया प्रशिक्षित

बिलासपुर/नवप्ररदेश। जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा बिलासपुर द्वारा आयोजित संभाग स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन बिलासपुर के स्वामी आत्मानंद शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में किया गया। संयुक्त संचालक आर.पी.आदित्य ने कार्यशाला में शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रशिक्षण को शिक्षक पूरी तन्मयता से ग्रहण करें और अपने जिले के शिक्षकों को इस विषय पर प्रशिक्षण प्रदान करें। उन्होंने कहा कि ÷शिक्षक के रूप में हमें अपने विद्यालय में किस तरह सुरक्षा संबंधी सावधानियां रखनी चाहिए इसे जानना जरूरी है उन्होंने कहा कि कई बार बहुत सी छोटी छोटी असावधानी के कारण बच्चों की सुरक्षा खतरे में पड़ जाती है । इस प्रशिक्षण का उद्देश्य यही है कि हमारे शिक्षक सुरक्षा के विभिन्न उपायों को जानें और समय आने पर उसका उपयोग कर सकें।

यूआरसीसी बिलासपुर वासुदेव पाण्डेय ने प्रशिक्षण के उद्देश्य और आवश्यकता पर प्रकाश डाला। डीएमसी समग्र शिक्षा बिलासपुर अनुपमा राजवाड़े ने कहा कि हम बेहतर माहौल में गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्रदान करने का प्रयास कर रहे है, आप भी इसी तरह अपने जिलों में शिक्षकों को प्रशिक्षण देंगे। कार्यशाला में यूनिसेफ रायपुर से प्रशिक्षक के रूप में डॉ. श्रवण कुमार सिंह एवम् राहुल विश्वकर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे। डॉक्टर श्रवण कुमार सिंह ने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से सर्प काटने पर प्राथमिक उपचार,यदि कोई बच्चा बेहोश हो जाए तो क्या करें।यदि किसी बच्चे को रक्तश्राव हो रहा हो तो क्या करें।

न्यूज गैलरी

मनाई गई पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि

कांकेर/नवप्रदेश। रविवार 11 फरवरी को हमारे प्रेरणास्त्रोत ,जनसंघ के संस्थापक सदस्य, अंत्योदय के प्रणेता पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि (समर्पण दिवस) कमल सदन भाजपा जिला कार्यालय अलबेला पारा कांकेर में मनाया गया। जहा पंडित दीनदयाल उपाध्याय के छायाचित्र के सामने दीप प्रज्वलित कर पुष्प व पुष्पमाला अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई व उनके विचारों को सभी अपने जीवन में आत्मसात करने की बात कही गई। साथ ही जिन पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को बूथ में गांव चलो घर चलो अभियान का दायित्व दिया गया है। वे सभी अपना दायित्व पूर्ण समय से पूर्ण कर लें। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के शहर मंडल के प्रभारी जिला महामंत्री दिलीप जायसवाल, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष दीपक खटवानी, कोषाध्यक्ष राजा देवनानी, पूर्व भाजपा जिला महामंत्री विजय मंडावी, जिला मंत्री निर्मला नेताम, सुषमा गंजीर, मंडल महामंत्री गिरधर यादव, उपाध्यक्ष नीलू तिवारी, मंत्री राकेश शर्मा व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

धनेली कन्हार में हुआ यह कार्यक्रम

भारतीय जनता पार्टी मंडल धनेली कन्हार में आज शक्ति केंद्र ग्राम कोदागांव में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के पुण्यतिथि पर पूजा अर्चना कर उनकी जीवनी को बतलाया गया। वे ऐसे महान राजनेता जनसंघ के संस्थापक रहे। गांव चलो अभियान पीएम मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में हर घर पहुंच कर मंडल के समस्त पदाधिकारी शक्ति केंद्र बूथ स्तर के अध्यक्ष ,पालक इस कार्य में लगकर अंतिम से अंतिम व्यक्ति तक पहुंच कर आने वाले लोकसभा चुनाव पर भारतीय जनता पार्टी को प्रचंड बहुमत से विजय दिलाने हम सभी पार्टी के कार्यकर्ता महत्वपूर्ण भूमिका के साथ आगे कार्य करनी है, मोदी की जन कल्याणकारी योजना का लाभ हर घर पक्का मकान, नल जल योजना बुजुर्ग वर्ग,युवा सभी को अधिक से अधिक जन कल्याण कारी योजनाओं का लाभ मिले मंडल अध्यक्ष पंचूराम नायक ने सभी मंडल के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं निर्देशित करते हुए कहा की आने वाले लोकसभा की तैयारी में हम सभी अंतिम व्यक्ति तक पहुंच कर जन कल्याणकारी योजना का लाभ उन तक पहुंचाएं महतारी वंदन योजना सभी 21 वर्ष से अधिक माताए और बहन को यह लाभ मिले किसी भी वर्ग के लोगों को परेशानी ना हो यह बात रखते हुए गांव चलो अभियान मंडल स्तर पर सभी गांव में यह कार्यक्रम संयोजित तरीका से किया जा रहा है।कार्यक्रम में उपस्थित मंडल अध्यक्ष पंचूराम नायक मंडल महामंत्री डाकेश साहू भावेश आरदे,बूथ अध्यक्ष लालदास साहू चुमेश पटेल फागू राम पटेल उपस्थित थे।

आदिवासी समाज ने भूमकाल स्मृति दिवस पर चौक-चौराहों का किया नामकरण

कांकेर/नवप्रदेश। भूमकाल के महानायक क्रांतिकारी वीर गुण्डाधूर के नेतृत्व में बस्तर रियासत के मूल निवासियों ने अपने हक के लिए तथा अंग्रेजी हुकूमत से तंग आकर ब्रिटिश राज्य को जड़ से खत्म करने के लिए मुरिया राज्य की स्थापना करने के आव्हान कर सन् 1910 ई0 में संघर्ष करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी थी। इस भूमकाल स्मृति दिवस को मनाने हेतु सर्वआदिवासी समाज के द्वारा कांकेर शहर के मुख्य चौक घड़ी चौक में वीर गुण्डाधूर मूर्ति, ऊपर नीचे रोड में स्वतंत्रता सेनानी सुखदेव पातर चौक, कलेक्ट्रेड चौक में भूमियार चौक, रानी दुर्गावती मूर्ति, डॉ. भीमराव अंबेडकर की सेवा अर्जी की गई। पंडरीपानी के चौक का नाम स्वतंत्रता सेनानी कंगलु कुम्हार, ज्ञानी चौक सोनाई रूपाई चौक, बरदेभाटा चौक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी गैंदसिंह भाऊ के नाम से ग्राम ग्रामवासियों एवं सर्वआदिवासी समाज के द्वारा नामकरण किया गया।

उक्त भूमकाल दिवस पर गुण्डाधूर चौक में शहीद वीर गुण्डाधूर को गार्ड ऑफ ऑनर पुलिस प्रशासन द्वारा दिया गया, और साथ ही शहीद परिवार को सम्मानित किया गया। सभी ने श्रद्धांजलि अर्पित कर वीर शहीदों को याद कियें। इस अवसर पर प्रकाश दिवान, प्रकाश भण्डारी, आर.पी. नेताम, भागीरथी नाग, शकुंतजा तारम, विजय कुमार नाग, महेश मरकाम, आर.पी मण्डावी, डॉ. नरेन्द्र राणा, प्रशांत देहारी, योगेश नरेटी, सरपंच टंकेश नाग, पार्षद जितेन्द्र वैद्य, वार्ड पंच मीना भास्कर, श्याम कुमारी मण्डावी, शिव नेताम, संतोष नाग, गोविन्द नाग, अजय करायत, रमेश गावड़े, पुनित राना, सांवत राम नाग, गोलू ठाकुर, सहित पुलिस प्रशासन के अधिकारी कर्मचारी, स्कूली बच्चें, छात्रावासी विद्यार्थीगण, समाज के पदाधिकारी और लोग भारी संख्या में शामिल हुए।

गांव चलो अभियान में ग्रामीणों को दी केन्द्र की योजनाओं की जानकारी

कांकेर/नवप्रदेश। भाजपा शहर मंडल अंतर्गत ग्राम मनकेसरी के अटल चौक में एकात्म मानववाद के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय के छाया चित्र पर माल्यार्पण व श्रद्धा सुमन अर्पित कर पुण्यतिथि मनाई गई। भाजपा के राष्ट्रीय कार्यक्रम गांव चलो अभियान के तहत ग्राम मनकेसरी में गांव चलो अभियान कार्यक्रम के जिला सह संयोजक संजय सिन्हा ने केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को गांव में घर घर पहुंचकर लाभार्थियों से संवाद किया व योजना के लाभ बताए। संजय सिन्हा ने कहा कि केंद्र में नरेंद्र मोदी की नेतृत्व वाली सरकार के चलते पूरा देश एक विकसित भारत की ओर अग्रसर हो रहा है, मोदी सरकार हमेशा ÷सबका साथ सबका विकास सबका प्रयास के मूल मंत्र को सार्थक करते हुए गरीब कल्याण योजना लागू किया जिसमें गरीब परिवार को निशुल्क अन्न मिल रहा है । गांव चलो अभियान का उद्देश्य है कि केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजना आमजन तक पहुँच रहा है या नही अगर पहुंच रहा है तो योजना का क्रियान्वयन सुचारू रूप से हो पा रहा है या नही। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ग्रामीण क्षेत्रो के आर्थिक उत्थान के लिए अनेक प्रयत्न किये है जिसके फलस्वरूप आज ग्रामीण क्षेत्र आर्थिक उन्नति को ओर अग्रसर है। केंद्र की योजना जैसे जनधन ,प्रधानमंत्री आवास,नल जल योजना,आयुष्मान, प्रधानमंत्री बीमा सुरक्षा, एवं उज्जवला योजना सहित लाभार्थियों से चर्चा किया गया।

प्रेशर हॉर्न पर अंतागढ़ पुलिस ने की कार्यवाही

कांकेर/अंतागढ़/नवप्रदेश। उच्च न्यायालय बिलासपुर के गाइड लाइन अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई के एलेसेला के

आदेशानुसार एवं अति.पुलिस अधीक्षक अंतागढ़ खोमन सिन्हा के निर्देश पर ध्वनि प्रदूषण की रोक थाम हेतु ट्रक क्रमांक CG 19 BS 4327 एवं आइसर क्रमांक छ्त्त 04 PG 3462 पर अंतागढ़ एसडीएम प्रखर चंद्राकर एवं अनु.अधिकारी पुलिस अंतागढ़ अमर सिदार के नेतृत्व मे थाना प्रभारी अंतागढ़ रोशन कौशिक एवं अन्य पुलिस बल द्वारा मोटर व्हीकल एक्ट की कार्यवाही कर वाहन चालक एवं मालिक से सम्मन शुल्क के रूप मे जुर्माना भरवाया गया। अंतागढ़ पुलिस द्वारा बढ़ती सडक दुर्घटना को के मद्देनज़र कार्यवाही जारी हैं।

छग का बजट लोकहित में : पंचू नायक

कांकेर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने छत्तीसगढ़ सरकार का बजट पेश किया है। प्रदेश सरकार के बजट को लेकर भाजपा धनेलीकन्हार मंडल पंचुराम नायक ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की सबसे महत्वाकांक्षी योजना महतारी वंदन योजना के तहत पात्र महिलाओं को 12 हजार सलाना दिया जाएगा इसके लिए 117 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। छत्तीसगढ़िया क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना के लिए 20 करोड़ प्रावधान, 5 नवीन जिलों में जिला कार्यालयों की स्थापना, छत्तीसगढ़ युवा रत्न सम्मान के लिए 1 करोड़ 50 लाख, कला साहित्य खेल के क्षेत्र में युवाओं के योगदान को प्रोत्साहित और उन्हें सम्मान देने के लिए 1 करोड़ 50 लाख,पंचायत एवं ग्रामीण विकास के अंतर्गत 17 हजार 539 करोड़, कचरा प्रबंधन की योजनाओं के लिए 400 करोड़, ग्राम पंचायत स्तरीय महिला सदन बनाने के लिए 50 करोड रुपए,सड़कों के लिए 841 करोड़ आदि का प्रावधान किया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के लिए 2887 करोड़ का प्रावधान। स्वयं सहायता समूह के माध्यम से महिलाओं को रोजगार देने के लिए 561 करोड़ रुपये का प्रावधान। शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए 5000 करोड़ से अधिक का प्रावधान किया गया है।राज्य पुलिस बल में 1089 पदों की वृद्धि राज्य पुलिस बल में 1089 पदों की वृद्धि होगी।

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक परिषद ने नि:शुल्क प्रशिक्षण की शुरुआत की

कोंडागाँव/नवप्रदेश। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के द्वारा निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन के छठवें चरण की शुरुआत विकासनगर स्टेडियम में की गई। इसमें कोंडागांव, फरसगाँव, माकड़ी, बडेराजपुर, केशकाल, मर्दापाल, धनोरा और अन्य जिलों से 213 लड़के एवं 154 लड़कियां ने पंजीयन कराया। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के संरक्षक सुब्रत साहा ने विगत 3 वर्षों से चल रहे निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण के बारे में बताया कि अग्निवीर और छत्तीसगढ़ जिला पुलिस बल की भर्ती के लिए प्रतिदिन सुबह 5.30 बजे से 7 बजे तक विकासनगर स्टेडियम में निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण दिया जाएगा। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने युवाओं को सैन्य प्रशिक्षण में भाग लेने के शुभकामनाएं दी। उनके उज्जवल भविष्य की कामना की तथा कहा कि जिला प्रशासन के द्वारा प्रशिक्षण ले रहे युवाओं को हर संभव सहयोग किया जाएगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेम प्रकाश शर्मा ने युवाओं को अग्निवीर के लिए अधिक से अधिक संख्या में रजिस्ट्रेशन करने को कहा । जिला सैनिक कल्याण अधिकारी विंग कमांडर जे.पी. पात्रो ने युवाओं को किसी भी फोर्स में भर्ती होकर देश सेवा करने के लिए प्रेरित किया । जिला रोजगार अधिकारी पवन नेताम ने युवाओं को प्रशिक्षण में कड़ी मेहनत करने को कहा । इसके बाद कलेक्टर कुणाल दावत ने गोला फेंक कर ट्रेनिंग का शुभारंभ किया और अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के कार्यों की सराहना की । इस अवसर पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के संरक्षक सुब्रत साहा, जिलाध्यक्ष सूरज यादव, उपाध्यक्ष अजनेर लकड़ा, सचिव उमेश साहू, संगठन सचिव चेतन वर्मा, कोषाध्यक्ष सोमेश्वर भारती, मीडिया प्रभारी कमलेश्वर ध्रुव, सह सचिव रवि ठाकुर, मार्गदर्शक - बी.डी.एन.सिंह, उत्पल बोस, फरसगांव ब्लॉक उपाध्यक्ष बलदेव नेताम, पूर्व सैनिक - बाबूलाल देवांगन, विमल कुमार साहू, पूर्व सैनिक चंद्रहास वर्मा, पुलिस बल के जवान, मेडिकल स्टाफ और कोंडागांव जिला के गण्यमान्य नागरिक उपस्थित थे।

जनपद पंचायत माकड़ी को टीबी मुक्त बनाने सरपंचों की कार्यशाला

कोंडागांव/नवप्रदेश। जिले के आकांक्षी ब्लॉक माकड़ी ने अपने छठवें सूचकांक टीबी मुक्त जनपद के ओर अग्रसर हो रहा है। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत कार्यक्रम के तहत मुख्य कार्यपालन अधिकारी की अध्यक्षता में ग्रामपंचायत सरपंचों की बैठक जनपद सभागार में हुई। इसमें ग्राम पंचायत सरपंचों के अलावा रोजगार सहायक भी सहभागी रहे। मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी एवं के दिशा निर्देशन में विकास खण्ड को टीबी मुक्त बनाने का कार्य चल रहा है । गौरतलब है कि भारतवर्ष को टीबी मुक्त राष्ट्र बनाने का लक्ष्य 2025 का लक्ष्य रखा गया है। जिसके तहत निर्धारित मापदंडों के आधार पर माकड़ी की 11 पंचायतें टीबी मुक्त पंचायत की पात्रता रखती है। एक हजार की जनसंख्या पर तीस लोगों का बलगम जांच और उक्त पंचायत में एक हजार की जनसंख्या में एक या एक भी टीबी रोगी न हो। ऐसे पंचायतों को चिन्हित कर टीबी मुक्त पंचायत की घोषणा करने की पहल की प्रक्रिया शुरू हुई है। टीबी मुक्त पंचायत की सूची निर्माण कर जिला को प्रेषित की गई। जिसका अवलोकन और मूल्यांकन जिला और प्रदेश की टीम करेगी। अवलोकन के दौरान सभी चयनित पंचायतों में टीम भ्रमण कर ग्रामपंचायत के जनप्रतिनिधियों और संबंधित लोगों से बातें कर विभागीय दस्तावेजों का निरीक्षण करेगी। निरीक्षण के दौरान सही पाये जाने वाले पंचायतों की सूची जिला कलेक्टर को प्रेषित किया जायेगा। उक्त जानकारी खण्ड कार्यक्रम प्रबंधक माकड़ी ने बैठक में दी। विकसित जनपद बनाने के लिए स्वास्थ्य के सभी सूचकांकों को पूरा करना होगा। जिसमें छठवां सूचकांक टीबी मुक्त पंचायत है। विभाग द्वारा टीबी मुक्त पंचायत की प्रस्तुत सूची का सत्यापन सभी ग्रामपंचायतें अपने स्तर पर कर ले । टीबी के लक्षण, उपचार और शासन की सेवाओं की जानकारी सभी ग्रामवासियों को होनी चाहिए। स्वास्थ्य विभाग के सहयोगी संस्था पिरामल फाऊंडेशन आपके पंचायतों में सम्पर्क कर आपको सहयोग कर रही है। इनके द्वारा दिये गये सुझावों पर भी सभी लोग अमल करें। यदि कहीं कोई कमी दिखे तो समय रहते उसे पूर्ण करें। सूची में शामिल पंचायतों के अलावा अगले वर्ष तक सभी पंचायतों को टीबी मुक्त करने का लक्ष्य रखिए। इसे आप सिर्फ स्वास्थ्य विभाग का कार्य न माने। यह सबका दायित्व और कार्य है।

भगवान सबको प्रिय क्योंकि वे सभी के हैं : पं. अतुल कृष्ण

कांकेर/नवप्रदेश। शहर के मिनी स्टेडियम में चल रही रामकथा के छठवें दिन पंडित अतुलकृष्ण भारद्वाज ने कहा भगवान को सरोवर और बगीचे बहुत पसंद हैं। इसके पीछे कारण है सरोवर में शुद्ध जल तथा बगीचों में वायु शुद्ध होती है। यही कारण था पूर्वजों ने बड़ी संख्या में सरोवर तथा बगीचे बनवाए लेकिन आज हम इन शुद्ध जलवायु के केंद्रों को नष्ट करते जा रहे हैं। हम आज हर चीज के लिए सरकार को दोष देते हैं लेकिन वास्तव में ये समस्या हमारे लाईफ स्टाईल की है। जलवायु की हम रक्षा करेंगे तो वे हमारी रक्षा करेंगे और उन्हें नष्ट करके हम अपने विनाश को आमंत्रित करते हैं।

जलवायु प्रदूषित होने का ही प्रभाव है की मनुष्य का बल कम होने लगा है। आज से 50 साल पहले मनुष्य 100 किलो चावल की बोरी आसानी से उठा लेते थे। आज के युवा भी 100 किलो की बोर नहीं उठा पाते यही कारण है सरकार ने 100 किलो की चावल की बोरियों को घटाकर अब 40 किलो पैकिंग वाली बोरियां बना दी है। लाईफ स्टाईल का कितना अधिक बुरा प्रभाव वातावरण में पड़ रहा है इसे समझाते कहा अब शौचालय घरों के अंदर होने लगे हैं। अब मल को पानी में सड़ाया जाता है जिसके प्रभाव से मिथेन गैस बनती है। मिथेन का एक परमाणु आक्सीजन के 23 परमाणुओं को नष्ट कर देता है। घर में आज जहरीली मिथेन की फैक्ट्रियां खुल चुकी है। इस पर देश में बहस होनी चाहिए तथा सुप्रीम कोर्ट को भी संज्ञान में लेना चाहिए। कांकेर के लोग तो बहुत भाग्यशाली हैं क्योंकि पहाड़ जंगल होने से जलवायु अभी भी अच्छी है लेकिन मैं दिल्ली क्षेत्र से आया हूं वहां की जलवायु तो इतनी खराब है की आज सबसे बड़ी समस्या बन चुकी है। कांकेर के जंगलों को लेकर भी चिंता करते पंडित अतुलकृष्ण ने कहा जंगलों से महुआ के पेड़ काटते जा रहे हैं लेकिन नए महुआ के पेड़ नहीं लगाए जा रहे हैं। ये महुआ के पेड़ ही बादलों को रिझाकर बारिश का कारण बनते हैं। वनविभाग भी महुआ के पेड़ नहीं लगा नीलगिरी के पेड़ लगा रहा है जो न सिर्फ जलस्तर बल्कि जमीन की सेहत के लिए नुकसानदेह है। यह मिट्टी के पोषक तत्वों को खींचकर उसे बंजर बना देता है। पंडाल में उपस्थित श्रद्धालुओं से कहा हम सभी को महुआ का पौधारोपण अधिक से अधिक करना चाहिए।

भगवान राम के तीन विशिष्ट गुण

पंडित अतुल कृष्ण ने कहा भगवान इतने अधिक सुंदर हैं की जब वे पहली बार जनकपुरी पहुंचे तो राजा से लेकर उपस्थित सभी उन्हें देखते ही रहे। भगवान राम के तीन विशिष्ट गुण बताते कहा उनमें रूप, बल और विनय तीनों का समावेश है। सामान्यत: कोई रूपवान होता है तो बलवान नहीं होता। कोई बलवान होता है तो विनम्र नहीं होता। जिस किसी भी व्यक्ति में ये तीनों गुण मिल जाएं तो समझें वो परिपूर्ण हो गया है तथा उस पर भगवान की असीम कृपा है।पंडित अतुलकृष्ण ने कहा भगवान सबको प्रिय हैं क्योंकि भगवान का हर किसी से नाता बना हुआ है। हमेशा हमें प्रिय वही लगता है जो हमारा अपना होता है। भगवान राम सर्वजगत के हैं इसलिए सभी को प्रिय हैं। राम भगवान हैं यह सर्वसिद्ध है क्योंकि दुनिया के कितने भी बलशाली या विशिष्ट व्यक्ति को मगरमच्छ के सामने भेज दो वह उन पर हमला ही करेगा।

प्रथम पृष्ठ का शेष

चुनाव के समय ही गांव, गरीब ...

आसपास के जिलों का ही नहीं, बल्कि संपूर्ण मध्यप्रदेश का विकास होगा। उन्होंने कांग्रेस के दस वर्षों के राज्य में शासन का जिक्र करते हुए कहा कि उस समय यह राज्य बीमारू बन गया था। लेकिन भाजपा सरकार ने इस राज्य का विकास किया और अब यहां पर ढांचागत विकास पर बहुत तेजी से कार्य किए जा रहे हैं।

श्री मोदी ने राज्य में रेलवे के क्षेत्र में दिए जा रहे बजट का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस के दस वर्षों के शासनकाल में जितना बजट मिला था, अब उससे 24 गुना ज्यादा बजट इस राज्य को दिया जा रहा है। आगे भी मोदी की गारंटी है कि राज्य में और तेजी से विकास किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने विधानसभा चुनाव नतीजों के संदर्भ में कहा कि अभी कांग्रेस को जनता ने जो जवाब दिया है, वो ब्याज का जवाब है। अभी कांग्रेस का पूरा हिसाब बाकी है।

हम जातिगत जनगणनना की ...

को रोजगार के साथ आर्थिक मदद भी मिल सकेगी।

सभा में राहुल गांधी ने मणिपुर हिंसा को लेकर भी केन्द्र सरकार से सवाल किए। वहीं युवाओं के लिए शुरू की अग्निवीर योजना के बारे में चर्चा की। इसके बाद राहुल गांधी की यात्रा सक्ती से कोरबा की ओर बढ़ी। इस यात्रा के कारण सक्ती में लंबा जाम लग गया। वहीं आज राहुल गांधी कोरबा में रात गुजारी।

जिसने चलना सिखाया...

निभाया है।आचार्य ने कहा आज इस उम्र में एक संकल्प ले रहा हूं कि मैं आजीवन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ खड़ा रहूंगा।

राजीव गांधी से किए वादे ने बार-बार रोका

प्रमोद कृष्णम ने कहा, कांग्रेस पार्टी ने मेरा अपमान करना शुरू कर दिया। मैंने बहुत अपमान झेला है, फिर भी मैंने पार्टी नहीं छोड़ी। राजीव गांधी से जो वादा किया था, वह बीच में आ जाता था, इसलिए नहीं छोड़ा- मैंने यह भी सोचा कि जो व्यक्ति अपने दादा-दादी, माता-पिता के साथ खड़े होने वाले लोगों का सम्मान करना नहीं जानता, गुलाम नबी आजाद, कमल नाथ, भूपिंदर सिंह हुड्डा, दिग्विजय सिंह और आनंद शर्मा जैसे नेता इंदिरा गांधी के साथ रहते थे, राजीव गांधी और सोनिया गांधी। ये वही लोग थे जिन्होंने राहुल गांधी का हाथ पकड़कर उन्हें चलना सिखाया। मैंने खुद से सवाल किया कि जो व्यक्ति इतने बड़े नेताओं का सम्मान नहीं करता, तो वो जीत गया तो उसके लिए मेरा अपमान करना कोई बड़ी बात नहीं होगी।

कांग्रेस का बढ़ता टेंशन- मोदी ...

मुझे कोई दिक्कत नहीं है। कोलकाता में आयोजित एक लिटरेचर फेस्टिवल में शामिल होने के लिए पहुंचे पूर्व वित्त मंत्री ने बाकी मुद्दों पर विरोध जताते हुए दावा किया है कि पूरे देश में इस समय डर बुरी तरह से हावी है और यह हालात लोकतंत्र के ठीक उलट है।

गाजा पर इजरायली बमबारी ...

ने शुक्रवार को सेना को गाजा के सबसे दक्षिणी शहर राफा में जमीनी अभियान की योजना तैयार करने का निर्देश दिया जहां संघर्ष के दौरान 23 लाख गाजा निवासियों में से आधे से अधिक लोग भाग गए थे।

जेंसियों देती है निवासियों को सहायता

कुछ सप्ताह पहले इजरायली सेना की ओर से राफा से सटे खान यूनिस पर अपने सबसे बड़े हमलों में से एक के बाद विस्थापित निवासियों की संख्या में वृद्धि हुई है। सीमावर्ती शहर राफा, जो राफा क्रॉसिंग के माध्यम से विदेशों और संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों से भोजन और दवा सहायता प्राप्त करता है। खाली कृषि भूमि, स्कूलों और सड़कों के किनारे तंबुओं से भरा हुआ है।

छत्तीसगढ़ में देश का पहला सबसे ...

पैनल स्थापित किये गये हैं, जिससे पैनल के दोनों ओर से प्राप्त सौर ऊर्जा के माध्यम से बिजली का निर्माण किया जा रहा है। इसकी कुल परियोजना लागत 960 करोड़ रुपये है, जो कि सौर ऊर्जा से बिजली उत्पादन कर आगामी सात वर्षों तक प्राप्त हो जाएगी।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग (वि/यां.) संभाग बिलासपुर (छ.ग.)

निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक-2907/NIT-23/2023-2024/ व ले लि — दिनांक 08/02/2024

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 20.02.2024 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 28.02.2024 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि :- 29.02.2024 पूर्वान्ह 11.30 बजे से
कार्य की अवधि 31.06.2024 वर्षा ऋतु सहित
निविदा प्रपत्र की कीमत 750/- रूपये
निविदाकारों की श्रेणी ई पंजीयन के अंतर्गत श्रेणी 'द' से 'अ' तक

एनआईटी क्र. निविदा क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख में)	अमानत राशि (रू. में)
23 T0292	ब्लाक सारंगढ़ जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ अंतर्गत आवासीय भवनों में संभावित एमओडब्लू, एस आर, डिपाजिट, बजट एवं ए आर का विद्युतीकरण मरम्मत कार्य	4.94	4940.00
23 T0293	ब्लाक बरमकेला जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ अंतर्गत आवासीय गैर आवासीय भवनों में संभावित एमओडब्लू, एसआर, डिपाजिट, बजट एवं ए आर का विद्युतीकरण मरम्मत कार्य	4.98	4980.00
23 T0294	ब्लाक सारंगढ़ जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ अंतर्गत गैर आवासीय भवनों में संभावित एमओडब्लू, एस आर, डिपाजिट, बजट एवं ए आर का विद्युतीकरण कार्य	4.97	4970.00
23 T0295	कोटा लोरमी पंडरिया रोड से लोरमी मुंगेली मेन रोड तक एल टी एच टी एवं डीपी ऐक्समर लाइन शिफ्टिंग का कार्य	4.90	4900.00
23 T0296	उपसंभाग मुंगेली अंतर्गत पथरिया एरिया में संभावित बजट/डिपाजिट/एस आर/कंटीनजेंसी ए आर का विद्युतीकरण कार्य	4.98	4980.00
23 T0297	मुंगेली सेवशन अंतर्गत एयर कंडीशनर ऐसेसरिज एवं राबमर्सिबल पंप मरम्मत का कार्य	5.00	5000.00
23 T0298	उपसंभाग मुंगेली अंतर्गत मुंगेली एरिया में संभावित बजट/डिपाजिट/एस आर/ कंटीनजेंसी/ ए आर का विद्युतीकरण कार्य	4.95	4950.00
23 T0299	बेलगहना एरिया जिला बिलासपुर में संभावित बजट/ डिपाजिट/एस आर ए आर का विद्युतीकरण कार्य	23	70300
23 T0300	गनियारी एरिया जिला बिलासपुर में संभावित बजट/डिपाजिट/एस आर ए आर का विद्युतीकरण कार्य	4.93	4930.00
23 T0301	खोंगसरा एरिया जिला बिलासपुर में संभावित बजट/डिपाजिट/एस आर ए आर का विद्युतीकरण कार्य	4.92	4920.00
23 T0302	कोनी एरिया जिला बिलासपुर के शासकीय भवन में विद्युतीकरण कार्य	4.93	4930.00
23 T0303	बेलतरा एरिया जिला बिलासपुर के शासकीय भवन में विद्युतीकरण कार्य	4.95	4950.00
23 T0304	सीपत जिला बिलासपुर में विद्युतीकरण कार्य	4.90	4900.00
23 T0305	ब्लाक धरमजयगढ़ लैलूंगा जिला सारंगढ़ अंतर्गत आवासीय गैर आवासीय भवनों में संभावित एमओडब्लू, एस आर, डिपाजिट, बजट एवं ए आर का विद्युतीकरण कार्य	5.00	5000.00
23 T0306	ब्लाक घरघोड़ा तमनार जिला सारंगढ़ अंतर्गत आवासीय / गैर आवासीय भवनों में संभावित, एस आर, डिपाजिट, बजट एवं ए आर का विद्युतीकरण ।	5.00	5000.00
23 T0307	उपसंभाग हाईकोर्ट बिलासपुर अंतर्गत 27 खोली एवं मीना बाज़ार एरिया में शासकीय भवनों में विद्युतीकरण मरम्मत कार्य	5.00	5000.00
23 T0308	उपसंभाग जांजगीर के अंतर्गत सिविल कोर्ट भवन जांजगीर में संभावित एमओडब्लू/एस आर/बजट/डिपाजिट/ए आर का विद्युतीकरण कार्य	4.97	4970.00
23 T0309	उपसंभाग जांजगीर के अंतर्गत विकासखंड बलौदा के गैर आवासीय/आवासीय/विश्राम गृह भवनों में संभावित एमओडब्लू/एस आर/बजट/डिपाजिट/ए आर का विद्युतीकरण कार्य	4.99	4990.00

नोट -
1. निविदा आमंत्रण में दर्शाये गये कार्य अनुसार पृथक-पृथक कार्य हेतु अमानत राशि पृथक प्रस्तुत करना होगा।
2. निविदा फार्म का लिफाफा 2 एवं अमानत राशि हेतु लिफाफा-3 को एक बड़े लिफाफा 1 के अंदर निविदा सूचना क्रमांक एवं ग्रुप क्रमांक डाल कर पंजीकृत डाक से प्रस्तुत करना होगा। अलग अलग कार्य हेतु अलग अलग लिफाफा प्रस्तुत करना होगा, अन्यथा निविदा खोली नहीं जावेगी।
3. निविदा फार्म के साथ अमानत राशि (टी.डी.आर./एफ.डी.आर) के लिफाफा के अंदर 100/- का शपथ पत्र डालना अनिवार्य है।
4. आवेदन के जीएसटी नंबर संलग्न करना अनिवार्य है।
5. वित्तीय वर्ष 2022-23 का जीएसटी रिटर्न की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है ।
6. ईपीएफ नंबर की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है ।

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र मे उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

जी-07689/1

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग (वि./यां.)
संभाग बिलासपुर

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्प्लेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, स्थानीय संपादक अशोक शर्मा, फोन नंबर : 0771-3526755, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

डोंगरगढ़-कटघोरा रेल लाइन निर्माण का रास्ता साफ : सांसद पांडेय

- सांसद संतोष पांडेय ने केंद्रीय रेल मंत्री व मुख्यमंत्री से की थी मुलाकात।
- राज्य सरकार ने डोंगरगढ़-कटघोरा नई रेल लाइन के लिए बजट में 300 करोड़ का किया प्रावधान।

कवर्धा/नवप्रदेश। छग सरकार द्वारा पेश किए गए बजट में डोंगरगढ़-कटघोरा नई रेल लाइन के लिए 3 सौ करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। इसको लेकर राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पांडेय ने हर्ष व्यक्त करते हुए राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया है।

सांसद संतोष पांडेय डोंगरगढ़-कटघोरा नई रेल लाइन के शीघ्र निर्माण प्रारंभ कराने को लेकर लगातार प्रयासरत थे। उन्होंने इस मुद्दे को लोकसभा में भी उठाया था। इसके अलावा केंद्रीय रेल मंत्री से लगातार मुलाक़ात भी किए थे। राज्य में भाजपा सरकार बनने के बाद सांसद पांडेय ने 14 दिसंबर 2023 को दिल्ली में केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से मुलाक़ात की। उन्होंने मंत्री से डोंगरगढ़-कटघोरा रेल लाइन को लेकर चर्चा कर शीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ कराने का आग्रह किया था। जिस पर रेल मंत्री ने तुरंत कार्रवाई का

आश्वासन दिया था। चूंकि यह केंद्र सरकार व राज्य सरकार का संयुक्त उपक्रम है। इसके मद्देनज़र सांसद पांडेय ने 19 जनवरी 2024 को रायपुर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाक़ात कर डोंगरगढ़-कटघोरा रेल लाइन का शीघ्र निर्माण प्रारंभ कराने संबंधित पत्र सौंपकर आग्रह किया था। मुख्यमंत्री साय ने ठोस आश्वासन दिया था। इसके बाद वर्तमान में राज्य सरकार द्वारा पेश किए गए बजट में डोंगरगढ़-कटघोरा नई रेल लाइन के लिए 3 सौ करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। अब रेल लाइन निर्माण का रास्ता पूरी तरह से साफ हो गया है। इसका काम शुरु होने से कबीरधाम व खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले सहित अन्य संबंधित क्षेत्र का विकास हो सकेगा।

गौरतलब है कि पूर्व में केंद्र सरकार द्वारा डोंगरगढ़-कटघोरा रेल लाइन निर्माण की स्वीकृति दी गई थी। पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के समय अक्टूबर 2018 में इसका शिलान्यास भी किया गया था। रेलवे लाइन के विकास हेतु भू-अधिग्रहण, राज्यांश हेतु स्थानीय प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। गत पांच वर्ष से प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी। जो उक्त मामले पर उदासीन बनी रही। कांग्रेस सरकार की उदासीनता के चलते निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो पाया। जबकि केंद्र सरकार ने अपनी सभी प्रक्रिया पूरी कर दी थी। सांसद पांडेय ने उक्त रेल लाइन हेतु राज्य के बजट में प्रावधान करने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, वित्त मंत्री ओपी चौधरी सहित राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया है।

न्यूज गैलरी

राजनांदगांव जिले को बजट में फिर ठेंगा : सुजीत दत्ता

राजनांदगांव/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व सदस्य तथा वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुजीत दत्ता (बापी) ने छत्तीसगढ़ 2024-25 के बजट पर अपने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि विष्णु देव साय सरकार का पहला बजट राजनांदगांव जिले को निराश करने वाला है। यहां के लिए सरकारी उद्योग की दरकार थी, जो इस बजट को देखने सुनने से पूरी नहीं हुई है। अविभाजित राजनंदगांव जिले के हिसाब से देखें तो केजीजी और और एमसी जिले के लिए भी कोई पिटारा नहीं खोला गया है। झुनझुना पकड़ने वाली बात हुई है। रामलला दर्शन योजना में भी करोड़ों रुपए का प्रधान किया गया है, उसमें भी निश्चित तौर से इसका लाभ संघ और भाजपा के लोगों और उनके परिवारों को मिलेगा, जो जनता की पैसे की बर्बादी होगी। भेदभाव नहीं किया जाता तब तो ठीक है। श्री दत्ता ने आगे कहा कि भाजपा सरकार का बजट इसलिए भरोसे की काबिल नहीं है। क्योंकि यहां की जनता ने देख लिया है कि चुनावी घोषणा पत्र में एक मुश्त 3100 रुपए देने की बात कही गई थी जो नहीं दी गई है।

गाड़ी और गहने चुराने वाला आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा

राजनांदगांव/नवप्रदेश। राजनांदगांव शहर में पुलिस को छकाने वाला चोर गिरफ्तार हो गया है. कोतवाली थाना पुलिस ने शनिवार को इस बात का खुलासा किया है. आरोपी के पास से एक लाख रुपये से ज्यादा का सामान बरामद किया गया है. राजनांदगांव के एडिशनल एसपी राहुल देव शर्मा ने खुलासा किया कि आरोपी के पास से कुल तीस हजार रुपये के चांदी के सिक्के मिले हैं. इसके अलावा तीन मोटर साइकिल को भी पुलिस ने जब्त किया है. मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया। राजनांदगांव में बीते दिनों हुई चोरी की वारदात में शामिल था. हमने सीसीटीवी से मिले सुराग और मुखबिर की सूचना पर उसे पकड़ने में सफलता हासिल की है. पुलिस घनश्याम जोशी से पूछताछ कर उसके रैकेट का पता लगा रही है÷ राहुल देव शर्मा, राजनांदगांव के एडिशनल एसपी सीसीटीवी से पकड़ा गया आरोपीः आरोपी घनश्याम जोशी ने 8 फरवरी को राजनांदगांव बस स्टैंड के पास एक ऑफिस में चोरी की वारदात को अंजाम दिया था.

रावत नाच महोत्सव समिति का छात्रवृत्ति वितरण

बिलासपुर/नवप्रदेश। रावत नाचा महोत्सव द्वारा यादव समाज के प्रतिभावान छात्र/छात्राओं को वर्ष 2022-23 का छात्रवृत्ति वितरण समारोह 11 फरवरी को अपरान्ह 2 बजे से स्व. बी. आर. यादव स्मृति उद्यान, श्रमिक प्रतीक्षा परिसर, बृहस्पति बाजार, बिलासपुर में आयोजित की गई है। इस समारोह में महापौर श्री रामशरण यादव एवं कांग्रेस पिछड़ा वर्ग के युवा नेता कृष्ण कुमार यादव अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। संयोजक डॉ. कालीचरण यादव ने छात्रवृत्ति प्राप्त करने वाले छात्रों एवं उनके अभिभावकों तथा समाज के लोगों को समय पर शामिल होने की अपील की है।

बजट से उन्नत छत्तीसगढ़ की परिकल्पना होगी साकार : मधुसूदन
भाजपा सरकार का बजट विकास का सूर्योदय : कमलेश

राजनांदगांव/नवप्रदेश। राजनांदगांव। छत्तीसगढ़ बजट 2024 की प्रशंसा करते हुए पूर्व सांसद व प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसुदन यादव ने कहा की हमने बनाया है, हम ही संवारेंगे की परिकल्पना के साथ यह बजट छत्तीसगढ़ राज्य को विकसित व उन्नत प्रदेश की दिशा में एक कदम और आगे बढ़ाने में सहयोगी सिद्ध होगा। कृषि उन्नति योजना हेतु दस हजार करोड़ रुपये के प्रावधान से प्रदेश के किसानों की तरक्की होगी, वहीं अधोसंरचना मद में एक हजार करोड़ से अधिक राशि का प्रावधान करने से पक्की सड़के, रेल लाइन व पुल-पुलिया के निर्माण से आर्थिक विकास को गति मिलेगी। राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज में ट्रामा सेंटर की स्थापना हेतु दो करोड़ सत्तर लाख के प्रावधान से घायल

मरीजों के त्वरित उपचार में अत्यंत सहायता होगी। सेवा, सुधार, सुशासन एवं संकल्पों को पूरा करने वाला यह बजट छत्तीसगढ़ के समग्र विकास को नए पथ की ओर अग्रसर करेगा। शिक्षा स्वस्थ्य और कृषि के क्षेत्र में बजट प्रावधान से ना सिर्फ आत्म-निर्भरता बढ़ेगी वरन रोजगार और आय के स्त्रोत में वृद्धि होगी।

इधर जिला भाजपा महिला मोर्चा श्रीमती कमलेश सारस्वत ने भाजपा सरकार के बजट को विकास का सूर्योदय बताया है। उन्होंने कहा कि-मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में भाजपा सरकार के वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने सभी वर्गों का ख्याल तो रखा ही है। इसके साथ ही उन्होंने नए जिलों की आधारभूत संरचना, प्रशासनिक क्षमता बढ़ाने के लिए भी विशेष प्रावधान बजट में शामिल किए हैं जो कि इन क्षेत्रों को आगे बढ़ाने के लिए बड़े मायने रखते हैं। श्रीमती सारस्वत ने कहा कि-मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी को बजट में जिला अस्पताल की सौगात मिली है। आदिवासी बहुल जिले के लिए ये भी हर्ष का विषय है कि उनकी पारंपरिक भाषा को आगे बढ़ाने सरकार ने विशेष प्रयास की नींव रखी है। इसके लिए गोंडी भाषा के ट्रांसलेशन के साथ आदिभाषा गोंडी, हल्बी जैसी भाषाओं के संरक्षण और विकास के लिए छग आदिभाषा परिषद का गठन भी महत्वपूर्ण है। मातृ वंदन योजना के तहत महिलाओं को 12 हजार सलाना, भूमिहीन कृषक परिवारों को सालाना 10 हजार, तेंदूपत्ता संग्राहकों को चरण पादुका का वितरण जैसे निर्णय भी प्रशंसनीय हैं। इस बजट में मोदी की गारंटी का भी बड़ा असर दिखा है। 11 घोषणाओं को बजट के माध्यम से पूरा किया गया है। पांच वर्ष मुफ्त खाद्यान्न, मुफ्त स्वास्थ्य सेवाएं जैसी सुविधाओं से भी प्रदेश के लोगों को बड़ा लाभ मिलेगा।

जुआ फड़ पर दबिश, नगदी व मोटरसाइकिल समेत 1.8 लाख जप्त, 9 आरोपी गिरफ्तार

डोंगरगांव/नवप्रदेश। थाना डोंगरगांव ङ्क दिनांक 10.02.2024 को पुलिस अधीक्षक राजनादगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा तथा पुलिस अनु0 अधि0 डोंगरगांव, श्री दिलीप सिंह सिसोदिया राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी डोंगरगांव ,निरीक्षक श्री उपेन्द्र कुमार शाह के नेतृत्व मे थाना डोंगरगांव क्षेत्रों मे जुआ , शराब , चोरी के गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है, इसी तारतम्य मे दिनांक 10.02.2024 को ग्राम आसरा मे झिल्ली बिछाकर फड़ लगाकर 52 पत्ती ताश के पन्नो पर रूपये पैसों का दांव लगाकर हार जीत का जुआ नामक खेल खेला जा रहा है , पता चलने पर तत्काल थाना प्रभारी थाना डोंगरगांव द्वारा टीम गठित कर नदी किनारे , ग्राम आसरा पर चल रहे जुआ फड़ पर रेड कार्यवाही कर कुल 09 जुआरियान 1.ऋषि केश उर्फ राहुल वैष्णव पिता राकेश वैष्णव, उम्र- 24 साल, 2- गुलशन जगने पिता रामदीन जगने , उम्र- 24 साल, 3- नीलेश्वर साहू पिता चंद्रभान साहू उम्र- 21 साल, 4- लिलहार सहारे पिता रामबिलास सहारे , 39 साल, 5- चेंतन साहू पिता परमानंद साहू उम्र- 27 साल , 6- पुनाराम पिता कौशल साहू उम्र- 28 साल, 7- गुलशन साहू पिता भुषन साहू , उम्र- 22 साल साकिनान ग्राम आसरा, 8- किशोर यादव पिता चैतराम यादव , उम्र-22 साल, 9- चंदन साहू पिता बिरबल साहू उम्र- 36 साल, दोनो निवासी ग्राम कोकपुर थाना डोंगरगावं , जिला राजनांदगांव,छ0ग0, को रंगे हाथों जुआ खेलते पकड़ा गया जिनके पास व फड़ से कुल 18360/- रूपये , 01 नग बैठने लायक झिल्ली , 01 बंडल 52 पत्ती ताश , 03 नग मोटर सायकल कीमती 1,00,000 /- रूपये कुल जुमला रकम 1,18,360/- रूपये को जप्त कर आरोपियान जुआरियों को जुआ एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर गिर0 किया गया है । रेडकार्यवाही मे सउनि विजय साहू,सउनि देवकुमार रावटे , प्र0आर0 भुपेन्द्र कौचें, आरक्षक चंद्रपाल, सत्येन्द्र डहरे , जितेश साहू , आशाराम , कौशल सुधाकर , महतसिंह ,धर्मेन्द्र मांडले , राकेश कुमार साहू , बीरेन्द्र कुमार , त्रिलोकी ध्रुव , चालक जामेन्द्र वर्मा , का विशेष योगदान रहा । संदिग्ध गतिविधियों पर थाना डोंगरगांव की कार्यवाही जारी रहेगी।

छग को अग्रणी राज्यों में ले जाने वाला बजट

राजनांदगांव/नवप्रदेश। भाजपा के प्रदेश महामंत्री भरत वर्मा ने कहा कि यह छत्तीसगढ़ के लोगों के सपनों को साकार करने वाला बजट है। यह बजट केवल राशियों का आवंटन नहीं बल्कि छत्तीसगढ़ के विकास का एक रोड मैप है जिससे छत्तीसगढ़ देश के अग्रणी राज्यों में खड़ा हो सकेगा। भरत वर्मा ने कहा छत्तीसगढ़ के विकास में टेक्नोलॉजी का उपयोग, बच्चो की पढ़ाई के लिए नालंदा परिसर जैसे नए 22 संस्थान, 160 आईटीआई का उन्नयन, छत्तीसगढ़ प्रोद्योगिकी संस्थान, बस्तर विवि में नवीन शिक्षण विभाग, सूरजपुर, गरियाबंद, कोंडागांव, सुकमा, बलरामपुर में जिला शिक्षा व प्रशिक्षण संस्थानों की स्थापना, साइंस सिटी, एस्ट्रो पार्क, जशपुर में एग्रो बिजनेस कॉलेज छत्तीसगढ़िया क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना, गोंडी भाषा के प्रोत्साहन हेतु सॉफ्टवेयर निर्माण सहित कई ऐसे प्रावधान बजट में है।

कलेटर ने बच्चों को कृमिनाशक दवा खिलायी

बेमेतरा/नवप्रदेश। कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा ने शनिवार को ज़िला स्तरीय शुभारम्भ कार्यक्रम में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर बच्चों को कृमिनाशक दवा का सेवन कराया। कार्यक्रम का आयोजन ज़िला मुख्यालय स्थित स्वामी आत्मानंद इंग्लिश स्कूल में आयोजित हुआ। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संतराम चुरेन्द्र, अनुविभागीय एवं दंडाधिकारी श्रीं युगल किशोर उर्वशा, ज़िला शिक्षा अधिकारी अरविंद्र मिश्रा, ज़िला कार्यक्रम प्रबंधक श्रीमती लता सहित स्वास्थ्य विभाग,स्कूल प्राचार्य, शिक्षक, शिक्षिका और छात्र-छात्राएँ उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा ने कहा कि बच्चों को अच्छी स्वच्छता की आदतें सिखाना महत्वपूर्ण है। उन्हें अपने नाखून काटने और उन्हें साफ रखने के लिए कहना चाहिए।लंबे नाखून अक्सर विभिन्न प्रकार के जीवाणुओं के लिए आश्रय स्थल के रूप में कार्य करते हैं जो संक्रामक रोगों का कारण बनते हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी बीमारी की आधे से ज्याया जड़ साफ़-सफ़ाई से ना रहना है। इसलिए हम सभी ख़ास कर बच्चों में शुरू से स्वच्छता की आदत डालनी चाहिए। खाने या

खाना बनाने से पहले और मिट्टी को छूने या शौचालय का उपयोग करने के बाद अपने हाथ धोएं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय कृमि निवारण दिवस देश के प्रत्येक बच्चे को कृमि मुक्त बनाने के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार की एक पहल है। यह हर साल दो एनडीडी राउंड के द्वारा से बड़ी संख्या में बच्चों और किशोरों तक पहुंचने वाले सबसे बड़े सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों में से एक है।

मोदी की गारंटी को पूरा करने वाला बजट: नीलू

बेमेतरा/नवप्रदेश। राजनांदगांव। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता नीलू शर्मा ने वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा सदन में प्रस्तुत बजट की प्रशंसा करते हुए इसे मोदी की गारंटी को पूरा करने की प्रतिबद्धता से परिपूर्ण बजट बताते हुए इसका स्वागत किया है। बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए नीलू शर्मा ने कहा है कि प्रदेश के विकास के मध्यकालिक और दीर्घकालीक लक्ष्य को प्राप्त करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ विजन 2047 तैयार करने की दिशा में आज का बजट काफी अहम है। बजट में गरीबों, युवाओं, किसानों और महिलाओं को एक तरफ सशक्त करने का प्रयास किया गया है,

वहीं दूसरी ओर तकनीक आधारित सुधारात्मक क्रिया कलापों एवं सुशासन से प्रदेश के बहुमुखी विकास को गति देने का प्रयास किया गया है। सेवा क्षेत्र में नए अवसर तलाशने के साथ-साथ प्रदेश में अर्थव्यवस्था को सुदृढ करने हेतु निजी निवेश को बढ़ावा देने एवं विकेंद्रीकृत विकास के नए अवसर उत्पन्न करने पर भी बजट में ध्यान केंद्रित किया गया है। महतारी वंदन योजना के प्रावधानों से महिला सशक्तिकरण की दिशा में अद्भुतपूर्व कदम उठाया गया है,

जुआ-सट्टे को लेकर सख्त नजर आए एसपी

कवर्धा/नवप्रदेश। जिले में इन दिनों जुआ के फड़ तेजी से फलफूल रहा है. पुलिस इस मामले में लगातार कार्रवाई कर रही है. जिले के एसपी अभिषेक पल्लव जुआ-सट्टे को लेकर सख्त नजर आ रहे हैं. इसी बीच उनका एक वीडियो सामने आया है. जिसमें वो जुआरियों से पूछताछ करते नजर आ रहे हैं. इसके साथ ही पुलिस को भी फटकारते हुए नजर आ रहे हैं. वीडियो में वो पुलिस अधिकारियों से कह रहे हैं कि इस तरह से जुआ चल रहा है कवर्धा में, डूब मरने की बात है हम लोगों के लिए.

दरअसल, भोरमदेव थाना क्षेत्र के सरोधा बांध के पीछे उलट के पास कुछ व्यक्तियों के द्वारा पैसे का दांव लगाकर जुआ खेलने की सूचना मिली. जिस पर साइबर प्रभारी उप निरीक्षक अजयकांत तिवारी ने उक्त सूचना के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत

कराकर सूचना तस्दीकी और रेड के लिए साइबर टीम को रवाना किया गया.इसके बाद टीम ने मौके पर पहुंचकर रेड मारी. जुआड़ी पुलिस को देखकर भागने लगे. जिसके बाद मौके पर 9 जुआड़ी को पकड़ा गया. इस दौरान पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 1 लाख 48 हजार 120 रुपये नगद जब्त किया गया है.

सरकार का झूठ और छल से भरा बजट : हेमा

राजनांदगांव/नवप्रदेश। प्रदेश महिला कांग्रेस उपाध्यक्ष एवं महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहीं कि यह बजट सर्वहारा वर्ग के लिए छल व धोखेबाजी वाली आंकड़ों का पुलिंदा है। सरकार 500 जन औषधि केंद्र खोलने, युवाओं को 50 प्रतिशत सब्सिडी में ब्याज मुक्त ऋृण, बीपीएल परिवार में बालिका के जन्म पर 1.5 लाख रुपए का आश्वासन के साथ-साथ कॉलेज के छात्र-छात्राओं को ट्रैवल एलाउंस और पंचायत स्तर पर डेढ़ लाख रुपए तक युवाओं को तुंहर द्वार में सार्वजनिक सेवा देने की बात कही थी, जिसका बजट में कोई प्रावधान नहीं किया है। महापौर श्रीमती हेमा देशमुख ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि राज्य सरकार ने युवाओं को

रोजगार देने के बात की थी, लेकिन यहां पर कोई उल्लेख नहीं है, वही भाजपा के शासन में शराब बंदी की बात की गई थी, लेकिन इसका भी बजट में कोई उल्लेख नहीं है। साथ ही साथ पूर्व सरकार की बहुत महत्वपूर्ण योजना नरवा-गरवा-घुरवा-बारी को बंद कर महिलाओं को बेरोजगार कर दियाए युवाओं का बेरोजगारी भत्ता बंद कर दिया गया तथा राजीव मितान क्लब के माध्यम से युवा सक्रिय हो रहे थे, उन्हें भी बंद कर युवाओं को दिशाहीन कर दिया। इस प्रकार इससे यह साबित हो गया कि मोदी की गारंटी शुरुआती दौर में ही छग में अपनी दम तोड़ दी है और बजट सिर्फ दिव्यस्वप्न और कोरी कल्पनाओं से भरा हुआ है। गरीब महिलाओं को 500 रूपये में गैस देने का प्रावधान भी इस बजट में ना कर भाजपा सरकार ने अपने महिलाओं के प्रति क्रूर व्यवहार को उजागर किया है।

कर्ज मुक्ति राज्य बनाने की दिशा में पहला कदम

राजनांदगांव/नवप्रदेश। सांसद संतोष पांडे ने छत्तीसगढ़ प्रदेश के बजट को परिवर्तन और आत्मनिर्भरता के साथ कर्ज के जंजाल में फंसे प्रदेश को मकड़जाल से निकलने की ओर पहला कदम बताते हुए प्रशंसा की है। धान खरीदी दर में वृद्धि को क्रांतिकारी निर्णय के साथ ही साथ बजट में आधुनिक कृषि और गैर परंपरागत कृषि को प्रोत्साहन एवं उन्नत कृषि हेतु दस हजार करोड़ के प्रावधान रखने से कृषकों के साथ ही प्रदेश के राजस्व में वृद्धि होगी। खनिज और रायल्टी जैसे सिस्टम को अपने से भ्रष्टाचार पर लगाम लगेगा, जिससे प्रदेश का खजाना भरेगा। इसके अतिरिक्त मोदी की गारंटी के

तहत प्रधानमंत्री आवास, महतारी वंदन, तेंदूपत संग्रह की मजदूरी, भूमिहीन कृषकों के लिए प्रावधान उल्लेखनीय है। संसदीय क्षेत्र के डोंगरगढ़ से कटघोरा रेल लाइन के प्रारंभिक प्रक्रिया हेतु 300 करोड़ का प्रावधान इसलिए महत्वपूर्ण है कि केंद्रीय रेल मंत्रालय द्वारा तीन वर्ष पूर्व 500 करोड़ की राशि छत्तीसगढ़ सरकार को भेजी जा चुकी है, किंतु पूर्ववर्ती सरकार की उदासीनता और राज्यांश नहीं देने से कार्यलंबित है, अब रेल लाइन की दिशा में भी गति बढ़ेगी। पूर्ववर्ती सरकार ने छत्तीसगढ़ को कंगाली के कगार पर धकेल दिया है, उससे निजात दिलाने का यह पहला प्रयास उत्साहित करने वाला है।

जंगल से 50 लीटर महुआ शराब और भारी मात्रा में महुआ लाहन बरामद

महासमुंद/नवप्रदेश। अवैध रूप से आसवित महुआ शराब के उपभोग से संभावित जनहानि को रोकने तथा आबकारी राजस्व की सुरक्षा के मद्देनज़र आबकारी विभाग महासमुंद द्वारा कच्ची शराब के विरुद्ध सतत कार्रवाई की जा रही है। 9 फरवरी को मुखबीर सूचना के आधार पर आबकारी टीम बसना द्वारा ग्राम अखरभाठा थाना-बसना से लगे जंगल से अवैध हाथ भट्टी महुआ शराब कुल मात्रा 50 लीटर एवं 1400 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त कर मौके पर लाहन का सेम्पल लेकर शेष लाहन नष्ट कर धारा 34(1)(च), 34(2) एवं 59(क) आब. एक्ट के तहत प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया तथा आरोपी की पतासाजी की जा रही है। उक्त कार्रवाई आबकारी वृत्त बसना प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक नितेश सिंह बैस के नेतृत्व में की गई, जिसमें आबकारी आरक्षक संजय मरकाम एवं आबकारी स्टाफ हमराह रहे।

बजट में सिर्फ सब्जबाग दिखाए : कुलबीर

राजनांदगांव/ नवप्रदेश। शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कुलबीर छाबड़ा ने छग भाजपा सरकार के बजट को बोझिल और छत्तीसगढ़ के ग्रामीण तबके को झटका देने वाला बताया है। उन्होंने कहा कि-ग्रामीण क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने कई योजनाएं जमीनी स्तर पर लागू की थी, लेकिन भाजपा ने महज सब्जबाग दिखाएं हैं। छाबड़ा ने कहा कि-बजट में राजनांदगांव जिले को भी कोई बड़ी उपलब्धि नहीं हासिल हुई है। ये निराशाजनक है क्यूंकि विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने भी यहां बड़ी बड़ी घोषणाएं की थी। इसके अतिरिक्त बजट में पूर्ववर्ती सरकार की योजनाओं के नाम बदलकर दोहराया गया है, इसका श्रेय भाजपा को नहीं मिलना चाहिए। प्रदेश के संविदा, दैनिक वेतन भोगी कर्मियों के नियमितीकरण, बेरोजगारों को भत्ता जैसे मुद्दों पर कोई पहल नहीं की गई है। सस्ते गैस सिलेंडर जैसे वायदों को भी भाजपा ने बजट में भुला दिया। कुल मिलाकर भाजपा सरकार के वित्तमंत्री ओपी चौधरी के इस बजट ने छत्तीसगढ़ की 3 करोड़ जनता को निराश ही किया है।

मोदी की गारंटी का खुल गया पोल बजट : शाहिद भाई

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री एवं राजनांदगांव लोकसभा के प्रभारी शाहिद भाई ने छग सरकार के बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि मोदी की गारंटी की पूरी पोल खोलते हुए यह बजट शंख ढपोल ही है, जैसे छोटे एवं सीमांत किसानों एवं खेतिहर मजदूरों के बच्चों को सरकारी स्कूल-कॉलेज में की पढ़ाई करने पर पीजी तक 2 लाख तक छात्रवृत्ति प्रदान करने की कोई बात इसमें नहीं की गई है। छात्राओं को पीजी तक मुक्त शिक्षा का भी प्रावधान इस बजट में कहीं नहीं है। गरीब परिवारों को 500 रूपये में गैस सिलेंडर देने का प्रावधान भी नहीं किया है। पंचायत एवं वार्ड स्तर तक डेढ़ लाख युवाओं की भर्ती हेतु कोई प्रावधान नहीं है। कॉलेज के छात्र-छात्राओं को निःशुल्क लैपटॉप टैबलेट प्रदान करने की गारंटी भी दम तोड़ दी है। प्रदेश के कर्मचारियों को केंद्र सरकार के समान डीए देने, पंचायत सचिवों को नियमित कर उनका बकाया एरियस, मितानिनों के मानदेय में 50 प्रतिशत वृद्धि जैसे जनहितकारी गारंटी पर कोई प्रावधान न कर छग की भाजपा सरकार ने अपने जनविरोधी होने का और मोदी की गारंटी को जुमला साबित करने को प्रमाणित किया है।

बजट जनता की अपेक्षा व उम्मीदों के विपरीत :आफताब

राजनांदगांव/नवप्रदेश। विष्णुदेव साय सरकार के प्रथम बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए युवक कांग्रेस के जिला महासचिव आफताब अहमद ने कहा है कि साय सरकार का पहला बजट आम जनता की अपेक्षा और उम्मीदों के विपरीत घोर निराशाजनक है। न इसमें युवाओं के रोजगार के संदर्भ में कोई रोड मैप दिख रहा हैए न ही महंगाई से निपटने कोई ठोस रणनीति है। युवक कांग्रेस के जिला महासचिव आफताब अहमद ने कहा है कि एक लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देने का वादा किया गया था, लेकिन बजट में नई नौकरियों के लिए कोई प्रावधान ही नहीं हैं। उल्टे बेरोजगारी भत्ता की राशि खा गए। कॉलेज जाने वाले छात्रों से वादा था यात्रा भत्ता देने का जिसके लिए कोई बजट प्रावधान नहीं है। 500 रुपए में गैस सिलेंडर देने का वादा करने वाले भाजपाई गैस सब्सिडी के लिए एक रुपए का भी बजट प्रावधान नहीं कर पाए हैं। युवक कांग्रेस के जिला महासचिव आफताब अहमद ने कहा है कि बजट एक साल के लिए होता है, लेकिन झांसा 2047 तक का? छत्तीसगढ़ में प्रस्तुत आज का बजट अभिभाषण पूरी तरह भाजपा के चुनावी जुमलों की तरह ही था। झूठ और लफ्फाजी के कसीदे पढ़े गए।

मोदी की गारंटी से कोसों दूर छत्तीसगढ़ का बजट : सूर्यकांत जैन

राजनांदगांव। छत्तीसगढ़ सरकार का पहला बजट ही जनता से किए हुए वादों को धता बताता हुआ निकला। चुनाव जीतने के लिए भाजपा ने मोदी की गारंटी की बात कहकर बड़े-बड़े वादे किए जो की महज एक जुमला निकला, जिसमें किसानों को 3100 रुपए एक मुश्त देने का वादा किया गया। रोजगार देने की बात बजट में दूर-दूर तक दिखाई नहीं दी। 500 रूपये में गैस सिलेंडर की बात का भी बजट में प्रावधान नहीं किया गया।

शहर के साथ-साथ वनांचल को भी छलते हुए भाजपा सरकार ने तेंदूपत्ता संग्राहकों को 5500 रूपये मानक दर पर खरीदी की बात कही थी, जिसका कोई जिक्र इस बजट में नहीं किया गया। इस तरह सिर्फ बातों के मायाजाल में फंसाकर प्रस्तुत यह बजट एक छलावा मात्र है। अतः यह बजट बेरोजगार, युवाओं, किसानों एवं छात्रों के साथ श्रमिकों की अनदेखी करता हुआ दिशाहीन बजट है।

न्यूज गैलरी

ब्रजेश बने दुर्ग लोकसभा चुनाव में संयोजक

भिलाई। भाजपा प्रदेश नेतृत्व द्वारा लाभार्थी संपर्क अभियान की प्रदेश स्तरीय एवं लोकसभा स्तरीय टीम की घोषणा की गई है जिसमें प्रदेश संयोजक प्रदेश के महामंत्री एवं वरिष्ठ नेता रामजी भारती को बनाया गया है और उन्होंने पूरे 11 लोकसभा के संयोजक की नियुक्ति की है। जिसमें दुर्ग लोकसभा से भाजपा भिलाई के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश कार्य समिति सदस्य ब्रजेश बिचपुरिया को संयोजक बनाया गया है। इस बार बहुमत से जीत कर देश के प्रधानमंत्री मोदी का जो 400 पार का लक्ष्य है उसे सुनिश्चित पूरा करेंगे और 11 की 11 लोकसभा सीट जीतकर उन्हें उपहार स्वरूप भेंट करेंगे और तीसरी बार मोदी सरकार बनाकर देश को मोदी के रूप में तीसरी बार प्रधानमंत्री देंगे।

आज से क्रिकेट प्रतियोगिता

कुम्हारी। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी आठ दिवसीय प्रेसिडेंट क्रिकेट कप का वार्डवार क्रिकेट प्रतियोगिता का आज शुभारंभ होगा। उक्त प्रतियोगिता में कुम्हारी पालिका क्षेत्र के 24 वार्डों में जिनमे परसदा, कुगदा, जजंगिरी, रामपुर एवम कुम्हारी शामिल हैं के खिलाड़ियों द्वारा प्रदर्शन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 15 हजार एवं विनर कप, द्वितीय 11 हजार एवं विनर कप एवं तृतीय टीम को 7 हजार रुपए व विनर कप प्रदान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त उत्कृष्ट प्रदर्शन पर कई आकर्षक पुरस्कार भी दिए जाएंगे। यह प्रतियोगिता रामनगर स्थित मिनीमाता क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित की गई है।

बजट भविष्य को संवारने वाला

कुम्हारी। विधानसभा में प्रस्तुत बजट को लेकर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गोल्डी गोस्वामी ने कहा की यह बजट किसानों, युवाओं व महिलाओं के भविष्य को सवारने वाला है। यह बजट प्रदेश के सर्वांगीन विकास के साथ हर वर्ग, हर विभाग एवं हर क्षेत्र की जरूरतों पर सम्पुर्ण रूप से चिंतन कर बनाया गया उत्कृष्ट बजट है। गोस्वामी ने कहा की यह बजट प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी को पूरा करने वाला बजट है। यह बजट प्रदेश की जीएसडीपी को आगामी पांच वर्षों में दुगना करने वाला साबित होगा। हमारी भाजपा सरकार किसानों से किया हर वादे को पूरा करने प्रतिबद्ध हैं।

महापौर ने किया भूमिपूजन

दुर्ग। महापौर धीरज बाकलीवाल ने आयुक्त लोकेश चन्द्राकर, पार्षद ज्ञानदास बंजारे एवं संजय कोहले के साथ 24.50 लाख की लागत से बोरसी वार्ड नं. 50 में मुक्तिधाम निर्माण कार्य का भूमिपूजन पूजा अर्चना कर किया। भूमिपूजन कार्यक्रम में कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम, वीपी मिश्रा, उपअभियंता हरिशंकर साहू, करण यादव सहित वार्डवासी उपस्थित थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में महापौर का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। श्री बाकलीवाल ने कहा कि शहर में विकास कार्य कराये जा रहे है, इसी कडी में शहर में स्वीकृत राशि से मूलभूत सुविधा रोड, नाली सहित सामुदायिक भवन, उद्यान, मुक्तिधाम उन्नयन, तालाब सौदर्यीकरण कार्य कराये जा रहे है।

समाज का प्रत्येक व्यक्ति परिवार के समान है : उपमुख्यमंत्री साव

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। उपमुख्यमंत्री अरूण साव की मुख्य आतिथ्य में अग्रसेन भवन में सद्भावना सर्व वैश्य समाज द्वारा सातवां वैवाहिक परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। कोई भी व्यक्ति अकेला नहीं रह सकता। जो लोग समाज या परिवार में रहते हैं वे इसलिए रहते हैं कि उन्हें एक दूसरे की सहायता की आवश्यकता होती है। व्यक्ति से परिवार, परिवार से समाज, समाज से शहर, राज्य और राष्ट्र बनता है। जो व्यक्ति हमें सुख-दुख में साथ दे उसे समाज कहते हैं। श्री साव ने कहा कि मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है, अपने लिए तो जीव जंतु भी जीते हैं, लेकिन ये हमारे संस्कार का हिस्सा नही है। मनुष्य सामाजिक प्राणी होने के नाते समाज की गतिविधियों, उत्थान एवं विकास में हर व्यक्ति को अपनी भूमिका निभानी चाहिए। समाज के उत्थान के लिए हमें तन, मन, धन से कार्य करना चाहिए, तभी समाज में आपकी

प्रतिष्ठा, मान सम्मान और गौरव बढ़ेगा और समाज आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि हमें वसुधैव कुटुंबकम का भाव लेकर चलना है। समाज के प्रत्येक व्यक्ति परिवार के समान है। जब व्यक्ति किसी संकट में पड़ता है तो उस समय उनको सहायता की आवश्यकता होती है। हमको हमेशा सहायता करने के लिए तत्पर रहना चाहिए। समाज के हर व्यक्ति में ये भाव आ जाएगा तो देखिएगा ये भारत दुनिया की ताकत बनकर उभरेगी। देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का ध्येय वाक्य सबका साथ सबका विकास सबका प्रयास। समाज में बेहतरी के लिए हमें मिलकर काम करना चाहिए ताकि हम सभी मिलकर एक समृद्ध और अधिक उत्कृष्ट समाज की ओर बढ़ सके। आज स्वच्छता पूरे देश में जन आंदोलन बन गया। शहर के प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है कि वे शहर को स्वच्छ, व्यवस्थित, सुंदर बनाए रखे। हमें अपनी जिम्मेदारी किसी व्यक्ति, संस्था के ऊपर नही लादनी चाहिए। स्वच्छता बनाए रखना हर समाज की जवाबदारी है। सद्भावना समिति द्वारा किया गया परिचय सम्मेलन बहुत ही पुण्य का काम है। उन्होंने महिला समाजसेवी व युवा प्रकोष्ठ दुर्ग अभय अग्रवाल को सद्भावना आत्मीय सम्मान से सम्मानित किया।

मस्कट में बंधक दीपिका सुरक्षित वापस लौटी

■ **छग सरकार की संवेदनशील पहल से मुख्यमंत्री साय व उपमुख्यमंत्री शर्मा के प्रति जताया आभार**

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। प्रदेश के संवेदनशील मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की त्वरित पहल से मस्कट में बंधक बनाई गई छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले के खुर्सीपार निवासी जोगी दीपिका मानव तस्करों से बचकर सुरक्षित छत्तीसगढ़ पहुंच गई हैं। श्री साय को जब इस प्रकरण की जानकारी उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा से मिली तो उन्होंने उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा को जोगी दीपिका को भारत वापस लाने के लिए हर संभव पहल करने के निर्देश दिए थे। छग वापस आने के

बाद जोगी दीपिका ने उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा से मुलाकात कर छत्तीसगढ़ सरकार के संवेदनशील पहल के लिए मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री व वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन के प्रति आभार जताया। मुख्यमंत्री के निर्देश पर उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने मस्कट में बंधक बनाई गई जोगी दीपिका के मामले में ओमान स्थित इंडियन एम्बेसी से संपर्क कर जोगी दीपिका की मदद का आग्रह किया। उप मुख्यमंत्री सतत रूप से इंडियन एम्बेसी के संपर्क में रहे और लगातार अपडेट लेते रहे। इस दौरान उन्होंने दूरभाष पर मस्कट में जोगी दीपिका से बातचीत कर उन्हें भरोसा दिलाया कि छत्तीसगढ़ सरकार उन्हें सुरक्षित वापस लाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। जल्द ही उनकी छत्तीसगढ़ सुरक्षित वापसी होगी। उप मुख्यमंत्री के लगातार प्रयासों से ओमान स्थित इंडियन एम्बेसी ने त्वरित कार्रवाई की, जिसके परिणाम स्वरूप दीपिका को सुरक्षित एम्बेसी लाया गया। इन प्रयासों का यह सुखद परिणाम रहा कि दीपिका सुरक्षित भारत पहुंची। छत्तीसगढ़ पहुंचकर दीपिका सबसे पहले उपमुख्यमंत्री शर्मा से मिलने पहुंची और उन्हें अपनी आपबीती सुनाई। दीपिका ने कहा कि आपकी मदद से ही आज मैं अपने वतन सुरक्षित लौट पाई हूं, नहीं तो मैं वहां जीवन भर बंधक ही रह जाती। उल्लेखनीय है कि जिले के निवासी जे. मुकेश ने पुलिस को आवेदन दिया था।

काली मंदिर से निकली भव्य कलश यात्रा

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। उरला बायपास रोड के नीचे स्थित जगत जननी माता महाकाली जी कि भव्य मंदिर निर्मित है जिनकी ख्याति दूर दूर तक फैली है। मंदिर में 10 दिवसीय देवी भागवत कथा यज्ञ का आयोजन किया है। जिसके तहत आज प्रथम दिन मंदिर परिसर से भव्य मंगल कलश यात्रा निकली। जिसमे बड़ी संख्या में शामिल महिलाओ ने तालाब से जल लेकर कथास्थल पहुंची। जहां पूजा अर्चना पश्चात रवेलीडीह वाले प्रसिद्ध कथावाचक पंडित रघुनाथनंदन प्रसाद दुबे मानस केसरी जी का देवी भागवत कथा आरंभ हुआ। श्रीमददेवी भागवत के तहत आज से प्रतिदिन सुबह 10 से 1 बजे तक व 3 से 6 बजे तक 20 फरवरी तक दो पाली में नियमित रूप से देवी महिमा कथा महत्तम में परा पश्यन्ती मध्यमा,वैखरी वाणी का विषाद वर्णन होगा।

शीतला मंदिर समिति के 4 पदों के लिए आज कड़ी टक्कर

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। सतरूपा शीतला सेवा समिति (शीतला मंदिर) सिविल लाइन कसारीडीह के 4 वर्षीय कार्यकाल वाले प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव के लिए आज 11 फरवरी को 4 पदों के लिए मतदान होंगे। प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला कुल 155 मतदाता करेंगे। मतदान सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक होगा। तत्पश्चात मतगणना और परिणाम घोषित किए जाएंगे। इस चुनाव में अध्यक्ष पद के प्रत्याशी रोमनाथ साहू, संजय सिंह, उपाध्यक्ष पद प्रत्याशी शिवसागर सिन्हा, बीएस चंदेल, सचिव पद प्रत्याशी आलोक गुप्ता, प्रदीप देशमुख और कोषाध्यक्ष पद प्रत्याशी सुरेंद्र कुमार धर्माकर, संतोष कुमार सिन्हा के बीच सीधा मुकाबला है। मतदान के एक दिन पहले शनिवार को प्रत्याशियों ने मतदाताओं को साधने एड़ी चोटी का जोर लगा दिया है। रुझान के मुताबिक इस चुनाव में सभी प्रत्याशियों के बीच कांटे का टक्कर माना जा रहा है। जिससे परिणाम रोचक आने की संभावना है। बहरहाल सभी प्रत्याशी लगातार जनसंपर्क में जुटे हुए है। मंदिर समिति में 7 पदों के लिए निर्वाचन होता है। तीन पदों पर पदाधिकारी पहले ही निर्वाचित घोषित किए गए हैं जिनमें संयुक्त सचिव पद पर श्रीमती चंपा साहू, प्रबंधकारिणी सदस्य पद पर तामेश्वर यादव व श्रीमती पुष्पा श्रीवास के नाम शामिल हैं।

विधायक ललित के प्रयास से मिली सड़क की सुविधा

नव प्रदेश संवाददाता

रिसाली। तालपुरी क्षेत्र के अंतिम छोर पर बसे बीज निगम बस्ती में रहने वाले श्रमिकों को अब पक्की सड़क मिलेगी। ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने सीसी रोड और बस्ती में शौचालय निर्माण करने भूमिपूजन किया। इस कार्य के लिए कुल 42 लाख 88 हजार खर्च की जाएगी। विधायक चंद्राकर ने कहा कि डबल इंजन वाली सरकार का फायदा नागरिकों को सीधे मिलता है। विधानसभा चुनाव भ्रमण के दौरान पहली बार बस्ती पहुंचते ही उपेक्षित जीवन जीने वाले श्रमिकों की स्थिति को भाप लिया था। तब घोषणा की थी कि विधायक बनने के बाद यहां रहवासियों के लिए सड़क और शौचालय प्राथमिकता से बनाने का प्रयास करूंगा। प्रदेश सरकार हर वर्ग को ध्यान में रख योजना लागू की है। वहीं महापौर शशि सिन्हा ने कहा कि गर्मी में पेयजल की समस्या से नागरिकों को निजात दिलाने उन्होंने बोर उत्खनन कराया है। शहर सरकार योजना बद्ध तरीके से विकास कार्य कर रहीं है। भूमिपूजन में

आए अतिथियों का आभार पार्षद सविता ढवस ने किया। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि दीपक पप्पू चंद्राकर, सभापति केशव बंछोर, एमआईसी अनुप डे, सनीर साहू, नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू, पार्षद जहीर अब्बास, गजेन्द्री कोठारी, ममता सिन्हा आदि मंच पर उपस्थित थे।

20 साल से था उपेक्षित

जहां बस्ती है वह बीज निगम का हिस्सा है। यहां लगभग 50 परिवार के 200 सद्स्य रहते है। 20 वर्ष से उपेक्षित जीवन जी रहे है। खास तौर पर बारिश में यहां के रहवासियों को आने जाने में दिक्कतों का सामना होता था। दलदली होने से परेशानी होती थी। विधायक की अनुशंसा पर 20 लाख की लागत से 600 मीटर सीसी रोड और मार्डर्न शौचालय हेतु निगम ने 22.88 लाख रूपए स्वीकृत की है।

श्रमिकों को लाया सामने

कार्यक्रम स्थल पहुंचते ही सबसे पहले स्लम क्षेत्र में रहने वाली महिलाओं से मुलाकात की। उनका अभिवादन स्वीकार किया। विधायक ने निगम अधिकारियों को निर्देश दिए कि बस्ती में छुटे हुए हितग्राहियों का राशन कार्ड, आधार कार्ड अपडेट, आयुष्मान कार्ड प्राथमिकता से बनाए।

आइसेक्ट, बीडीएस कॉलेज और रमन आईटीआई ने किया स्पीरिट-2024 का आयोजन

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। छ.ग. में शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था आइसेक्ट सुपेला एवं बी.डी.एस. कॉलेज एवं रमन प्राय आई.टी.आई. परिसर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी अपनी गौरवशाली परंपरा का निर्वहन संयुक्त तत्वाधान मैं स्पीरिट-2024 का तीन दिवसीय खेल, नृत्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं का सफ्लतापूर्वक आयोजन कर बच्चों को संस्थान की ओर से पुरस्कार के साथ प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया। इस तीन दिवसीय आयोजन के मुख्य अतिथि रिकेश सेन विधायक वैशालीनगर, एमपी शुक्ला शिक्षाविद, स्मिता दोडके पार्षद, एवं भिलाई के विभिन्न आइसेक्ट संस्थान प्रमुख दिनेशवर पाटिल, प्रबीर भट्टाचार्य, धीरेन्द्र दास, गिरीश चन्द्राकर, बलविन्दर सिंग, अबरारसोहिल, संतोष सिंग, भास्कर राव, हिमांशु देवांगन, सूर्यप्रकाश तिवारी एवं नमिता हाण्डा विधायक प्रतिनिधि उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था प्रमुख की अरविन्दर सिंह, जसप्रीत कौर, स्मिता दोडके व एमपी शुक्ला द्वारा माता सरस्वती के तैल-चित्र में दीपप्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात् प्राचार्या नीता पाठक द्वारा संस्था का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उद्बोधन में विधायक सेन ने संस्था के स्टाफ का परिचय प्राप्त कर स्टाफ व छात्रों के अनुशासित वातावरण से बहुत प्रभावित हुए। उन्होने कहा कि कॉलेज की विशेष बात यह है कि यहाँ शिक्षा के साथ-साथ खेल, कला एवं सांस्कृतिक गतिविधियों द्वारा छात्र-छात्रों का सर्वागिक विकास भी किया जा रहा है। यह जानकर बहुत हर्षित हूं कि कॉलेज द्वारा विगत 7 वर्षों से केन्द्र शासन एवं राज्य शासन द्वारा संचालित विभिन्न कौशल विकास योजनाओं द्वारा निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया है।

हर जरूरतमंद तक पहुंचे पीएम विश्वकर्मा का लाभ: अध्यक्ष

नव प्रदेश संवाददाता

जामुल। शासन की विभिन्न योजनाओं का फार्म भरने लोगों को जागरूक कर रही है। नगर पालिका परिषद द्वारा लाऊड स्पीकर के माध्यम से नगर के प्रत्येक वार्ड में प्रचार प्रसार किया जा रहा है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी मोहेन्द्र साहू ने बताया कि पीएम विश्वकर्मा योजना अंतर्गत परंपरागत रूप से कार्य कर रहे को 5 दिन का बुनियादी प्रशिक्षण मिलेगा। इसमें हितग्राही को 500 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से छात्रवृत्ति शासन की ओर से प्रदान किया जायेगा तथा टूल किट भी प्रदान किया जायेगा। जिन लोगों को व्यवसाय हेतु ऋण की आवश्यकता है वे एक लाख का ऋण हेतु आवेदन भी कर सकते हैं। पालिका अध्यक्ष ठाकुर ने बताया कि पीएम स्वनिधि योजनांतर्गत पालिका में सैकड़ों लोगों को ऋण का लाभ मिला था। उन्होंने लोगों से कहा है कि अधिक से अधिक इस योजना का लाभ उठायें। मिशन मैनेजर शरद कुमार सिंह ने बताया कि पी एम विश्वकर्मा योजना के लिए हितग्राही को चॉइस सेंटर के माध्यम से आन-लाइन फार्म भरना होगा। इच्छुक व्यक्ति आधार कार्ड, आधार लिंक्ड मोबाइल नंबर, राशन कार्ड तथा बैंक पास बुक लेकर किसी भी चॉइस सेंटर से आनलाइन फार्म भर सकते हैं।

संयंत्र ने किया सर्वाधिक हॉट मेटल का उत्पादन

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। इस्पात संयंत्र के ब्लास्ट फर्नेस ने 9 फरवरी 2024 को एक ही दिन में अब तक का सबसे अधिक 20,625 टन हॉट मेटल उत्पादन दर्ज किया है, जो 22 दिसंबर 2022 में दर्ज पिछले सर्वश्रेष्ठ 20,563 टन हॉट मेटल उत्पादन से अधिक है। संयंत्र की मॉडेक्स यूनिट, ब्लास्ट फर्नेस-8 महामाया ने भी 9 फरवरी 2024 को 9406 टन हॉट मेटल का उत्पादन कर, 9 जून 2022 को दर्ज पिछले सर्वश्रेष्ठ दैनिक रिकॉर्ड 9229 टन हॉट मेटल उत्पादन को पार किया। उल्लेखनीय है कि 9 फरवरी 2024 को शॉप और ब्लास्ट फर्नेस-8 द्वारा रिकॉर्ड उत्पादन के साथ कोक रेट, फ्यूल रेट और स्लैग रेट कम होने के फलस्वरूप प्रति टन हॉट मेटल

उत्पादन लागत में उल्लेखनीय कमी आई है। संयंत्र निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने ब्लास्ट फर्नेस टीम और सभी अपस्ट्रीम, डाउनस्ट्रीम तथा संबंधित विभागों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी और इस श्रेष्ठ प्रदर्षन को आगे भी जारी रखने का आग्रह किया। कार्यपालक निदेषक (वर्क्स) अंजनी और संयंत्र के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी टीम ब्लास्ट फर्नेस और सभी सहायक शॉप्स तथा विभागों के सदस्यों को बधाई दी। मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (आयरन) तापस दासगुप्ता ने शानदार प्रदर्शन के लिए ब्लास्ट फर्नेस बिरादरी को बधाई दी। मुख्य महाप्रबंधक (ब्लास्ट फर्नेस) सौम्य टोकदार ने ब्लास्ट फर्नेस विभाग के सभी सदस्यों को बधाई दी और ओर हैंडलिंग प्लांट, सिंटर प्लांट्स, कोक ओवन और एलडीसीपी सहित सभी संबंधित विभागों को धन्यवाद दिया।

मेंटेनेंस के लिए टाउनषिप में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएँ विभाग के अन्तर्गत टाउन इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा वार्षिक रखरखाव योजना 2023-2024 के तहत टाउनषिप में विद्युतीय मेंटेनेंस एवं अनुरक्षण कार्य संपादित किये जा रहे हैं। ब्रेकडाउन को कम करने और सिस्टम की दक्षता बढ़ाने के लिए विद्युत सिस्टम के यथोचित रखरखाव पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

दिसंबर 2023 से मार्च 2024 के दौरान एचटी सिस्टम के निवारक रखरखाव के लिए टाउनषिप के विभिन्न स्थानों में योजनाबद्ध शटडाउन किया जाएगा।तिथि अनुसार प्रभावित होने वाले क्षेत्र हैंः- 12 फरवरी 2024 को सेक्टर-5 व इंदिरा प्लेस, 13 फरवरी 2024 को सेक्टर-3, 14 फरवरी 2024 को सेक्टर-01 तथा सेक्टर-2 व 6 के कुछ हिस्से, सीईजेड, 16 फरवरी 2024 को कैम्प एरिया व खुर्सीपार जोन-1। दिनांक 15 व 17 फरवरी 2024 को विद्युतीय मेंटेनेंस एवं अनुरक्षण कार्य के लंबित कार्य संपादित किये जायेंगे, इस दौरान भी कई क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेगी। उपरोक्त क्षेत्रों में उल्लेखित दिनांकों को प्रातः 10 से 1.30 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

द्वारिकापुरी मंदिर का कल से प्राण-प्रतिष्ठा समारोह

■ **द्वारिकापुरी हाउसिंग सोसायटी पोटिया में 12 से तीन दिवसीय आयोजन, 14 को भंडारा**

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। शहर के पोटियां स्थित द्वारिकापुरी हाऊसिंग सोसायटी में श्री राधाकृष्ण, श्री बजरंग बली एवं श्री शिव दरबार की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। इसे लेकर सोसायटी द्वारा 12 से 14 फरवरी तक तीन दिवसीय भव्य समारोह का आयोजन किया गया है। प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में धार्मिक कार्यक्रमों के अलावा भजनों की धूम मचेगी। यह समारोह पं. आचार्य डॉ. विक्रांत दुबे के सानिध्य में 5 अन्य विद्यवान पंडितों द्वारा पूरे मंत्रोच्चार के साथ संपन्न करवाया जाएगा। भव्य मंदिर

लगभग 25 हजार स्क्वेयर फीट क्षेत्र में बनकर तैयार हुआ है। जिसके 4 गुंबदों व अन्य निर्माण कार्य महाराष्ट्र नादेड़ के कलाकारों द्वारा किए गए हैं। मूर्तियां राजस्थान से लाई गई है। मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा समारोह को लेकर विशेष विद्युत साज-सज्जा के अलावा पूरे मंदिर को फूलों से सजाया गया है। जो आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। समारोह में हजारों की संख्या में श्रद्धालु जुटेंगे। जिसे लेकर आयोजन समिति द्वारा सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। यह बातें द्वारिकापुरी हाउसिंग सोसायटी आयोजन समिति के प्रमुख राजेंद्र साहू ने मीडिया से चर्चा में कही। इस दौरान जनसमर्पण सेवा संस्था अध्यक्ष बंटी शर्मा, द्वारिकापुरी हाउसिंग सोसायटी अध्यक्ष आलोक चंद्राकर, आशुतोष सिंह, विनय चंद्राकर, राहुल दुबे, आलोक शर्मा, जीपी साहू, यतीश वर्मा, अश्वनी राजपूत, तुलादास बैस, टीके साहू, बीएल चंद्राकर, प्रकाश शर्मा, राहुल शर्मा, कविता चावला, लवली रंधावा, मीनू लालजी, प्रीति दुबे, नारायणी साहू भी मौजूद थीं। आयोजन समिति प्रमुख एवं कांग्रेस नेता राजेंद्र साहू ने बताया कि 3 दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह की शुरुआत 12 फरवरी को प्रातः 7 बजे शिवनाथ नदी तट पर यजमान पूजन एवं दसविधा स्नान से होगी। प्रातः8 बजे पोटिया तालाब से भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें एक रंग की साड़ी पहनकर सैकड़ों महिलाएं गाजा-बाजा के साथ कलश लेकर मंदिर पहुंचेंगी।

जनहित के कार्यों में लापरवाही बरत रहा है निगम : वोरा

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। वरिष्ठ कांग्रेस नेता अरुण वोरा ने दुर्ग शहर में अधूरे विकास कार्यों को लेकर निगम आयुक्त को पत्र लिखकर कहा कि विधानसभा चुनाव से पहले स्वीकृत विधायक निधि के अपूर्ण कार्यों को तत्काल पूरा किया जाना चाहिए। ज्यादातर काम अधूरे हैं। कई काम शुरू हुए लेकिन अधूरे छोड़ दिये गए हैं। जनता को मूलभूत सुविधा देने के लिए सभी अप्रारंभ कार्यों और अपूर्ण कार्यों को तत्काल पूरा किया जाना चाहिए। वोरा ने कहा कि दुर्ग शहर में वर्ष 23-24 में स्वीकृत 2 करोड़ 10 लाख 99 हजार के कार्य प्राक्कलन/ निविदा प्रक्रिया के कारण अप्रारंभ है। वहीं 2 करोड़ 02 लाख 21 हजार के कार्य शुरू तो हुए लेकिन किसी कार्य को सिर्फ 30 तो किसी कार्य को 50 से 60 प्रतिशत तक काम पूरा किया गया है। ये सारे कार्य विधानसभा चुनाव से पहले स्वीकृत हैं। उनकी विधायक निधि वर्ष 23-24 की राशि 4 करोड़ में से बचत राशि एक करोड़ जनवरी माह में शेष है। इस राशि का उपयोग मेरे पूर्व में स्वीकृत किये गए कार्यों को पूरा कराया जाना चाहिए। वोरा ने निगम आयुक्त से कहा कि अधूरे कार्यों को पूरा किया जाए।

न्यूज गैलरी

छात्र-छात्राओं को दी गई विदाई

मुंगेली/नवप्रदेश। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छटन में कक्षा 11वीं के छात्र-छात्राओं द्वारा कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राओं को विदाई दिया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि केपी डाहीरे एवं मोहन उपाध्याय के द्वारा मां सरस्वती के चरणों में पूजन अर्चन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कुमारी तितरी और लक्ष्मीन के द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। बाल परिषद के छात्र-छात्रों के वर्ष भर किए गए कार्यों के आधार पर उन्हें प्रशस्ति पत्र दिया गया। इस अवसर पर प्रिंसिपल एडी अंचल शाला नायक नोबेल वर्मा, कुमारी तितरि, कुमारी प्रिंसी लता, संगीता, गौरव, ओम राहुल एवं साथी को पुरस्कृत, मीरकंठ साहू, हेमचंद बारमते, ज्योति सिंह, लाला राम, अशोक सियारे उपस्थित रहे। इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन कुमारी तितरी एवं ओम के द्वारा किया गया। इस व्याख्यातागण एवं नागरिकगण उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय ताइक्वांडो स्पर्धा में कस्तूरबा की बच्चियों का दमदार प्रदर्शन

लखनपुर-सरगुजा/नवप्रदेश। सब जूनियर,कैडेट एवं जूनियर ऑल इंडिया राष्ट्रीय प्रतियोगिता 6 से 9 फरबरी जयपुर राजस्थान के सवाई मानसिंह स्टेडियम में मुकम्मल हुई,। जिसमे सरगुजा जिले के लखनपुर ब्लॉक की कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की दो छात्राओं रंगीता सिंह कैडेट वर्ग और दिव्या दास ने जूनियर वर्ग में भाग लिया, दोनो छात्राओं ने बिना किसी बेहतर सुविधाओं के नहीं मिलने के बावजूद भी काफी अच्छा प्रदर्शन कर अपने अपने भार वर्ग में अच्छा खेल का प्रदर्शन किया। अफसोस मेडल राउंड में प्रवेश करने कामयाबी हासिल नहीं कर सकी। रितिका अनुराधा सिंह एवं कोच नितिन श्रीवास्तव के निर्देशन में दोनों छात्राएं राष्ट्रीय लेवल तक पहुंच कर अच्छा प्रदर्शन करने में सफल रही। दोनों छात्राओं को कस्तूरबा विद्यालय परिवार ने बधाई दिया है।

प्रभारी अधिकारी के भरोसे संचालित हो रहा कार्यालय

लखनपुर-सरगुजा/नवप्रदेश। प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के साथ विभागीय मंत्रीयो की ताजपोशी भी हो चुकी है। लेकिन एकीकृत महिला बाल विकास परियोजना कार्यालय में पूर्व परियोजना अधिकारी के सेवा निवृत्त होने के पश्चात महिनों से कार्यालय में स्थाई रूप से कोई परियोजना अधिकारी पदभार ग्रहण नहीं कर सका है। वैकल्पिक व्यवस्था पर कार्यालयीन कार्य संचालित हो रहा है। प्रभारी परियोजना अधिकारी सेक्टर सुपरवाइजर कार्यालय में पदस्थ बाबू के हवाले से भगवान भरोसे परियोजना कार्यालय कार्य का संचालन होरहा है। जबकि परियोजना अधिकारी का होना जरूरी है। महिला बाल विकास परियोजना कार्यालय से संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों के कार्यकर्ता सहायिकाओ को जरूरी आवश्यक कार्यों के लिए परियोजना अधिकारी का इंतजार करना पड़ता है। जरूरी काम समय पर नहीं हो पाता दफ्तर का व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गया है। कार्यालयीन कार्य के नियमित संचालन के लिए कार्यालय में परियोजना अधिकारी का होना लाजिमी है। प्रबुद्ध जनों द्वारा परियोजना कार्यालय में स्थाई रूप से अधिकारी पुनर्स्थापित करने की बात कही जा रही है। ताकि कार्यालयीन कार्य सुचारू ढंग से संचालित हो सके।

कलेक्टर देव ने बताया कैसे बनें अग्निवीर

मुंगेली/नवप्रदेश। मुंगेली मे कलेक्टर राहुल देव के निर्देशनुसार तथा जिला प्रशासन, जिला सैनिक कल्याण बोर्ड एवं जिला रोजगार कार्यालय की ओर से भारतीय सेना में अग्निवीर भर्ती प्रशिक्षण कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे पैरा कमांडो पुरुषोत्तम कुमार चंद्रा, सैनिक कल्याण बोर्ड बिलासपुर, गजेंद्र सिंह रोजगार कार्यालय, चंद्रा सर ने छात्रों को अग्निवीर, नगर सैनिक, पैरा कमांडो, अग्निवीर इंडियन आर्मी के बारे में जानकारी दी।

मौसम ने ली करवट, बारिश और ओलावृष्टि से जनजीवन प्रभावित

लखनपुर-सरगुजा/नवप्रदेश। एक बारगी मौसम ने करवट बदली है। तापमान में गिरावट के साथ ठंडक में इजाफा हुआ है। माघ महीने में आसमानी बादलों ने बरसकर फिजा को सर्द बना दिया है। 11 फरवरी रविवार को सबेरे से गरज चमक के साथ हुई बारिश की कारण जनजीवन प्रभावित रहा। बारिश के वजह से लौट आई जाती ठंड ने एक बार फिर पलटवार किया है। बारिश और ठंड से बचने लोग अलाव के सहारे दिन भर घर में ही दुबके रहे। रोजमर्रा के कार्य प्रभावित हुए। आसमान में सफेद हल्के परत के बादल दिन भर छाए रहे। बारिश से सीजन के रबी फसल में गेहूं चना, मटर, मसूर ,तथा जटगी तीसी सरसों तिलहनी फसलों को बरसने वाले पानी से फायदा होने की बात कही जा रही है। बेमौसम बारिश के साथ कहीं कहीं ओलावृष्टि होने के संभावना भी व्यक्त की गई हैं ।हुये बारिश के कारण फरवरी के इस महीने में ठंड और बढ़ने के आसार बढ़ गए हैं।

लिफ्ट नही देने पर गाली-गलौज मारपीट,मामला दर्ज

मुंगेली/नवप्रदेश। बाइक से लिफ्ट नही देने पर आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए हाथ में रखे शराब के बोतल से मारपीट किया। मारपीट करने से प्रार्थी को चोट आई। आरोपी जान से सहित मारने की धमकी देते हुए प्रार्थी के बाइक सुपर स्प्लेंडर को आग लगा दिया। प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 297, 323, 436, 506 जुर्म दर्ज कर मामले की विवेचना कर रही है। ग्राम डिघोरा निवासी अमित कुर्रे ने अपनी शिकायत में बताया कि पथरिया में किराये के मकान में अपने परिवार सहित रहता हूं। ग्राम लक्षनपुर फटाका फैक्ट्री में मजदूरी का काम करता हूं। उसका छोटा भाई धर्मेन्द्र भी मजदूरी का काम करता है। अग्रेंजी शराब भट्ठी के पास उन लोगों का बन रहा मकान को देखने 9 फरवरी को उसका भाई धमेन्द्र कुर्रे मोटर सायकल क्रमांक सीजी 28 ई 6168 से गया था। जो मोटर सायकल से देशी शराब भट्ठी तरफ से आ रहा था। लगभग 7 बजे पथरिया का रहने वाला अजय श्रीवास उससे देशी भट्ठी के पास लिफ्ट मांगा। तब वह गाडी को रोक कर पूछा क्या हो गया, बोलने पर वह बोला मुझे भी साथ ले जाओ, तब मैं नही ले जाउंगा बोलने पर मुझे मां बहन की गंदी-गंदी गाली देने लगा। मना करने पर हाथ में रखे शराब के बोतल से मारपीट किया। मारपीट करने से उसके के दांया कान एवं दायां कंधा में चोट आई है एवं जान सहित मारने की धमकी देते मेरे मोटर सायकल सुपर स्प्लेंडर को आग लगा दिया और आरोपी वहां से भाग गया। प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 297, 323, 436, 506 जुर्म दर्ज कर मामले की विवेचना कर रही है।

परिणय सूत्र में बंधे 101 जोड़े बंधे

ओपी चौधरी ने नवविवाहित जोड़ों को दिया आशीर्वाद

जांजगीर/नवप्रदेश। जाज्वल्यदेव लोक महोत्सव एवं एग्रीटेक कृषि मेला में आज मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत 101 जोड़े विवाह संपन्न कराया गया। इस अवसर पर कैबिनेट एवं जिला प्रभारी मंत्री ओ पी चौधरी,जांजगीर चांपा विधायक व्यास कश्यप, पामगढ़ विधायक शेषराज हरवंश, पूर्व विधायक सौरभ सिंह, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, पूर्व विधायक अबेंश जांगड़े, जिला पंचायत अध्यक्ष यनिता चंद्रा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह कलेक्टर आकाश छिकारा ने नवविवाहित जोड़े को आशीर्वाद दिया साथ ही सुखी दाम्पत्य की शुभकामना भी दी साथ ही उपहार भेंट किए। श्री चौधरी ने कहा कि निर्धन कन्याओं के लिए मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना वरदान है। इस योजना के माध्यम से फिजुल खर्च एवं दहेज प्रथा जैसे कुरीतियों को समाप्त करने का एक अच्छा माध्यम है। अब ऐसे कन्याओं के माता-पिता को आर्थिक समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ रहा। ज़िला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास अनिता अग्रवाल ने बताया कि आज मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना से लाभान्वित करते हुए 101 जोड़े विवाह बंधन में बंधे। इस अवसर पर गुलाब चंदेल, गगन जयपुरिया, विद्या सिदार, अमर सुल्तानिया, सुमित प्रताप सिंह, प्रीति देवी,

प्रशांत सिंह, आशुतोष गोस्वामी, शेखर चंदेल सहित अन्य जनप्रतिपिनिधि गण, अधिकारी-कर्मचारी, बड़ी संख्या में नागरिकजन उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत् प्रति जोड़ा 50 हजार रुपए का व्यय निर्धारित है। जिसमें 6 हजार रुपए वस्त्र, श्रृंगार सामग्री, आभूषण पर, 8 हजार रूपए विवाह के आयोजन पर, 15 हजार रुपए प्रोत्साहन सामग्री व 21 हजार बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से वधु को दिया जाता है। नवविवाहित जोड़ों को जीवनोपयोगी विभिन्न सामग्रियां जैसे कुकुर, बर्तन गद्दा, आलमीरा, वैवाहिक वस्त्र, मंगलसूत्र, ,वैवाहिक वस्त्र, श्रृंगार सामग्रियां आदि उपहार स्वरूप प्रदान किए जाते है।

वनाधिकार पट्टा के लिए सीएम के नाम का ज्ञापन सौपेंगे राष्ट्रपति के दत्तकपुत्र

लखनपुर-सरगुजा/नवप्रदेश। ब्लाक क्षेत्र के ग्रामपंचायत मांजा के आश्रित राजाकटेल में निवासरत राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र कहे जाने वाले विशेष आरक्षित पड़ो जनजाति के लोग वन अधिकार पत्र पाने आज भी दर-ब-दर भटक रहे हैं। इतना ही नहीं गांव में अन्य दूसरे कौम के लोगों को भी वन अधिकार पट्टा नसीब नहीं हुआ है।

इस संबंध में पड़ो आदिवासी जनजाति के लोगों ने अम्बिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल के सम्मुख भी पट्टा दिलाने फरियाद किये जाने की बात कही है । इन पड़ो आदिवासी जनजाति लोगों के आर्तनाद को समझते हुए सामाजिक कार्यकर्ता एवं अधिवक्ता धीरेन्द्र शर्मा अम्बिकापुर ग्राम मांजा राजाकटेल में बसारत करने वाले इन पड़ो जनजातियों से हमदर्दी रखते हुए इन पड़ो जनजातियों से ताल्लुक बनाये कई सालों से वन अधिकार पट्टा दिलाने संघर्ष कर रहे हैं। इनके पहल एवं अगुवाई में राजाकटेल गांव के

निवासरत पड़ो जनजाति कुनबे के लोगों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने का इरादा बनाया है। सामाजिक कार्यकर्ता धीरेन्द्र शर्मा ने बताया कि इन राष्ट्र पति के दत्तक पुत्र कहे जाने वाले विशेष पड़ो जनजाति के लोगों को पट्टा दिलाने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है। साथ ही पड़ो जनजाति के लोगों ने गांव में मूलभूत सुविधाओं के कमी का जिक्र करते हुये राजाकटेल में निवासरत पड़ो आदिवासी परिवार के लोगो ने बिजली पानी सड़क जैसी बुनियादी सुविधाओं को सुव्यवस्थित करने शासन प्रशासन से मांग करने की भी बात कही है। पूर्वजों द्वारा वन भूमि पर किये गये कब्जा के आधार पर वन अधिकार पट्टा मिलना चाहिए पहली और प्राथमिक मांग है लेकिन पड़ो जनजाति के लोग आज भी वन अधिकार पट्टा से महरूम हैं बहरहाल अधिवक्ता सामाजिक कार्यकर्ता धीरेन्द्र शर्मा ने इन पड़ो जनजाति के लोगों को वन अधिकार पट्टा दिलाने का दावा किया है। पट्टा मांग करने वालों में रामधन पड़ो, रत्न पड़ो, राजगोपाल, करमेन,सनकुवर, विनोद ,तुलेश्वर , गणेश पड़ो, हुकुम पड़ो,सुपारी पड़ो, गोपाल पड़ो, संतोषी पड़ो सहित गांव के तमाम पड़ो जनजाति तथा अन्य दूसरे जाति के लोग शामिल हैं। ग्राम के सभी लोगों ने धीरेन्द्र शर्मा के अगुआई में ज्ञापन सौंपने की बात कही है।

ट्रेक्टर की टक्कर से दो सगे भाइयों की मौत, मामला दर्ज

मुंगेली/नवप्रदेश। दैनिक मजदूरी का कार्य समाप्त कर मोटर सायकल से वापस लौट रहे दो सगे भाईयों की ट्रेक्टर से हुई भिड़ंत के चलते मौत हो गई। दुर्घटना में शामिल एक अन्य चचेरे भाई की स्थिति गंभीर बनी हुई है। पुलिस जुर्म दर्ज कर मामले की विवेचना में जुटी हुई है।ग्राम धरमपुरा निवासी टकेश्वर साहू उम्र 27 वर्ष पिता राधेश्याम साहू, जलेश्वर साहू पिता राधेश्याम साहू एवं चचेरे भाई लालाराम साहू मजदूरी कार्य से 8 फरवरी को पथरिया गये हुए थे। काम समाप्त होने के बाद हीरो मोटर सायकल में रात्रि में 7 बजे ग्राम धरमपुरा वापस लौटते समय हथनीकला परदेशी ठाकुर के घर के पास सामने से आ रही ट्रेक्टर एवं मोटर सायकल की आमने-सामने से भिड़ंत हो गई। जिससे मोटर सायकल सवार जलेश्वर साहू, टकेश्वर साहू एवं लालाराम साहू गंभीर हालत में सड़क पर गिर गये। ग्रामीणों के सहयोग से उन्हे जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां दुर्घटना में घायल जलेश्वर साहू की मौत हो गई, वही दूसरे युवक टकेश्वर साहू को ईलाज हेतु रिफर किये जाने पर अवध लाईफ केयर में मौत हो गई। तीसरे युवक लालाराम साहू का ईलाज जारी है। प्रार्थी श्रीराम साहू की रिपोर्ट पर सिटी कोतवाली पुलिस मामले में जुर्म कायम कर मामले की विवेचना कर रही है।

चौंथी वर्षगांठ पर भव्य अरपा महोत्सव

गौरेला-पेंड्रा-मरवाही/नवप्रदेश। जिले के गठन की चौथी वर्षगांठ पर जिला प्रशासन द्वारा आयोजित भव्य और वृहद अरपा महोत्सव से जिलेवासी भावविभोर हुए। मल्टीपरपज शाला मैदान पेंड्रा में आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, संसदीय कार्य, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व, पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल थे। महोत्सव की अध्यक्षता लोक स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा, बीस सूत्री कार्यान्वयन और जिले के प्रभारी मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने किया। मुख्य अतिथि श्री अग्रवाल ने भगवान श्री राम और स्थानीय देवी देवताओं की जयकारे के साथ अपना संबोधन शुरू किया और जिले वासियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और राज्य की जनता की ओर से जिला स्थापना की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले को प्रकृति ने बहुत आर्शिवाद दिया

है। अरपा यहां की जीवन दायिनी नदी है। यदि अरपा नहीं होती तो बिलासपुर वासियों को पेयजल नहीं मिलता। इस नदी से किसानों को सिंचाई सुविधा मिल रही है। यहां पर्यटन की असीम संभावनाएं है। यहां के वनोपज से आदिवासियों का जीवन निर्भर है। मंत्री बृजमोहन अग्रवाल मंच पर आने से पूर्व विकास पर आधारित विभागीय स्टॉलों का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि विकास धरातल पर उतरनी चाहिए, विकास की रौशनी घर-घर तक पहुंचे। उन्होने जिले वासियों की बहुप्रतिक्षीत मांग एवं आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए पेण्ड्रा बायपास की स्वीकृति एक माह के भीतर दिलाने का आश्वासन दिया। इसके साथ ही स्पोर्ट्स काम्पलेक्स की स्वीकृति दिलाने, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मरवाही में विस्तरों की संख्या बढ़ाकर 50 बेड करने, मलनिया डेम को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने, आदिशक्ति दुर्गा मंदिर के विकास के लिए 25 लाख रूपए देने, राजमेर गढ़ को हिल स्टेशन के रूप में विकसित करने की धोषणा की। उन्होने कहा कि गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले को पर्यटन जिले के रूप में पहचान दिलाने के लिए पूरी कोशिश होगी। स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जयसवाल ने कहा कि आज का दिन जिले वासियों के लिए उत्सव का दिन है।

खड़ी गाड़ी से सामान पार

मुंगेली/नवप्रदेश। ट्रांसपोर्टर के घर के पास खड़ी गाड़ी से अज्ञात चोरों ने समान से भरा हुआ पांच कार्टून, चार बोरी आटा कीमत 40000 रूपये को पार कर दिया। वाहन में व्यापारियों के सामान चोरी हो जाने की रिपोर्ट पर सिटी कोतवाली पुलिस ने धारा 379 के तहत जुर्म दर्ज कर मामले की विवेचना कर रही है। जय सिंह राजपूत ने शिकायत में बताया कि माजदा चालक अशोक कुमार निर्मलकर एवं कोमल देवागंन दोनों व्यापार विहार बिलासपुर से गाडी में किराना सामान लेकर रात्रि 10 बजे मुंगेली वापस लौटे। वाहन में मुंगेली के कुछ व्यापारियो का सामान भरा हुआ था। रात्रि होने से व्यापारियो का दुकान बंद होने से दुकानदारों का सामान खाली नही हुआ था। दोनों गाडी को पाल से ढंक कर रस्सा बांध कर मेरे घर के सामने खड़ी कर अपने घर चले गये। सुबह सोकर उठा और बाहर जाकर गाडी को देखा तो दोनो गाडी का रस्सा कटा हुआ था। सामान चेक करने पर गाड़ी नंबर सीजी 10 आर 0528 पांच कार्टून समान से भरा हुआ।

स्वास्थ्य सभी स्कूल एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में 15 फरवरी को विशेष अभियान

19 वर्ष तक के बच्चों को पिलाई जाएगी कृमिनाशक दवा

अंबिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर विलास भोस्कर के मार्गदर्शन में जिले में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का आयोजन किया गया है। राष्ट्रीय कृमि दिवस का आयोजन प्रत्येक 06 माह में किया जाता है। जिसमें 01 से 19 वर्ष के बच्चों को सभी स्कूल एवं आगनबाड़ी केन्द्रों में एवं 15 फरवरी को छूटे हुए बच्चों को एल्बेंडाजॉल की गोली खिलाई जावेगी। आयोजित कार्यक्रम में जिले के समस्त आंबनबाड़ी केन्द्रों, शासकीय व निजी विद्यालयों, मदरसों में बालक एवं बालिकाओं को कृमिनाशक दवा एल्बेंडाजॉल 400 मि.ग्रा. की गोली का सेवन कराया गया है। जिला मुख्यालय अम्बिकापुर के शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नवापारा में स्थानीय जनप्रतिधि करताराम गुप्ता, अभिमन्यु गुप्ता, हरमिदंर सिंह, बबलू सिंह, मधूसुधन शुक्ला उपस्थित थे। कार्यक्रम में सीएमएचओ डॉ आरएन गुप्ता, सिविल सर्जन डॉ जेके रेलवानी, नोडल अधिकारी डॉ शैलेन्द्र गुप्ता, डीपीएम डॉ पुष्पेन्द्र राम, डॉ आयुष जायसवाल, डॉ वर्षा शर्मा के द्वारा स्कूली बच्चों को एल्बेंडाजॉल की गोली खिलाई गई। करताराम गुप्ता ने कहा कि छोटे बच्चों के अलावा प्रत्येक व्यक्ति को भोजन से पहले और बाद में हाथ धोना, पीने योग्य पानी पीना और नंगे पैर चलने और खुली हवा में शौच करने से परहेज करके परजीवी कृमि संक्रमण को रोका जा सकता है, पेट का कीड़ा बच्चे के शारीरिक और मानसिक विकास पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है, सभी को रोगनिरोधी उपाय

के रूप में पंजीकृत चिकित्सकों की सलाह से छह महीने में एक बार एल्बेंडाजोल टैबलेट लेने की सलाह दी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आर एन गुप्ता ने ज्यादा से ज्यादा बच्चों को कृमिनाशक दवा एल्बेंडाजॉल का सेवन करने का आह्वान किया, उन्होंने बताया कि कृमिनाशक दवा के सेवन से बच्चों के बौद्धिक विकास, स्वास्थ्य एवं पोषक का स्तर, एनीमिया की रोकथाम तथा रोगप्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता है। उन्होनें बताया कि यह दवा सुरक्षित है। मिट्टी, पानी और वातावरण के कारण बच्चे और बड़े दोनों में कृमि हो सकता है। स्कूली बच्चों के सेवन से बौद्धिक क्षमता में वृद्धि होगी तथा कक्षा में शतप्रतिशत उपस्थिति रहेगी। नोडल अधिकारी डॉ शैलेन्द्र गुप्ता ने बताया कि जिला सरगुजा में वर्ष 2024 हेतु जिले में लगभग 3 लाख 41 हजार 125 बच्चों को डिवार्मिंग गोली खिलाने का लक्ष्य निर्धारित है। आंगनबाड़ी केन्द्रों में 1 से 2 वर्ष तक के बच्चे को ऐल्बेण्डाजोल 400 एमजी की आधी गोली को दो चम्मच के बीच में रखकर चूरा करके स्वच्छ पीने के पानी में घोलकर पिलाई जायेगी एवं 2 से 3 साल के बच्चे को 1 गोली चुरा तैयार कर तथा 03 से 19 वर्ष के बच्चों को 01 गोली चबाकर खाने को दी जाएगी। उन्होंने बताया कि वैसे बच्चे और किशोर जो स्कूल नहीं जाते हैं उनपर भी विशेष फोकस किया जाएगा।

डिप्टी सीएम साव ने पानी टंकी का किया निरीक्षण

मुंगेली/नवप्रदेश। उप मुख्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग अरूण साव के द्वारा विभाग की प्रथम समीक्षा बैठक के दौरान समस्त विभागीय अधिकारियों को जल जीवन मिशन में कार्यो की गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुये समय-सीमा में कार्य पूर्ण कर ग्रामवासियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये हैं। उनके द्वारा सभी क्षेत्रीय स्तर के मैदानी अधिकारियों को अनिवार्य रूप से मुख्यालय में रहकर कार्यो के सतत् निरीक्षण के भी निर्देश दिये गये हैं। उप मुख्यमंत्री साव के द्वारा अपने क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान जल जीवन मिशन के कार्यो का निरीक्षण प्रारंभ कर दिया गया है। इस कड़ी में विधानसभा क्षेत्र मुंगेली के प्रथम प्रवास के दौरान उनके द्वारा ग्राम देवरहट विकासखंड लोरमी में क्रियान्वित हो रहे पेयजल योजना

का निरीक्षण किया गया। जिसके अंतर्गत 90 किली क्षमता एवं 12 मीटर स्टेजिंग के निर्माणाधीन उच्चस्तरीय टंकी का निरीक्षण किया गया। निर्माण कार्य की गुणवत्ता घटिया स्तर हाने की शिकायत की गई है।

निरीक्षण के दौरान उप मुख्यमंत्री साव को ग्रामवासियों द्वारा अवगत कराया गया कि यह कार्य 8 से 10 माह से बंद है। टंकी निर्माण में घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग किये जाने की शिकायत भी की गई। उपमुख्यमंत्री साव द्वारा प्रमुख अभियंता को तत्काल उक्त कार्य के निरीक्षण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये। प्रमुख अभियंता द्वारा 6 फरवरी को मुख्य अभियंता, बिलासपुर कार्यपालन अभियंता, खंड मुंगेली, स्थानीय जनप्रतिनिधी एवं मैदानी अमले की उपस्थिति में उक्त कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सरपंच श्रीमति सावित्री पाठे से भी टंकी निर्माण कार्य के संबंध में जानकारी ली गई। प्रमुख अभियंता द्वारा अपने निरीक्षण प्रतिवेदन के माध्यम से अवगत कराया गया है कि उक्त निर्माण कार्य हेतु एजेंसी श्रीराम कंस्ट्रक्शन कम्पनी, बिजुरी अनुपपुर है, जिसे खंड कार्यालय मुंगेली के द्वारा 5 दिसम्बर 2021 को उक्त कार्य हेतु कार्यादेश दिया गया है तथा कार्य हेतु वर्षा ऋतु को मिलाकर 5 माह की समयावधि प्रदान की गई है।

माओवादियों के लगाए प्रेशर आईईडी से छसबल का जवान घायल

बेहतर उपचार के लिए जवान को किया गया एयर लिफ्ट, रायपुर में चल रहा ईलाज

बीजापुर/नवप्रदेश। माओवादियों द्वारा लगाए गए प्रेशर द्बश्वष्ठ के ब्लास्ट होने से छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल का एक जवान घायल हो गया है. बेहतर उपचार के लिए जवान को एयर लिफ्ट कर रायपुर लाया गया. जानकारी के अनुसार, डुमरीपालनार कैम्प से एरिया डॉमिनेशन, डी-माईनिंग पर छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल की टीम निकली थी. आज सुबह 9 बजे के आसपास डुमरीपालनार और तिमेनार के मध्य माओवादियों द्वारा लगाये गए प्रेशर द्बश्वष्ठ ब्लास्ट होने से एक जवान घायल हो गया. जवान के पैर में चोट आई है.

वहीं मौके से तीन नग 5-5 किग्रा के प्रेशर द्बश्वष्ठ सुरक्षा बलों ने बरामद किया है, जिसमें से दो द्बश्वष्ठ को जिला बल बीडीएस डुमरीपालनार की टीम ने मौके पर नष्टीकरण किया और एक द्बश्वष्ठ को सुरक्षित निष्क्रिय किया गया.

घायल जवान को नेलसनार में प्राथमिक उपचार के उपरान्त दंतेवाड़ा जिला अस्पताल भेजा गया है, जहां से रायपुर एयर लिफ्ट कर लाया गया।

न्यूज गैलरी

2260 नगद के साथ 4 जुआड़ी गिरफ्तार

जगदलपुर/नवप्रदेश। थाना कोतवाली पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि शहर के सनसिटी अटल आवास लालबाग में कुछ जुआड़ी ताश के पत्तो पर रूपये-पैसे का दांव लगाकर जुआ खेल रहे है। सूचना पर कार्यवाही हेतु रविवार को पुलिस की टीम गठित कर रेड कार्यवाही किया गया। रेड कार्यवाही दौरान मौके से 4 जुआड़ी समीर सेन्द्रे, राकेश दास, अविनाश श्राफ, करनदास को जुआ खेलते रंगे हाथ पकड़े गये। जिनके पास एवं फड़ से 2260 रूपये नगद व ताश के पत्ते बरामद किए गए। उक्त आरोपियों के विरूद्ध धारा 03 छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत अपराधिक प्रकरण पंजीबद्व कर, गिरफ्तार कर किया गया है।

लकी ड्रा के चक्कर में युवक ठगी का शिकार

-चरचा थाना में सायबर ठगों ने युवक को ठगी का शिकार बना लिया. ठगों ने पहले तो युवक के पते पर एक लिफाफा भेजा. लिफाफे में बताया कि उसके नाम पर लकी ड्रॉ आया है। लकी ड्रॉ पाने वाले को कंपनी की ओर से एक कार उपहार में दी जाएगी। युवक ने बिना जानकारी जुटाए लकी ड्रॉ के बताए गए नियमों को फॉलो करना शुरु कर दिया। ठगों ने युवक को बताया कि उसकी कार उसे मिल जाएगी लेकिन उसे रजिस्ट्रेशन का पैसा भेजना होगा. युवक ने 42 हजार ठगों के खाते में रजिस्ट्रेशन के नाम पर डाल दिए. पैसे डालने के बाद जब उनकी ओर से कोई जानकारी नहीं दी गई तब पीड़ित को अपने ठगे जाने का अहसास हुआ। चरचा के छरछा बस्ती में रहने वाले युवक ने थाने में जाकर शिकायत दर्ज कराई। थाने में दर्ज शिकायत में पीड़ित ने कहा कि उसके पास एक लेटर छिंदवाड़ा मध्यप्रदेश से आया।लेटर में बताया गया कि आपको एक लकी ड्रॉ कूपन भेजा गया है। स्कैच कर अगर आप स्कैन करते हैं आप भी कार के विजेता बन सकते हैं। युवक ने लेटर में लिखे तरीके से कूपन को स्क्रैच कर स्कैन किया। स्कैन करने के बाद उसके पास मैसेज आया कि उसने कार जीत ली है. कूपन पर जो नंबर था उसपर पीड़ित ने फोन किया. फोन उठाने वाले ने बताया कि वो हिमाचल के कुल्लू से बोल रहा है. शख्स ने बताया कि कार उसतक तभी पहुंचेगी जब वो रजिस्ट्रेशन, टोल और टैक्स का पैसा भेजेगा. लालच पड़ा भारीः ठगों के झांसे में फंसकर युवक ने बताए गए नंबर पर फोन पे के जरिए रुपए भेज दिए. पैसे भेजते ही पीड़ित के वाट्सएप पर मैसेज आया कि आपके गाड़ी का रजिस्ट्रेशन पूरा हो चुका है और उसकी कॉपी आपको भेजी गई है. आपने जो कार जीता है वो कार असम से निकल चुकी है. टोल टैक्स का पैसा देते ही वो आपके बताए पते पर पहुंच जाएगी.

पुण्यतिथि पर याद किए गए दीनदयाल

भानुप्रतापपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी मंडल भानु प्रतापपुर के द्वारा आज 11 फरवरी को%एकात्म मानववाद के प्रणेता स्रोत %महान देशभक्त% व उत्कृष्ट संगठनकर्ता ÷पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी÷ की पुण्यतिथि पर उन्हें कोटि-कोटि नमन करते हुए उनके छायाचित्र पर फूल माला एवं दीप प्रज्ज्वलित कर याद किया गया!आप हमेशा हमारे वैचारिक मार्गदर्शक और नैतिक प्रेरणा के स्त्रोत रहेंगे एकात्मक मानववाद प्रणेता एवं जन संघ के संस्थापक सदस्य रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी जिनकी सोच गांव के अंतिम व्यक्ति तक योजना का लाभ मिल सके ऐसी सोच विचार वाले पंडित जी की आज भारतीय जनता पार्टी पूरे भारत देश में उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित कर समर्पण दिवस के रूप में मनाया जा रहा है! इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष वर्तमान अंतागढ़ के विधायक श्रीमान विक्रम देव उसेंडी जी ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय एक ऐसे युग पुरुष थे जिनके विचारों व सिद्धांतों ने देश को एक विचारधारा देने का काम किया विचारधारा राष्ट्र के पुनर्निर्माण और भारत के गौरव को पुन स्थापित करने के लिए अंतोदय सिद्धांत पर चलकर हम समस्त जनमानस का जीवन स्तर बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। वे सदैव हमारे प्रणेतास्तोत्र रहेंगे, कार्यक्रम में जिला भाजपा महामंत्री बृजेश सिंह चौहान जिला कार्यालय के रत्नेश सिंह युवा मोर्चा प्रतिष्ठित व्यापारी प्रदीप जैन जिला का राजा पांडे ने भी संबोधन किया कार्यक्रम का संचालन भाजपा मंडल अध्यक्ष नरोत्तम सिंह चौहान के द्वारा किया गया।

बस्तर के देवता झिटकु मिटकी प्रेमी जोड़े की तरह पूज जाते हैं

मूर्ति देश के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री के साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री के घर की भी शोभा बढ़ा रही हैं

जगदलपुर/नवप्रदेश। बस्तर में एक प्रेमी जोड़े को देवता की तरह पूजते हैं। बस्तर के आदिवासी अंचलों में इस प्रेमी जोड़े के मंदिर में फरवरी महीने में मेले का आयोजन भी किया जाता है। यहां इस प्रेमी जोड़े की पूजा की जाती है और यह मंदिर कई देश में विख्यात है। बस्तर की प्रसिद्ध शिल्पकला बेल मैटल से इस प्रेमी जोड़े की मूर्ति भी तैयार की जाती है। इनकी कुछ मूर्ति देश के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और प्रसिद्ध म्यूजियम के साथ-साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री के घर की भी शोभा बढ़ा रही हैं। प्रेमी जोड़ा झिटकु मिटकी पर फिल्म भी तैयार हो रही है।

कोंडागांव में है झिटकु मिटकी का मंदिर-कोंडागांव जिले में देश का एकलौता ऐसा मंदिर है, जहां प्रेमी जोड़े की पूजा की जाती है और यहां पहुंचने वाले लोग प्रेमी जोड़ें से अपनी-अपनी मनोकामना भी मांगते हैं। हर साल इस मंदिर में मेला भी लगता है और इस मेले में सिर्फ बस्तर ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश के लोग भी पहुंचते हैं। इस जोड़े की प्रेम कहानी इतनी प्रसिद्ध है कि देश के साथ-साथ विदेशी लेखकों ने भी अपने किताबों में इनकी प्रेम कहानी दर्ज की ह।

झिटकु मिटकी की प्रेम कहानी पर बन रही है फिल्म-छत्तीसगढ़ के ऐसे कई उपन्यासकार हैं, जिन्होंने इस प्रेमी युगल पर किताबें लिखी हैं। इस प्रेमी जोड़े का नाम %झिटकु मिटकी% है। आज के दौर में दोनों की प्रेम कथा ने विश्व में अपनी अलग पहचान बनाई है। छत्तीसगढ़ी फिल्म इंडस्ट्री में मशहूर डायरेक्टर राजा खान के द्वारा इस प्रेमी जोड़े झिटकु मिटकी पर फिल्म भी बनाई जा रही है। फिल्म की शूटिंग भी शुरू हो गई है। आने वाले सालों में पूरे प्रदेशवासियों को झिटकु मिटकी की प्रेम कहानी फिल्म के माध्यम से बड़े पर्दे पर भी देखने को मिलेगी.

देवी-देवता के रूप में पूजते हैं ग्रामीण-हर साल छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिले के बड़े राजपुर के विश्रामपुरी में झिटकु मिटकी के नाम का मंदिर है, यहां फरवरी में मेला लगता है। वहीं झिटकु मिटकी की कहानी को लोग गपादाई और खोड़ीया राजा की कहानी के नाम से भी जानते हैं। यह बस्तर के आदिवासी युवक-युवतियों के बीच प्रेम की कथा है और झिटकु मिटकी की प्रेम कथा देश विदेश में भी मशहूर है।

झिटकु मिटकी की प्रतिमाएं पर्यटक ले जाते हैं साथ-यहां के आदिवासियों की सोच है कि यह दोनों देवी और देवता हैं, इसलिए आज भी इनकी पूजा की जाती है। बस्तरवासी इन्हें धन की देवी और देवता के रूप में सालों से पूजते आ रहे हैं और उनकी प्रतिमाओं को ग्रामीण अपने मंदिरों में रखते हैं. वहीं बस्तर घूमने आने वाले सैलानी बेल मेटल और काष्ठ कला के साथ मिट्टी से बनाई गई झिटकु मिटकी की प्रतिमाएं अपने साथ ले जाते हैं और इन्हें बस्तर के अमर प्रेमी के रूप में सम्मान देते हैं।

शराब तस्कर शशांक वैष्णव को डोंगरगांव पुलिस ने रंगे हाथों पकडा, वाहन समेत शराब जप्त

आरोपी शराब तस्कर चालाकी से शराब को वाहन मे छुपा कर ले जा रहा था

डोंगरगांव /नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक राजनादगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा तथा पुलिस अनु0 अधि0 डोंगरगांव, श्री दिलीप सिंह सिसोदिया राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी डोंगरगांव ,निरीक्षक श्री उपेन्द्र कुमार शाह के नेतृत्व मे थाना डोंगरगांव क्षेत्रों मे जुआ , शराब , चोरी के गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है, इसी तारतम्य मे दिनांक 10.02.2024 को मुखबीर से सुचना मिला कि अवैध शराब तस्कर के द्वारा अधिक मात्रा मे शराब खरीद कर अपने वाहन मे छुपा कर ले जा रहा है कि सुचना पर थाना प्रभारी डोंगरगांव, निरी0 उपेन्द्र कुमार शाह के द्वारा पुलिस टीम गठित कर शनि मंदिर के सामने मेन रोड डोंगरगांव, नाका बंदी कर रेड कार्यवाही किया , रेड कार्यवाही के दौरान अधिक मात्रा मे शराब मिलने पर जो अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पाये जाने मे आरोपी शराब तस्कर शशांक वैष्णव पिता स्व0 किशुनदास वैष्णव , उम्र ङ्क 26 साल , निवासी ङ्क सिनेमा लाईन वार्ड नं0 10 डोंगरगांव ,थाना डोंगरगांव, जिला राजनांदगांव,छ0ग0 के कब्जे से एक वाहन सिल्वर ग्रे रंग का स्वीप्ट डीजायर मारूती सुजूकी वाहन क्रमांक ष्टत्र07स्नक्र2822 के कीमती 2,50,000/- रूपये पुरानी इस्तेमाली कार , एवं नीले रंग के राजश्री गुटका के एक थैला मे रखे 90 नग पौवा देशी प्लेन शराब प्रत्येक मे 180 द्वद्य भरा हुआ सीलबंद छ0ग0 न?र्मित कुल मात्रा 16200द्वद्य कीमती 7200/- रूपये धारा सदर मे जप्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा-34(2) आबकारी एक्ट का अपराध कायम किया गया है , थाना डोंगरगांव का नाकाबंद रेड कार्यावाही सफल रहा है ।

तीन दिवसीय भद्रकाली मेला 13 से

बालोद/नवप्रदेश। बीजापुर। जिला मुख्यालय से 70 किमी की दूरी पर स्थित माँ भद्रकाली मंदिर में प्रति वर्ष बसंत पंचमी के मौके पर भद्रकाली गांव में भद्रकाली मेला का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी भद्रकाली मेला में विभिन्न कार्यक्रम 13, 14 और 15 फरवरी को आयोजित किये जाएंगे। भद्रकाली मेला आयोजन समिति द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़े धूमधाम से मनाने की तैयारी की गई है। रियासत कालीन भद्रकाली मेला में छत्तीसगढ़, तेलंगाना और महाराष्ट्र के दूरदराज के स्थानों से भक्त यहां दर्शन के लिए पहुंचते हैं।

भद्रकाली समिति के अध्यक्ष बुच्छैया सूरे, पुजारी लक्ष्मैया सूरे ने बताया की 13 फरवरी दिन मंगलवार को गौतम कुंड (गौतम ऋषि का तप स्थल) से मंदिर तक कलश यात्रा, देवी स्नान, मंडपाच्छादन, घट स्थापना, देवी पूजन, स्थानीय नृत्य एवं चित्रपट का आयोजन होगा। 14 फरवरी को

देवीपूजन हवन (पूर्णाहुति), माई जी का छत्र ग्राम भ्रमण रात्रि में स्थानीय नृत्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। अंतिम दिन 15 फरवरी को देवी पूजन, बोनालू, देवी नृत्य और मन्नतें एवं समापन का कार्यक्रम होगा। वहीं भद्रकाली समिति की ओर से कार्यक्रम में आने वाले सभी भक्तगणों के लिए निःशुल्क भोजन की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी।

जनता से सीधे संवाद करने की एक महत्वपूर्ण कड़ी : भावना

पांडातराई और पंडरिया में विधायक भावना बोहरा ने किया जनसेवा ही भावना केंद्र का शुभारंभ

कवर्धा/नवप्रदेश। विधानसभा चुनाव में पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने अपने घोषणा पत्र भावना दीदी की गारंटी में क्षेत्रवासियों की सुविधा के लिए विधायक कार्यालय जनसेवा ही भावना सेवा सुविधा केंद्र की शुरुआत करने की घोषणा की थी। जनता से अपने वादे को पूरा करते हुए भावना बोहरा ने पूर्व में कुकदुर क्षेत्र में केंद्र का शुभारंभ किया इसी कड़ी में आज पंडरिया व पांडातराई में भी इस केंद्र का शुभारंभ किया।

इस दौरान भावना बोहरा ने कहा कि पंडरिया विधानसभा के मेरे परिवारजनों की सेवा, सुविधा एवं आकांक्षाओं की पूर्ति हेतु मैनें जो संकल्प किए हैं उसे पूरा करने के लिए मैं हमेशा प्रतिबद्ध हूँ। इसी कड़ी में पंडरिया व पांडातराई में ÷जनसेवा ही भावना,सेवा सुविधा केंद्र÷ का उद्घाटन होने से क्षेत्रवासियों को इसका लाभ मिलेगा। जन समस्याओं के त्वरित निवारण और आपके सुझाव तथा शासकीय कार्यों से संबंधित सभी समाधान इस केंद्र के माध्यम से किये जायेंगे। आमजनों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए इस केंद्र की शुरुआत की गई है, ताकि आपको अपनी समस्याओं, क्षेत्र के विकास से जुड़े विषय और किसी भी कार्य के लिए एक ही स्थान पर हर समाधान मिल सके यही हमारा लक्ष्य और प्रयास है। उन्होंने बताया कि अभी कुल 3 स्थानों कुकदुर, पंडरिया और पांडातराई में इस केंद्र की शुरुआत की जा चुकी है और जल्द ही अन्य 4 स्थानों में भी इस केंद्र की स्थापना की जाएगी, जिससे पूरे विधानसभा के परिवारों को सुविधा होगी। जनता से जुड़कर उनकी समस्याओं का समाधान करना ही हमारी प्राथमिकता है। यह कार्यालय जनता और हमारे बीच सीधे संवाद करने की एक महत्वपूर्ण कड़ी है। यहां आकर क्षेत्रवासी किसी भी प्रकार की

समस्या के समाधान या प्रशासन से संबंधित कार्यों के लिए आवेदन जमा करा सकेंगे। पंडरिया विधानसभा क्षेत्र की उन्नति के संकल्प के साथ जनसेवा की भावना से हमारे ये प्रयास जारी रहेंगे। क्षेत्रवासियों से चर्चा व मुलाकात के दौरान उन्हें अपनी मूलभूत समस्यों के निराकरण तथा शासकीय योजनाओं से लेकर क्षेत्र से जुड़े विभिन्न विषयों के लिए जिला मुख्यालय आना-जाना पड़ता था। लेकिन अब इस केंद्र की स्थापना होने से उन्हें उनके घर के समीप ही इन समस्याओं के संबंध में समाधान उपलब्ध होंगे। उन्हें दूरस्थ स्थानों तक आवाजाही करने की समस्या से निजात मिलेगा और आर्थिक व मानसिक सम्बल मिलेगा।

रेंज अफसर रहते हैं नदारद, शासकीय कार्य प्रभावित

भानुप्रतापपुर/नवप्रदेश। । वन परिक्षेत्र अधिकारी मोहन नेताम अपने कार्यालय में अनुपस्थित रहने के कारण कार्यालय एवं फील्ड का कार्य तो प्रभावित हो रहे है। वही आये दिन जंगल कटने की घटना व लकड़ी चोरी की घटना भी दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है।

परिक्षेत्र कार्यालय में पदस्थ कर्मचारियों ने बताया कि रेंजर साहब माह में दो बार ही कार्यालय आये है। 26 जनवरी को कार्यालय में झंडा फहराने के बाद से बाद से 3 फरवरी को कार्यालय आये थे। साहब के अनुपस्थिति होने के कारण कई कार्यालयीन कार्य समय पर नही

हो पा रहा है इससे कार्य प्रभावित हो रहे है। वही कुछ फील्ड के कर्मचारियों ने बताया कि साहब कभी जंगल भी नही आते है। और कोई दिशा निर्देश दिया जाता है। बता कि भानुप्रतापपुर क्षेत्र में कई फर्नीचर मार्ट संचालित हो रहे है, जंगल से सटे होने के कारण इन फर्नीचर मार्ट को चोरी की लकड़ी भी सहजता से सस्ते रेट में आसानी से मिल जाती है। यही कारण है कि जंगल भी तेजी से साफ हो रहे है। श्री नेताम साहब अगस्त से ही भानुप्रतापपुर रेंज का प्रभार लिए है, इस दरम्यान वे कभी कभार ही कार्यालय में आये है। इस संबंध में डीएफओ जाधव श्री कृष्ण पूर्व वन मंडल भानुप्रतापपुर ने बताया कि रेंज अफसर की कार्यालय में अनुपस्थित रहने की सूचना मिली है। मैं देखता हूँ।

गांव चलो अभियान : विधायक किरण सिंह देव हुए शामिल

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के द्वारा चलाये जा रहे गाँव चलो अभियान में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण देव शामिल हुये। नगरनार मण्डल के ग्राम तुरेनार में शनिवार को देर शाम पहुँच कर ग्रामीणों के बीच बैठ कर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने सीधे संवाद किया व उनकी समस्यायें से रूबरू हुये। गांव चलो आभियान के तहत ग्राम के बुजुर्ग, महिलाओं, युवाओं से बातचीत कर राज्य व केन्द्र की जनकल्याणकारी योजनाओं के

विषय में अवगत कराया।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने ग्राम देवी के मंदिर में पूजा अर्चना की और गांव के चौपाल में आयोजित सभा को संबोधित करते हुये कहा कि जनता के आशीर्वाद से ही छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनी है, जो सदैव जनता जनार्दन की सेवा व विकास के लिये संकल्पित है। मातृशक्तियों, माता बहनों बेटियों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने भाजपा सरकार ने महतारी वंदन योजना आरंभ की है। जिसमें हर विवाहित महिला के बैंक खाते में प्रति माह एक हजार रुपये सीधे जमा होंगे। प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ हर गरीब परिवार को मिले, इस हेतु 18 लाख परिवार का लक्ष्य साध कर काम हो रहा है।

अब तक तीन हजार से अधिक महिलाओं ने जमा किए आवेदन

बलौदा बाज़ार-भाटापारा/नवप्रदेश। बलौदा बाज़ार विधानसभा का समग्र विकास हो, क्षेत्र में अपराधिक मामलों पर रोक लगायी जाय, ऐसी व्यवस्था बने जिससे सभी लोग उत्तरोत्तर विकास में भागीदार बने यह अवधारणा हमारी सरकार की है। मैं पार्टी का एक छोटा सा कार्यकर्ता हुं जिसे आपके सहयोग और आशिर्वाद से महत्वपूर्ण ज़िम्मेदारी मुख्यमंत्री ने मुझे सौंपा है उक्त बाते बलौदा बाज़ार ट्रक मालिक संघ द्वारा आयोजित अभिनंदन समारोह में मुख्य आतिथ्य के आसंदी से टंकराम वर्मा केबिनेट मंत्री ने कही श्री वर्मा ने कहा मैं एक सामाजिक व्यक्ति हुं सेवा भावना से राजनिति में हुं और जीवन पर्यंत

प्रयास करूंगा कि क्षेत्र के विकाश में अपनी महती सहभागिता दूं। ट्रक मालिक संघ ने बहु प्रतीक्षित मांग ट्रांसपोर्ट नगर के लिए भूमि के चिन्हाकन एवं सर्वे के लिए मंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए निकट भविष्य में शीघ्र ही ट्रांसपोर्ट नगर की स्थापना को अमली जामा पहनाए जाने की मांग रखी ।संघ के द्वारा भाटापारा रिसदा, सकरी एवं लवन बायपास चौक में हाई मास्ट लाइट लगाए जाने , अधूरे बाईपास निर्माण को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए।

पूर्व मंत्री जयसिंह ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा का किया स्वागत

अगले चरण में 12 को कोरबा के सीतामणी से आरंभ होगी यात्रा

कोरबा/नवप्रदेश। कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद राहुल गांधी द्वारा आम नागरिकों को न्याय का हक दिलाने के लिए जनवरी महीने से जारी भारत जोड़ो न्याय यात्रा छत्तीसगढ़ में प्रवेश के बाद दो के दिनों विश्राम पश्चात् 11 फरवरी को रायगढ़ से पुनः प्रारंभ हुई। रायगढ़ से यात्रा आरंभ कर सक्ती होते हुए भैसमा के लिए यात्रा आगे बढ़ी।

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार रात्रि विश्राम भैंसमा में रखा गया है। यात्रा के मार्ग पर पड़ने वाले कोरबा जिला की सीमा पर ग्राम लबेद में पूर्व कैबिनेट मंत्री व यात्रा के प्रदेश संयोजक जयसिंह अग्रवाल ने राहुल गांधी व अन्य वरिष्ठ नेताओं का स्वागत किया। जयसिंह अग्रवाल के साथ इस स्वागत कार्यक्रम में रामपुर विधायक फूलसिंह राठिया, कोरबा नगर पालिक निगम के सभापति

श्यामसुंदर सोनी, प्रदेश सचिव बी.एन. सिंह, ग्रामीण जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन व कांग्रेसी शामिल रहे।

भैसमा में रात्रि विश्राम के बाद सुबह यह यात्रा कोरबा के लिए प्रस्थान करेगी जिसका सीतामणी से कोरबा में प्रवेश होगा। कोरबा के कांग्रेसजनों में राहुल गांधी की इस यात्रा के प्रति बहुत अधिक उत्साह है और शहर के विभिन्न चौक चौराहों पर उनके स्वागत की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सीतामणी से यात्रा आगे बढ़ते हुए मुख्य मार्ग से पुराना बस स्टैण्ड, आगे अग्रसेन तिराहा होकर, सुनालिया पुल से होते हुए शारदा विहार रेलवे क्रासिंग मोड़, टी.पी. नगर चौराहा पहुंचेगी। वहां से निकलकर कांग्रेस कार्यालय होते हुए सी.एस.ई.बी. चौक पहुंचेंगे जहां से आगे दर्री, गोपालपुर, छुरी होते हुए कटघोरा पहुंचेंगे।

प्रेमिका की गला घोंट कर हत्या, गिरफ्तार

कोंडागांव/नवप्रदेश। केशकाल थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गारावंडी में चरित्र शंका पर प्रेमी ने प्रेमिका ममता शोरी को अपने गांव बुलाया और गला घोंट कर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी अजय नेताम को गिरफ्तार कर लिया है। जिसकी जानकारी मिलने पर शनिवार को मृतिका के परिजन केशकाल थाना में रिपोर्ट दर्ज करवाया। रिपोर्ट पर कार्यवाही करते हुए केशकाल पुलिस आरोपी अजय नेताम को रविवार को गिरफ्तार कर लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार आरोपी अजय नेताम उम्र 22 वर्ष निवासी गारावंडी एवं ममता शोरी उम्र 21 वर्ष निवासी का ग्राम टेवसा से लगभग 5 वर्ष से प्रेम प्रसंग चल रहा था। लेकिन प्रेमी को प्रेमिका पर धीरे-धीरे चरित्र पर

शक होने लगा। जिसे लेकर दोनों के बीच झगड़ा भी होते थे। बात इतनी बढ़ गई कि प्रेमी ने प्रेमिका को मिलने बुलाया, जिसके बाद मिलने आई प्रेमिका की गला घोंटकर हत्या कर दी। केशकाल थाना प्रभारी सौरभ उपाध्याय ने बताया कि मृतिका के शव को पोस्टमार्टम हेतु केशकाल अस्पताल लाया गया है। मामले में आरोपी अजय नेताम के खिलाफ सुसंगत धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

ऑस्ट्रेलिया 210 रन पर 6 विकेट में

बेनोनी। अंडर-19 वर्ल्ड कप का फाइनल आज भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेला जा रहा है। बेनोनी के विलोमूर पार्क स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग चुनी।ऑस्ट्रेलिया ने 41 ओवर में 6 विकेट पर 210 रन बना लिए हैं। ओलिवर पीक और जॉनी एंडरसन क्रीज पर हैं।रफ मैकमिलन 2 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें मुशीर खान ने कॉट एंड बोल्ड किया। इससे पहले, हरजस सिंह (55 रन) को सौम्य पांडेय ने स्टम्प कर दिया।राज लिम्बानी ने विकेटकीपर रयान हिक्स (20 रन) और सैम कोंस्टस को आउट किया। जबकि नमन तिवारी ने हैरी डिक्सन (42 रन) और कप्तान ह्यूज वीबजेन (48 रन) को पवेलियन भेजा।

राज लिम्बानी ने हरजस और हिक्स की अर्धशतकीय साझेदारी तोड़ दी है। राज ने 35वें ओवर की पहली बॉल पर विकेटकीपर रयान हिक्स (20 रन) को स्टम्प कर दिया। यह राज का दूसरा विकेट है।32वें ओवर में हरजस सिंह और रयान हिक्स के बीच चौथे विकेट के लिए 50 रन की साझेदारी पूरी हुई। ओवर की पहली बॉल पर हरजस ने छक्का जमाकर टीम का स्कोर 150 पार पहुंचाया। ऑस्ट्रेलिया ने तीसरा विकेट गंवा दिया है। 23वें ओवर की 5वीं बॉल पर नमन तिवारी ने हैरी डिक्सन को अभिषेक के हाथों कैच कराया। ओवर की आखिरी बॉल पर टीम ने 100 का आंकड़ा भी छू लिया। 23 ओवर के बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम का स्कोर 100/3 रहा।लेफ्ट आर्म पेसर नमन तिवारी ने 21वें ओवर में टीम इंडिया को दूसरी सफलता दिलाई। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के कप्तान ह्यूज वीबजेन को पॉइंट की दिशा में मुशीर खान के हाथों कैच आउट कराया। वीबजेन ने 48 रन बनाए। उन्होंने हैरी डिक्सन के साथ 78 रन की पार्टनरशिप की।शुरुआती 10 ओवर में 45 रन बनाने के बाद ऑस्ट्रेलिया ने आगे भी संभलकर बैटिंग की। भारत से पहला ओवर राज लिम्बानी ने फेंका, उन्होंने ओवर में एक ही रन दिया।

दोनों टीमों की प्लेइंग इलेवन

भारत- उदय सहारन (कप्तान), आदर्श सिंह, अर्शिन कुलकर्णी, मुशीर खान, प्रियांशु मोलिया, सचिन धास, अरावेली अवनीश (विकेटकीपर), मुरुगन अभिषेक, नमन तिवारी, राज लिम्बानी और सौम्य पांडे।

ऑस्ट्रेलिया- ह्यूज वीबजेन (कप्तान), सैम कोंस्टस, हैरी डिक्सन, हरजस सिंह, रयान हिक्स (विकेटकीपर), ओलिवर पीक, रफ मैकमिलन, चार्ली एंडरसन, टॉम स्ट्रैकर, माहली बीयर्डमैन और कैलम विडलर।

डेविड वार्नर टी-20 विश्व कप के बाद लेंगे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास

नईदिल्ली। ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के दिग्गज बल्लेबाज डेविड वार्नर इस साल होने वाले टी-20 विश्व कप के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लेंगे।वार्नर ने होबार्ट में वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के खिलाफ पहले टी-20 में 11 रन से जीत दर्ज करने के बाद खुद इसकी पुष्टि की है।बता दें कि वार्नर टेस्ट और वनडे से पहले ही संन्यास ले चुके हैं और अभी केवल टी-20 क्रिकेट खेल रहे हैं।

मैच के बाद वार्नर ने कहा, जीत हासिल करके खुशी हुई। मैं काफी उत्साहित महसूस कर रहा हूं। मैं टी-20 विश्व कप खेलना चाहता हूं और वहीं खत्म करना चाहता हूं। अगले 6 महीने काफी अच्छे रहने वाले हैं।इससे पहले वार्नर ने कहा था कि अगर टीम को जरूरत पड़ती है तो वह 2025 में होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए वनडे संन्यास से वापसी कर सकते हैं।

हालांकि, यह आने वाला समय ही बता पाएगा। वार्नर ने वनडे विश्व कप 2023 के बाद वनडे क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। इसका खिताब भी कंगारू टीम ने ही अपने नाम किया था।इसी तरह उन्होंने पिछले महीने पाकिस्तान क्रिकेट टीम के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के बाद अपने टेस्ट करियर को भी अलविदा कह दिया था।विशेष पूर से, वार्नर ने होबार्ट टी-20 में 36 गेंदों में 70 रनों की सनसनीखेज पारी खेली और अपने 100वें मैच में %प्लेयर ऑफ द मैच% का पुरस्कार भी जीता।वार्नर ने अपने शानदार वनडे करियर का अंत इस प्रारूप में ऑस्ट्रेलिया के छठे सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी के रूप में किया।उन्होंने 161 मैचों में 45.30 की शानदार औसत से 6,932 रन बनाए। इसके अलावा उनकी स्ट्राइक रेट भी 97.26 की रही।इस प्रारूप में उनके 22 शतक ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों में रिकी पोंटिंग (30) के बाद दूसरे स्थान पर है।बाएं हाथ के बल्लेबाज के नाम 33 अर्द्धशतक भी हैं, जिसमें 179 उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर है।वार्नर ने अपना टेस्ट डेब्यू दिसंबर 2011 में न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ ब्रिस्बेन में किया था।37 वर्षीय खिलाड़ी ने इस प्रारूप में 112 मैचों में 44.59 की औसत से 8,786 रन बनाए। इस अनुभवी खिलाड़ी ने इस प्रारूप में 26 शतक और 37 अर्द्धशतक लगाए। सूची में 3 दोहरे शतक और 1 तिहरा शतक भी शामिल है।

पिट्सबर्ग ओपन स्क्वैश: वेलावन सेंथिलकुमार क्वार्टरफ़ाइनल में हारे

पिट्सबर्ग। मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन वेलावन सेंथिलकुमार पिट्सबर्ग (यूएस) में पिट्सबर्ग ओपन स्क्वैश के क्वार्टर फाइनल में मिस्र के विश्व नंबर 21 यूसुफ इब्राहिम से 11-2, 11-4, 11-8 से हार गए। ब्रेकआउट 2023 के बाद, यह भारत का पहला पीएसए वर्ल्ड टूर सिल्वर क्वार्टरफाइनल था, जिसमें दुनिया में 63वें नंबर के तमिलनाडु के खिलाड़ी ने पेशेवर के रूप में अपने पहले पूरे वर्ष में चार पीएसए खिताब जीते थे। वेलावन ने आठवें वरीय फ़राज़ खान से दूसरे दौर में उलटफेर के बाद क्वार्टर में जगह बनाई, और चौथे वरीय इब्राहिम के खिलाफ दूसरे और तीसरे गेम में मजबूत दिखे। हालाँकि, अनुभवी मिस्रवासी हमेशा एक कदम आगे रहते थे, और आधिकारिक पीएसए स्क्वैश वेबसाइट के हवाले से कहा गया था। वेलावन बहुत अच्छे खिलाड़ी हैं। हमने कई बार खेला है और कोर्ट पर उसने मुझे हमेशा कड़ी चुनौती दी है... मुझे खुशी है कि मैंने इसे बरकरार रखा और अच्छा प्रदर्शन किया।

डलास ओपन: सेमीफाइनल में पॉल का मुकाबला शेल्टन से

डलास। अमेरिका के टॉमी पॉल ने शुक्रवार को कड़े क्वार्टर फाइनल मुकाबले में जर्मनी के डोमिनिक कोएफ़र को हराकर 7-5, 6-3 से जीत हासिल की और डलास ओपन में अपनी दूसरी एटीपी टूर ट्रॉफी के करीब एक कदम आगे बढ़ गए।

मैच में गहन आदान-प्रदान हुआ और पहले सेट में ही पांच बार सर्विस ब्रेक हुई। हालाँकि, यह दूसरी वरीयता प्राप्त पॉल था जो 11वें गेम में प्यार में एक महत्वपूर्ण ब्रेक हासिल करने में सफल रहा, जिससे उसे सेट में बढ़त मिल गई। अवसरों को भुनाने की अपनी क्षमता के लिए जाने जाने वाले पॉल ने कोएफ़र की दूसरी सर्व का पूरा फायदा उठाया और पूरे मैच में असाधारण कोर्ट कवरेज का प्रदर्शन किया।अंतिम गेम में 40-0 की बढ़त को खिसकने देने के बावजूद, पॉल ने अपने पांचवें मैच प्वाइंट पर एक घंटे, 28 मिनट की प्रतियोगिता को समाप्त कर दिया।पॉल के लिए अगला मुकाबला बेन शेल्टन के खिलाफ एक पूर्ण अमेरिकी सेमीफाइनल मुकाबला है, जिन्होंने जॉर्डन थॉम्पसन के खिलाफ अपने क्वार्टर फाइनल मैच में उल्लेखनीय लचीलापन दिखाया था। तीसरी वरीयता प्राप्त शेल्टन ने एक सेट से पिछड़ने के बाद कड़ी मेहनत करते हुए जॉर्डन थॉम्पसन के खिलाफ 7(2), 6-4, 6-4 से जीत हासिल की और पॉल के साथ एक रोमांचक मुकाबले के लिए मंच तैयार किया।इस बीच, मार्कोस गिरोन ने शीर्ष वरीय फ्रांसेस टियाफो को सीधे सेटों में 6-1, 6-4 से हराकर प्रभावशाली उलटफेर किया। गिरोन के प्रभावशाली प्रदर्शन ने उन्हें अक्टूबर 2023 के बाद अपनी पहली शीर्ष 20 जीत दिलाई, और अब उनकी नजरें सेमीफाइनल पर हैं जहां उनका सामना चौथी वरीयता प्राप्त एड्रियन मन्नारिनो से होगा।अन्य क्वार्टर फाइनल मैचअप में, मन्नारिनो ने जेम्स डकवर्थ के खिलाफ 6-2, 3-1 से ठोस प्रदर्शन करके अपना स्थान सुरक्षित कर लिया, जिन्हें चोट के कारण रिटायर होने के लिए मजबूर होना पड़ा। पॉल और गिरोन दोनों का लक्ष्य अपनी जीत की गति को जारी रखना है, और शेल्टन और मन्नारिनो जीत का दावा करने के लिए उत्सुक हैं, डलास ओपन के एक रोमांचक समापन के लिए मंच तैयार है।

बिजनेस

पीएफ पर अब 8.25 प्रतिशत ब्याज मिलेगा



नई दिल्ली। अब एम्प्लॉईज प्रोविडेंट फंड (EPF) अकाउंट में जमा राशि पर 8.25 प्रतिशत ब्याज मिलेगा। EPFO के सेंट्रल बोर्ड ऑफ ट्रस्टी ने शनिवार को अपनी 235वीं बैठक में इसकी सिफारिश की है। वहीं, संसद में बजट सेशन के आखिरी दिन शनिवार को राज्यसभा में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने श्वेत पत्र पर चर्चा करते हुए एक बार फिर यूपीए सरकार पर निशाना साधा। वित्त मंत्री ने कहा- कांग्रेस को गुड़ का गोबर करना आता है। सरकार की मंजूरी के बाद यह लागू हो जाएगा। इससे देश के 6 करोड़ से ज्यादा कर्मचारियों को फायदा होगा। श्रम एवं रोजगार मंत्री भूपेंद्र यादव ने आज यानी (शनिवार, 10 फरवरी) इस बात की जानकारी दी है। नई दरें लागू हो जाने के बाद अगर आपके EPF अकाउंट में 1 लाख रुपए जमा हैं, तो इस पर साल में 8,250 रुपए का ब्याज मिलेगा। एम्प्लॉईज प्रोविडेंट फंड ऑर्गेनाइजेशन (EPFO) के सेंट्रल बोर्ड ऑफ ट्रस्टी ने आज यानी शनिवार (10 फरवरी) को अपनी 235वीं बैठक में इसकी सिफारिश की है। सरकार की मंजूरी के बाद यह लागू हो जाएगा। इससे देश के 6 करोड़ से ज्यादा कर्मचारियों को फायदा होगा।श्रम एवं रोजगार मंत्री भूपेंद्र यादव ने आज यानी (शनिवार, 10 फरवरी) इस बात की जानकारी दी है। नई दरें लागू हो जाने के बाद अगर आपके EPF अकाउंट में 1 लाख रुपए जमा हैं, तो इस पर साल में 8,250 रुपए का ब्याज मिलेगा।पिछले साल मार्च में EPFO ने EPF की ब्याज दर 8.15त्न तय की थीं। EPFO एक्ट के तहत कर्मचारी की बेसिक सैलरी प्लस DA का 12प्रतिशत पीएफ अकाउंट में जाता है। कंपनी भी कर्मचारी की बेसिक सैलरी प्लस DA का 12त्न कॉन्ट्रिब्यूट करती है। कंपनी के 12 प्रतिशत कॉन्ट्रीब्यूशन में से 3.67 प्रतिशत PF अकाउंट में जाता है और बाकी 8.33त्न पेंशन स्कीम में जाता है।1952 में पीएऊ पर ब्याज दर केवल 3 प्रतिशत थी। हालांकि, इसके बाद इसमें बढ़ोतरी होती गई। 1972 में यह 6 प्रतिशत और 1984 में यह पहली बार 10प्रतिशत के ऊपर पहुंच गई। पीएफ धारकों के लिए सबसे अच्छा समय 1989 से 1999 तक था। इस दौरान पीएफ पर 12 प्रतिशत ब्याज मिलता था।

3.125 ट्रिलियन डॉलर मार्केट कैप के साथ माइक्रोसॉफ्ट बनी सबसे मूल्यवान कंपनी

न्यूयॉर्क। माइक्रोसॉफ्ट ने सप्ताह का अंत 3.125 ट्रिलियन डॉलर के बाजार पूंजीकरण के साथ किया, जो अब तक किसी भी कंपनी के लिए सबसे अधिक है। कंपनी का मार्केट मूल्य एप्पल द्वारा निर्धारित पिछले रिकॉर्ड में सबसे ऊपर है, जो जुलाई में 3.09 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच गया था। एप्पल 2.916 ट्रिलियन डॉलर के मार्केट कैप के साथ समाप्त हुआ। माइक्रोसॉफ्ट 3.1 ट्रिलियन डॉलर से अधिक मार्केट कैप (बाजार पूंजीकरण) के साथ बंद होने वाली पहली अमेरिकी कंपनी भी है। माइक्रोसॉफ्ट का स्टॉक सप्ताह के अंत में 420.55 डॉलर पर बंद हुआ। पिछले 12 महीनों में, इसके शेयरों में 60 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है, जिसका मुख्य कारण इसके आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) सॉफ्टवेयर को लेकर उत्साह है। कंपनी ने पिछले महीने वॉल स्ट्रीट के पूर्वानुमानों से पहले तिमाही राजस्व और लाभ की सूचना दी, और प्रबंधन ने कंपनी के एआई लाभ पर ध्यान दिया। माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्य नडेला ने उस समय एक बयान में कहा था, हम एआई के बारे में बात करने से लेकर एआई को बड़े पैमाने पर लागू करने की ओर बढ़ गए हैं।

3 लाख से ज्यादा सिम हुए बंद, 1.4 लाख मोबाइल नंबर ब्लॉक

डिजिटल फ्रॉड पर सरकार का बड़ा एक्शन

नई दिल्ली। टेक्नोलॉजी की दुनिया में तेजी से बढ़ते हुए ऑनलाइन फ्रॉड और स्कैम पर रोक लगाने के लिए केंद्र सरकार लगातार तेजी से कदम उठा रही है। इस बीच केंद्र सरकार ने फाइनेंशियल फ्रॉड को रोकने के लिए बड़ा कदम उठाया है। सरकार ने लोगों की सेफ्टी को ध्यान में रखते हुए 1.4 लाख मोबाइल नंबर को ब्लॉक कर दिया है। आधिकारिक विज्ञप्ति के मुताबिक जिन नंबरों को ब्लॉक किया गया वे वित्तीय धोखाधड़ी में इस्तेमाल किए गए थे। आपको बता दें कि हाल ही में वित्तीय सेवा सचिव विवेक जोशी की अध्यक्षता में वित्तीय सेवा क्षेत्र में साइबर सुरक्षा पर एक बैठक की गई। बैठक में इसमें एप्लीकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस एकीकरण के जरिए नागरिक वित्तीय साइबर धोखाधड़ी सूचना और प्रबंधन प्रणाली (सीएफसीएफआरएमएस) मंच पर बैंकों और वित्तीय संस्थानों को शामिल करने समेत कई अहम मुद्दों पर चर्चा हुई।आपको बता दें कि डिजिटल दुनिया के तेजी से बढ़ते प्रसार के साथ साथ ऑनलाइन फ्रॉड के मामले भी तेजी से बढ़े हैं। हैकर्स और स्कैमर्स लोगों को ठगी का शिकार बनाने के लिए नए नए तरीकों को अपना रहे हैं।

2024 में भारत में डिजिटल टेक्नोलॉजी पर खर्च दोगुना

नई दिल्ली। एक नई रिपोर्ट के अनुसार, भारत में संगठनों द्वारा डिजिटल प्रौद्योगिकी पर खर्च 2024 में अर्थव्यवस्था के दो गुना बढ़ने की संभावना है।

इंटरनेशनल डेटा कॉरपोरेशन (आईडीसी) की रिपोर्ट में कहा गया है कि चूंकि कंपनियां डिजिटल बिजनेस मॉडल को बढ़ाने और डिजिटल क्षमताओं को मजबूत करने के लिए बाजार की मांगों से मजबूर हैं, इसलिए भारतीय कंपनियों द्वारा डिजिटल तकनीकी खर्च बढ़ना तय है।

आईडीसी इंडिया की वरिष्ठ शोध प्रबंधक नेहा गुप्ता ने कहा, प्लेटफॉर्म-संचालित परिवर्तनों को अपनाने और एआई का उपयोग व्यवसायों को नवाचार की एक नई लहर की ओर ले जाएगा। स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण सीआईओ, डिजिटल क्षेत्र में सफलता के मेट्रिक्स को फिर से परिभाषित करेंगे।आईडीसी को उम्मीद है कि पूर्वानुमानित एआई, मशीन विजन और जेनएआई क्षमताओं का संयोजन और डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र के माध्यम से ऑन-डिमांड सेवाओं का प्रावधान एक नया आयाम लेगा।आईडीसी के 'इंडिया डिजिटल बिजनेस सर्वे, 2023' के अनुसार, अगले तीन वर्षों में भारतीय उद्यमों का लगभग 60 प्रतिशत राजस्व डिजिटल बिजनेस मॉडल से आने की उम्मीद है।ग्राहकों की संतुष्टि बढ़ाने, राजस्व बढ़ाने और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए डिजिटल आवश्यक हो गया है।आईडीसी रिपोर्ट में कहा गया है, सीईओ डिजिटल राजस्व लक्ष्यों को पूरा करने के लिए डिजिटल-फर्स्ट पहल में निवेश पर जोर देकर संगठनात्मक परिवर्तनों को व्यवस्थित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।भारतीय संगठन हर जगह एआई क्षमताओं द्वारा संचालित नए बिजनेस मॉडल को सक्षम करने के लिए डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र के माध्यम से ऑन-डिमांड सेवाओं को तेजी से बेचेंगे, उनसे जुड़ेंगे या प्रावधान करेंगे।रिपोर्ट में कहा गया है, जेनएआई का उपयोग बाजार के अवसरों का पता लगाकर और कंपनी के संसाधनों को आवंटित करके डिजिटल उत्पादों और सेवाओं के सह-विकास के लिए किया जाएगा।एआई को थोक में अपनाने से उन कर्मचारियों के लिए चुनौतियां आएंगी, जो अपने समग्र वर्कफ़्लो और सीखने की प्रक्रिया को प्रभावित देखते हैं।आईडीसी इंडिया के रिसर्च ग्रुप के एवीपी, शरथ श्रीनिवासमूर्ति ने कहा, इस साल की भविष्यवाणियां उद्यमों और सीएक्सओ के लिए नए प्रक्षेपवक्र के अनुरूप हैं, जो प्रौद्योगिकी और व्यापार मॉडल में तेजी से बदलाव के अनुकूल हैं।



फिल्म में शूर्पणखा का किरदार निभाएंगी रकुलप्रीत

नितेश तिवारी जल्द ही फिल्म रामायण बनाने जा रहे हैं. इस फिल्म के लिए वह भगवान राम के रूप में रणबीर कपूर, सीता के रूप में साई पल्लवी, रावण के रूप में यश और भगवान हनुमान के रूप में सनी देओल के साथ एक शानदार कलाकारों की टोली बनाने में कामयाब रहे हैं. फिल्म में लारा दत्ता कैकेयी की भूमिका निभाने के लिए बोर्ड पर आई हैं और निर्माता विभीषण की भूमिका के लिए विजय सेतुपति के साथ बातचीत कर रहे हैं. साथ ही अब, हमें विशेष रूप से पता चला है कि रामायण टीम कहानी के एक और मेन किरदार के लिए कास्टिंग बंद करने की कगार पर है. वो किरदार है शूर्पणखा का.

रिपोर्ट्स के मुताबिक, नितेश तिवारी और उनकी टीम रामायण में शूर्पणखा की भूमिका निभाने के लिए रकुल प्रीत सिंह के साथ चर्चा के लास्ट फेज में हैं. रकुल और नितेश तिवारी पिछले कुछ समय से बातचीत कर रहे हैं और अब शूर्पणखा के लिए कास्टिंग हो चुकी है. यह रामायण के सबसे महत्वपूर्ण किरदारों में से एक है, क्योंकि शूर्पणखा ही वह है जो भगवान राम और रावण के युद्ध के लिए जिम्मेदार है.रकुल ने पहले ही इस किरदार के लिए लुक टेस्ट कर लिया है और अगर सब कुछ योजना के मुताबिक हुआ, तो रामायण पहली फिल्म होगी जिसकी शूटिंग वह जैकी भगनानी के साथ अपनी शादी के बाद शुरू करेंगी. सूत्र ने कहा रकुल इस महाकाव्य की दुनिया में कदम रखने के लिए एक्साइटेड हैं और कागजी कार्रवाई जल्द ही होगी. एक्ट्रेस रामायण की सदाबहार कहानी से जुड़ने को जीवन में एक बार मिलने वाले अवसर के रूप में मान रही है. रणबीर कपूर और साई पल्लवी के साथ मार्च 2024 में रामायण की शूटिंग शुरू होगी. जहां सनी देयोल के मई 2024 में अपने हिस्से की शूटिंग करने की उम्मीद है, वहीं यश जुलाई 2024 में भारत के सबसे बड़े महाकाव्य की टीम में शामिल होंगे. यश द्वारा फिल्म पर अपना काम खत्म करने के बाद टीम इसे रामायणः पार्ट 1 का समापन कहेगी. फिल्म को दिवाली 2025 वीकेंड के दौरान रिलीज करने का गोल है।

बॉक्स ऑफिस पर ऋतिक की 'फाइटर' की संघर्ष जारी

ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण स्टारर फिल्म 'फाइटर' सिनेमाघरों में 25 जनवरी को रिलीज हुई थी. इस फिल्म को क्रिटिक्स और ऑडियंस से पॉजिटिव रिव्यू मिले. हालांकि फिल्म की कमाई उम्मीद के मुताबिक नहीं रही. वहीं अब सिनेमाघरों में शाहिद कपूर और कृति सेनन स्टारर तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया भी रिलीज हो चुकी है. ऐसे में 'फाइटर' का कलेक्शन पर भी असर पड़ा है. चलिए यहां जानते हैं ऋतिक रोशन की फिल्म ने रिलीज के 16वें दिन कितने करोड़ का कलेक्शन किया है

'फाइटर' को दर्शकों ने काफी पसंद किया है. फिल्म के एरियल एक्शन से लेकर ऋतिक और दीपिका पादुकोण की ऑनस्क्रीन केमिस्ट्री ने ऑडियंस का दिल जीत लिया. ब्लॉकबस्चर होने के सभी फैक्टर होने के बावजूद फिल्म की बॉक्स ऑफिस परफॉर्मेंस खास नहीं रही. शुरुआती चार दिनों के बाद 'फाइटर' का क्रेज जैसे दर्शकों के सिर से पूरी तरह उतर गया और इसी के साथ इसका कारोबार भी घटना शुरू हो गया.फिल्म की कमाई की बात करें तो 'फाइटर' ने 22.5 करोड़ से ओपनिंग की थी. इसके बाद पहले हफ्ते में फिल्म ने 146.5 करोड़ की कमाई कर ली. दूसरे हफ्ते में 'फाइटर' का कारोबार 41 करोड़ रुपये रहा. वहीं अब ये फिल्म रिलीज के तीसरे हफ्ते में पहुंच चुकी है और इसी के साथ 'फाइटर' के तीसरे फ्राइडे की कमाई के शुरुआती आंकड़े भी आ गए हैं. मुताबिक 'फाइटर' ने रिलीज के तीसरे शुक्रवार को 1.75 करोड़ का कलेक्शन किया है. इसी के साथ 'फाइटर' का 16 दिनों का कुल कलेक्शन अब 189.25 करोड़ रुपये हो गया है. 'फाइटर' वर्ल्डवाइड लगातार आगे बढ़ रही है. इस फिल्म ने दुनियाभर में 36.04 करोड़ से खाता खोला था. वहीं ट्रेड एनालिस्ट मनोबाला विजयबालन ने फिल्म की वर्ल्डवाइड कमाई के शुरुआती आंकडे शेयर किए हैं. इसके मुताबिक 'फाइटर' ने रिलीज के 15वें दिन 4.70 करोड़ के कलेक्शन के साथ 325 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है. इसी के साथ 'फाइटर' का वर्ल्डवाइड कुल कलेक्शन अब 328.43 करोड़ रुपये हो गया है।

न्यूज गैलरी

दो पक्षों में विवाद के बाद चली गोली, अपराध दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में अब खुलेआम गोलियां चलनी शुरू हो गई है। तेलीबांधा थाना क्षेत्र के हाईपर क्लब में घटित हुई। जहां विवाद के चलते दो पक्षों के बीच गोली चल गई। थाना तेलीबांधा में दोनों के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले की जांच पुलिस कर रही है। जानकारी के मुताबिक, घटना थाना तेलीबांधा क्षेत्र स्थित हाईपर क्लब के पार्किंग ग्राउंड की है। शनिवार 10 फरवरी रात लगभग 11.30 बजे विकास अग्रवाल निवासी गुधियारी रायपुर तथा रोहित तोमर निवासी भाटागांव के बीच किसी युवती से प्रेम संबंध की बात को ले कर विवाद हुआ। रोहित तोमर तैश में आकर विकास अग्रवाल पर हमला करते हुए उसकी गाड़ी में तोड़ फोड़ कर दिया। ये देख विकास अग्रवाल ने भी रोहित तोमर के ऊपर अपनी लाइसेंसी पिस्टल से फायर कर दिया। हालांकि इस घटना में रोहित तोमर को चोट नहीं लगी। इधर, गोली चलने की सूचना मिलते ही मौके पर लखन पटले के साथ नगर पुलिस अधीक्षक सिविल लाइन मनोज ध्रुव, सीएसपी क्राईम दिनेश सिन्हा व थाना तेलीबांधा और एसीसीयू की टीम पहुंची। दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर थाना लाया गया। मामले में दोनो पक्षों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है।

लेन देन को लेकर अधेड़ की पिटाई

रायपुर/नवप्रदेश। त्रिवेणी विहार कालोनी में उधार पैसे के लेन देन को लेकर चार लोगों ने अधेड़ से गाली-गलौज कर मारपीट की। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी विजय कुमार गुप्ता 58 वर्ष नेहरूनगर कालीबाड़ी का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी सीताराम कटारे, आशा, कपिल व अन्य ने उधार पैसे के लेन देन को लेकर प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

खुलेआम शराब पीते 22 पकड़ाए

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 32 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार डीडीनगर पुलिस ने इंद्रप्रस्थ कालोनी रोड में सरेआम शराब पीते आरोपी जय प्रकाश कहार 34 वर्ष व जैस सोनी 30 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपी ईश्वर यादव 29 वर्ष व रवि यादव 35 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं खम्हारडीह पुलिस ने आरोपी पूर्णेनद्र वर्मा 30 वर्ष, पोषण नायक 37 वर्ष व किशन वर्मा 24 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं गुढ़ियारी पुलिस ने आरोपी रूपेश यादव 28 वर्ष, निखिल वैष्णव 31 वर्ष व दीपक कुमार दीव्य 32 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं खमतराई पुलिस ने आरोपी शंकर सिन्हा 38 वर्ष व राजेश सिंह 34 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह देवेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी राज बिसेन 31 वर्ष व भूपेंद्र पटेल 29 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं टिकरापारा पुलिस ने आरोपी जीतेंद्र लोधी 22 वर्ष व वसीम मिर्झा 35 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपी रेवा प्रसाद धीवर 30 वर्ष, यशवंत धीवर 25 वर्ष, राकेश चौरसिया 23 वर्ष, विष्णु जोशी 28 वर्ष व अमित दास 30 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं गोबरानवापारा पुलिस ने आरोपी सुभाष साहू 42 वर्ष व सुखदेव टण्डन 22 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

चाकू से लोगों को धमकाते तीन गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस ने चाकू लहराते तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार डीडीनगर पुलिस ने सीतला मंदिर के पास चंगोराभाठा में चाकू लहराकर आतंक फैलाते आरोपी राजेंद्र वर्मा 27 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह पुरानी बस्ती पुलिस ने बंधवा तालाब के पास चाकू लहराकर आतंक फैलाते आरोपी हरप्रित सिंह राजपूत 19 वर्ष एवं टिकरापारा पुलिस ने सिद्धार्थ चौक के पास चाकू लहराते आरोपी देवेंद्र लोखण्डे 30 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

7 शराब कोचिए गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी पुलिस ने अवैध शराब बेचने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर अलग-अलग थाना क्षेत्रों में कुल 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 151 पाव देशी शराब एवं बिक्री रकम 640 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार आमानाका पुलिस ने टाटीबंध चौक के पास अवैध शराब के साथ आरोपी प्रेमचंद साहू 35 वर्ष, गुलाब यादव 24 वर्ष, देव कुमार निषाद 32 वर्ष व हिमालय जांगडे 31 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह उरला पुलिस ने आरोपिया सरस्वती कुर्रे 50 वर्ष के पास से 19 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 200 रुपए जब्त किया है। वहीं अभनपुर पुलिस ने आरोपी घनश्याम पहाड़ी 22 वर्ष के पास से 34 पाव देशी शराब एवं विधानसभा पुलिस ने आरोपी सावल दास डहरिया 59 वर्ष के पास से 19 पाव देशी शराब एवं बिक्री रकम 440 रुपए जब्त किया है।

गांजा बेचते तीन गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। तेलीबांधा एवं खरोरा थाना पुलिस ने गांजा बेचते तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार तेलीबांधा पुलिस ने सुभाष नगर देवारपारा में गांजा बेचते आरोपी बजाज साहू 19 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 1 किलो 200 ग्राम गांजा जब्त किया है। इसी तरह खरोरा पुलिस ने ग्राम खरोरा देवारपारा नयातालाब के पास गांजा के साथ आरोपी सुशील भाऊ श्रीवास 30 वर्ष व एक अन्य को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से 994 ग्राम गांजा जब्त किया है।

मेडिकल कॉलेज में फर्जी प्रमाण से नौकरी

■ शिकायतकर्ता ने सांसद विधायक को सौंप ज्ञापन की कार्यवाही की मांग

कांकेर/नवप्रदेश। मेडिकल कालेज कांकेर में भर्ती के दौरान नियम को ताक पर रखकर अभ्यर्थियों की भर्ती की गई है। इतना ही नहीं भर्ती में नियम के विपरीत तथा फर्जी प्रमाण पत्र लगाकर कर्मचारी की भर्ती होने की जानकारी दिए जाने के बावजूद मेडिकल कॉलेज प्रबंधन के कानों में जूं तक नहीं रेंग रहा है। कांकेर मेडिकल कालेज प्रबंधन पर फर्जी नियुक्ति का आरोप लगाते हुए संजीव कुमार ग्राम सिलतरा मो.नं.9425513403 ने कांकेर लोकसभा के सांसद मोहन मंडावी कांकेर विधानसभा के विधायक आशाराम नेताम को लिखित शिकायत कर फर्जी नियुक्ति की जांच कराने की मांग की है।



शिकायतकर्ता संजीव कुमार ने बताया कि शासकीय मेडिकल कॉलेज कांकेर में विज्ञापन क्रमांक।स्था0/ भर्ती /2022/466 लैब टैक्नीशियन भर्ती की गई है। जिसमें मेडिकल कॉलेज डिमरापाल जगदलपुर में सुनीता मौर्य पैरामेडिकल सहायक के पद पर कार्यरत हैं। जो कि सुनीता मौर्य लैब टैक्नीशियन का फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर नौकरी प्राप्त की है। अन्य पात्र अभ्यार्थी से आगे किया गया है। जो कि नियम के विरूद्ध है। शिकायतकर्ता ने बताया कि सूचना का अधिकार लगाकर उक्त अभ्यर्थी की जानकारी मांगने पर मेडिकल कालेज कांकेर द्वारा भ्रामक जानकारी दी जा रही है।

इस प्रकार विभाग द्वारा फर्जी प्रमाण पत्र के आधार पर नौकरी लगाई जा रही है। इससे पात्र बेरोजगार अभ्यर्थी है। नौकरी से वंचित हो रहे हैं। शिकायतकर्ता संजीव कुमार ने सांसद, विधायक और कलेक्टर को पत्र लिखकर भर्ती प्रक्रिया की जांच कर उचित निर्णय लेकर कड़ी कार्यवाही कर अन्य पात्र अभ्यार्थी को अवसर प्रदान करने की मांग की है।

पूर्व में भी हो चुकी है शिकायत कार्यवाही नहीं हुई

शिकायतकर्ता संजीव कुमार ने बताया कि उक्त भर्ती के संबंध में मेडिकल कालेज कांकेर के डीन सहित आला अफसर को इसकी जानकारी दी जा चुकी है । इसके अलावा उक्त भर्ती के दौरान शासन के नियमावाली की प्रमाणित दस्तावेज की छायाप्रति विज्ञापन की नियम व शर्तो की छायाप्रति आवेदन के साथ लगाकर सांसद, विधायक और कलेक्टर को शिकायत कर जांच प्रक्रिया की विस्तृत जांच कर आरोपियों पर सख्त कार्यवाही की मांग की गई है।

अबोध से दुष्कर्म आरोपी गिरफ्तार

भिलाई/नवप्रदेश। मोहर नगर थाना क्षेत्र में एक नाबालिग बच्ची से अनाचार का मामला प्रकाश में आया है। यहां 6वीं में पढ़ने वाली एक 12 साल की बच्ची को आरोपी बहला-फुसला कर अपने साथ ले गया और अनाचार कर भाग निकला। पुलिस सूत्रों ने बताया कि आरोपी नरेंद्र अग्रवाल ने जान-पहचान का फायदा उठाकर बच्ची को अपने साथ ले गया और फिर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। वर्तमान में आरोपी पुलिस की गिरफ्त में है। दुर्ग जिले के चिखली का रहने वाला नरेंद्र अग्रवाल 36 वर्ष शनिवार शाम को बाइक से भिलाई पहुंचा था। यहां वो 6वीं में पढ़ने वाली छात्रा से मिला। जान-पहचान का फायदा उठाकर वो उसे घूमाने के बहाने उसे जेवरा सिरसा के सुनसान इलाके में ले गया और फिर रेप किया। रेप से नाबालिग की हालत खराब हो गई ।

रायपुर, दुर्ग समेत 4 संभागों में बारिश ने बदला मौसम

बस्तर, बिलासपुर संभाग में हो सकती है बूंदा-बांदी; छत्तीसगढ़ में सरगुजा सबसे ठंडा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में ठंड का असर बना हुआ है। दुर्ग, रायपुर, अंबिकापुर, बिलासपुर, पेंड्रा में रात का तापमान औसत से कम रिकॉर्ड किया गया। मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक अगले 2 दिन में रात का तापमान 2 से 4 डिग्री बढ़ने की संभावना है। इसके बाद न्यूनतम तापमान में कोई खास बदलाव की संभावना नहीं है।

आज रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग और बस्तर संभाग के कुछ जिलों में हल्की बूदां-बांदी के आसार हैं। मौसम विभाग ने यलो अलर्ट भी जारी किया है। शुक्रवार को अंबिकापुर में न्यूनतम तापमान 5.8 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। वहीं, 32. डिग्री के साथ राजनांदगांव सबसे गर्म रहा। अगले 2 दिन में सरगुजा, बिलासपुर संभाग के जिलों में बारिश की संभावना है।

इन जिलों में हो सकती है बारिश

मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक आज रायपुर, बलौदा बाजार, धमतरी, महासमुंद, दुर्ग, बालोद, राजनांदगांव, पेन्ड्रा, मुंगेली, बस्तर, कांकेर, बीजापुर और नारायणपुर जिले में बारिश की संभावना है।

जगदलपुर में रात का पारा औसत से 2 डिग्री ज्यादा : जगदलपुर में दिन और रात का तापमान सामान्य से 2 डिग्री ज्यादा रहा। यहां रात का तापमान 16.3 डिग्री अधिक रहा, जो औसत से 2 डिग्री ज्यादा है। वहीं, दिन का तापमान 31.9 डिग्री रहा, जो औसत से 1 डिग्री ज्यादा है।

पेंड्रा में गिरा दिन और रात का तापमान : पेंड्रा में दिन और दिन का तापमान औसत से कम रिकार्ड किया गया। यहां रात का तापमान 9.6 डिग्री रहा जो औसत से 4 डिग्री कम रहा है। वहीं, दिन का तापमान 26.6 डिग्री रहा जो औसत से 1 डिग्री कम रहा।

सरगुजा संभाग में गिर रहा रात का तापमान

मौसम विभाग के मुताबिक सरगुजा संभाग के जिलों में रात के तापमान में गिरावट का दौर जारी रहेगा। शुक्रवार को अंबिकापुर सबसे ठंडा रहा, यहां न्यूनतम तापमान 5.8 डिग्री रहा। वहीं, सरगुजा में अधिकतम तापमान 27.2 डिग्री रहा।

रायपुर में रात का पारा औसत से कम

रायपुर में शनिवार रात का तापमान औसत से कम रिकॉर्ड किया गया। यहां न्यूनतम तापमान 16.3 डिग्री रहा। वहीं, रायपुर के माना में तापमान 14.9 डिग्री रहा जो औसत से 1 डिग्री कम था। वहीं, दिन का तापमान 31 डिग्री रिकॉर्ड किया गया, जो औसत तापमान से सामान्य रहा।

बिलासपुर में ठंड बरकरार

बिलासपुर में रात का पारा औसत से 2 डिग्री गिरा है। यहां रात का तापमान 12.6 डिग्री पर पहुंच गया जो नॉर्मल टेंप्रेचर से 2 डिग्री कम रहा। वहीं, अधिकतम तापमान 28.4 डिग्री दर्ज किया गया, जो औसत से 1 डिग्री कम रहा।

दुर्ग में गिरा रात और दिन का टेंप्रेचर

दुर्ग में रात और दिन का तापमान औसत से 3 डिग्री गिरा है। शनिवार को दिन का तापमान 29.2 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। वहीं, रात का तापमान 13 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। यहां दिन का तापमान औसत से 1 डिग्री कम और रात का तापमान औसत से 3 डिग्री कम रहा।

अवैध निर्माण-प्लाटिंग पर प्रशासन का चला बुलडोजर

बिलासपुर/नवप्रदेश। तखतपुर राजस्व क्षेत्र में अवैध प्लॉटिंग करने वालों के खिलाफ प्रशासन ने कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है। शहर से सटे इलाकों में अवैध प्लाटिंग करने वाले लोगों के साथ ही प्लाटिंग स्थानों पर बने अवैध निर्माण पर बुलडोजर चलाया गया है।

शहर से लगे पांच ग्रामों की दर्जन भर से ज्यादा अवैध निर्माण को बुलडोजर से ढहा दिया गया। अमेरी, घुरू,लोखंडी, पेंडारी और समलपुरी में कार्रवाई की गई। कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम वैभव के नेतृत्व में अवैध संरचनाओं को धराशायी किया गया। राजस्व और पुलिस साथ थी। प्रमुख रूप से सड़क, नाली और दीवारों को उखाड़ा गया। दोपहर 12 बजे से शाम तक तोड़फोड़ अभियान चला।

गौरतलब है कि शहर से लगे दर्जन भर ग्रामों के लगभग डेढ़ सौ भू स्वामियों को एसडीएम तखतपुर द्वारा नोटिस जारी कर 9 फरवरी को शाम 5 बजे तक जवाब तलब किया गया था। एक भी भू स्वामी अथवा प्लाटर ने निर्धारित समय सीमा तक जवाब नहीं दिया। बिना कॉलोनाइजर लाइसेंस व नगर निवेश विभाग से नक्शा पास कराए उनके द्वारा विभिन्न संरचनाओं का निर्माण शुरू कर दिया गया था जो कि शासन के कई नियमों के विपरीत है। एसडीएम ने कहा कि तोड़फोड़ की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

घर घुसकर मां बेटे को चाकू मारा

रायपुर/नवप्रदेश। शास्त्री नगर फोकटपारा में तीन युवकों ने एक युवक के घर जबरन प्रवेश कर मारपीट कर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर देवेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सैयद तवरेज अली 22 वर्ष शास्त्री नगर फोकटपारा का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी असरफ, भूपेन्द्र व अन्य प्रार्थी के घर का दरवाजा खटखटाए और दरवाजा खोलने पर आरोपियों ने प्रार्थी व उसकी मां वहिदा बेगम से मारपीट कर चाकू मारकर चोट पहुंचाया।

शासन की उदासीनता का शिकार हुआ कलेक्टर बंगले के सामने का पार्क

■ पार्क को सँवारने का जिम्मा उठाया जनसहयोग संस्था ने

काँकेर/नवप्रदेश। महज दो साल पहले करोड़ों की लागत से कलेक्टर बंगले के सामने चिल्ड्रन पार्क बनाया गया था। लेकिन ज़िला प्रशासन और नगरीय प्रशासन की उदासीनता के चलते उक्त पार्क आज बदहाल है।

उजाड़ पड़े चिल्ड्रन पार्क की सुध नगर के नामचीन समाजसेवी संस्था जन सहयोग ने जिम्मा उठाते हुए रविवार को सुबह से ही अपनी टीम के साथ जिसमें अखिल भारतीय पूर्व सैनिक संगठन ने रविवार को स्वच्छता अभियान चलाकर जंगल में तब्दील चिल्ड्रन पार्क की साफ सफाई करते हुए संज्ञान में लिया है।

स्वच्छता अभियान टीम ने बताया कि कलेक्टर बंगला के सामने ही एक बच्चों का पार्क है, जो तहस-नहस हो चुका है। उसकी तबाही का आलम यह है कि पार्क के अंदर झाड़ियां उग आई हैं। झूले आदि टूट चुके हैं। बाउंड्री की लोहे की रेलिंग भी असामाजिक तत्वों ने कई जगह तोड़ दी है। पहले तो बाल उद्यान का बोर्ड तक दिखाई नहीं दे रहा था, वह भी तब दिखा जब ÷जन सहयोग ÷ के साथियों ने अपने अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी के निर्देशन में पार्क की सफ़ाई शुरू कर दी। अंदर की हालत देखने पर पता चला कि यह बच्चों का पार्क अब खंडहर होकर शराबियों का अड्डा बन गया है । सन् 2020 में इस %निको बाल उद्यान % नामक

पार्क को एक प्राइवेट कंपनी ने बच्चों के खेलने के उद्देश्य से बना तो दिया लेकिन फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा। रखरखाव के अभाव में पार्क झाड़ियों के जंगल में परिवर्तित हो गया और बदमाशों का अड्डा बन गया। आज उसकी यह हालत देखकर अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी ने घोषणा कर दी है कि इस पार्क का हम जीर्णोद्धार करेंगे ,चाहे इसकी साफ़ सफ़ाई में कितने ही दिन लग जाएं ,हम लोग यहां परिश्रम करके इसे सुंदर बनाएंगे और यह एक बार फिर बच्चों के खेलने के लिए उपयोगी हो जाएगा। आज कई घंटे तक इस बाल उद्यान की साफ़ सफ़ाई चलती रही, जिसमें भारी मात्रा में कचरा, दारू की बोतलें, गिलास आदि निकाल कर नष्ट किए गए। उल्लेखनीय है कि काँकेर में बच्चों के खेलने योग्य पार्क एक दो ही हैं, जो पर्याप्त नहीं है जयस्तंभ चौक के गांधी उद्यान सहित कई छोटे-बड़े पार्क असामाजिक तत्वों द्वारा नष्ट किये जा चुके हैं। आज के इस स्वच्छता अभियान में अखिल भारतीय भूतपूर्व सैनिक सेवा परिषद जिला कांकेर के संगठन सचिव टी के जैन, सलाहकार अरविंद यादव, संयोग साहू एवं अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे और उन्होंने भी बच्चों के इस पार्क के उद्धार का संकल्प व्यक्त किया। ÷जन सहयोग÷ संस्था के अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी के अलावा बल्लूराम यादव, प्रवीण गुप्ता धर्मेंद्र देव , राजेश चौहान, दिनेश मोटवानी, करण नेताम, भूपेंद्र यादव, धीरज ठाकुर, संत कुमार रजक, संजय सिंह ठाकुर तथा गजेंद्र सिंह गोविल आदि प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ताओं की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। बच्चों के इस तबाहशुदा पार्क को साफ़ सुथरा होते देखकर काँकेर की जनता में प्रसन्नता की लहर दौड़ गई है और आशा की जाती है कि अतिशीघ्र ÷जन सहयोग÷ के प्रयास से पार्क का जीर्णोद्धार हो सकेगा और एक बार फिर यहां खेलते हुए बच्चों की किलकारियां गूंजेगी।

आंध्रप्रदेश के टी रंजीत को बनाया गया डीएमएफ का सदस्य

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। डीएमएफ (डिस्ट्रिक्ट मिनरल फंड) सालाना करोड़ों रुपयों का होता है, जिसका खर्च खनन प्रभावित क्षेत्र को प्राथमिकता में रखते हुए लाल पानी प्रभावित क्षेत्र का विकास करना है। सालों से यह सिलसिला दंतेवाड़ा जिले में चल रहा है। इस पैसे के खर्च में क्षेत्र के लाभ को ध्यान में रखते हुए प्रशासनिक और खनन क्षेत्र के सरपंच, प्रभावित इलाकों के ग्रामीणों से जुड़कर विकास की चर्चा तो करते हैं लेकिन काम कुछ भी नहीं होता।

दरअसल, डीएमएफ शासी परिषद में जिला निर्माण समिति का गठन दंतेवाड़ा जिले में हुआ है उसमें गीदम के जावंगा में आंध्रप्रदेश के रहने वाले टी रंजीत को सदस्य बनाया गया है। यह पोस्टिंग समझ से परे है क्योंकि, टी रंजीत न तो भाजपा पार्टी के सदस्य हैं और न ही वे दंतेवाड़ा जिले के मूल निवासी हैं। एक अस्थाई तौर पर व्यवसाय करने आए व्यापारी कोडीएमएफ पद की महत्वपूर्ण बैठकों का सदस्य बनाना समझ से परे है।

विधायक ने कहा उन्हें जानकारी नहीं

दंतेवाड़ा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 88 के विधायक चैतराम अटामी से ने कहा कि इस विषय में उन्हें कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि, मैं पता करता हूं।

विधायक के इस तरह के बयान से साफ हो रहा है कि, दंतेवाड़ा जिले में हो रहे प्रशासनिक कामों की जानकारी विधायक को नहीं है। या फिर जिम्मेदार अधिकारी अपना उल्लू सीधा करने में लगे हुए हैं।

क्या कहता है नियम

डीएमएफ में सदस्यों की सूची में बस्तर जिले से बाहर के व्यक्ति नियमतः नहीं रखे जा सकते हैं। नियमावली में सबसे पहली प्राथमिकता सरपंच को मिलनी चाहिए यदि सरपंच नहीं है तो उस गांव का कोई जागरूक सदस्य हो जहाँ क्रेशर है। क्योंकि विकास की चर्चा होकर उस पर क्षेत्रीय विकास को विकसित करने के लिए मॉडल तैयार किया जाता है। जो इस जिले का भी नहीं उसे इस क्षेत्र के विकास से क्या सरोकार रहेगा?

ठगी मामले की जांच की धीमी रफ्तार से संदेह

जवाबदेही से बच रहे जांच अधिकारी

सुकमा/नवप्रदेश। ठग लैब टैक्नीशियन की शिकायत के बावजूद जिला प्रशासन ने जांच में देरी की जा रही है। जांच का निष्कर्ष निकालने में अब तक जिला प्रशासन असफल रहा है। आदिवासी बेरोजगार युवाओं से ठगी के मामलों में भी गैर जिम्मेदाराना हरकतों ने जांच अधिकारी की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिया है।

जवाबदेही से बच रहे जांच अधिकारी

नवप्रदेश फालोअप

इस मामले को लेकर जांच अधिकारी द्वारा कोई भी प्रतिक्रिया नहीं दी जा रही है। जिला प्रशासन द्वारा नियुक्त जांच अधिकारी किसी भी प्रकार के जवाबदेही से बच रहे हैं। इससे जांच अधिकारी की कार्यशैली संदेहास्पद हो गई हैं। जांच के आदेश दिए एक महीने बीत चुके हैं लेकिन जांच अधिकारी द्वारा अब तक कोई जांच की रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की गई। इस संबंध में जनप्रतिनिधि जांच अधिकारी पर ठग लैब टैक्नीशियन गोरेनाथ जांगड़े के साथ सांठगाठ कर मामले को दबाने की कोशिश करने का आरोप लगा रहे हैं। उनका कहना है कि साल भर पहले भी इसी प्रकार का लैब टेक्नीशियन द्वारा ठगी का एक मामला सामने आया था। उस वक्त भी वर्तमान जांच अधिकारी ही मामले की जांच कर रही थी। जांच में लैब टैक्नीशियन को क्लीनचिट दे दी गई थी।

> विभागीय अधिकारी महेश सांडिया ने कहा कि शिकायत मिलते ही विभाग अपने स्तर पर भी मामले की जांच कर रहा है। जिसमें शिकायत के आधार पर बैंक ट्रांजेक्शन और संबंधित दस्तावेज एकत्र किए जा रहे हैं। शिकायतकर्ताओं के बयान दर्ज करने के उपरांत मामले में दोषी पाए जाने पर दोषी पर अधिकृत आला अधिकारी को जांच रिपोर्ट सौंप कर कार्यवाही के लिए पत्र प्रेषित किया जाएगा।
>
> **- महेश सांडिया , सीएमएचओ सुकमा**

जिम्मेदार दे रहे बढ़ावा

जन हितैषी बताकर अपना उपलब्धियों के लेकर ढोल पीटने वाली जिला प्रशासन की सक्रियता सिर्फ कागजों में सिमटकर रह गई है। लगातार इस प्रकार के मामले प्रशासन के सामने आते रहे हैं। लेकिन जिला प्रशासन में वैधानिक कार्यवाही का अभाव स्पष्ट नजर आता है। जिला प्रशासन का गैर जिम्मेदाराना रवैया और निष्क्रियता के चलते सुकमा जिला में अब ठग लैब टैक्नीशियन गोरेनाथ जांगड़े जैसे नटवरलाल को पूरा संरक्षण मिल रहा है।